हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, मंगलवार 08 अक्टूबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 187, मूल्य : 2 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe Koylanchal sambad news




PR NO. 338343 (IPRD)24-25

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## संक्षिप्त ख़बरें

### अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त होगा सहरसा स्टेशन, उपलब्ध होंगी उन्नत यात्री सुविधाएं

हाजीपुर, (ईएमएस)। रेलवे स्टेशनों पर विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया गया है। इस प्रयास के तहत एक बड़े कदम के रूप में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। स्टेशन पुनर्विकास का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को संरक्षा, बेहतर एवं सुखद यात्रा अनुभव तथा उन्नत यात्री सुविधाएं प्रदान करना है। स्टेशन पुनर्विकास परियोजना के तहत पूर्व मध्य रेल के 97 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य विभिन्न चरणों में है। इनमें समस्तीपुर मंडल का सहरसा स्टेशन भी शामिल है। सहरसा स्टेशन का पुनर्विकास कार्य लगभग 41 करोड़ रूपए की लागत से किया जा रहा है। पुनर्विकास से संबंधित कार्य पूरा होने के बाद सरहसा स्टेशन पर यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। इस बात की जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र द्वारा जारी विज्ञप्ति में दी गई है। इसमें बताया गया है कि स्टेशन को अत्याधुनिक सुविधा से सुसज्जित करते हुए सहरसा स्टेशन के नए भवन में आकर्षक फसाड लगाए जाएंगे। एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर सुगम आवागमन हेतु 12 मीटर चौड़ा पैदल ऊपरी पुल (एफओबी) का प्रावधान किया जाएगा जो लिफ्ट और एस्केलेटर से युक्त होगा। सभी श्रेणी के प्रतीक्षालयों में पर्याप्त यात्री सुविधाएं उपलब्ध होंगी। लगभग 4770 स्क्वायर मीटर में पार्किंग एरिया का निर्माण किया जाएगा साथ ही सर्कुलेटिंग एरिया का विकास भी किया जाएगा।स्टेशन पर आगमन एवं प्रस्थान के लिए प्रवेश और निकास द्वार ऐसे होंगे, जिससे यात्रियों को भीड़-भाड़ का सामना नहीं करना पड़े। दिव्यांग अनुकूल शौचालय के निर्माण के साथ ही दिव्यांग यात्रियों के लिए सभी प्रकार की सुविधाओं का प्रावधान किया जाएगा। इससे आम यात्रियों के साथ वरिष्ठ नागरिक विशेष रूप से लाभान्वित होंगे। आने वाले दिनों में स्टेशन को पूरी तरह से हाईटेक लुक देते हुए यात्रियों को सभी सुविधाएं मिलनी शुरू हो जाएंगी। स्टेशन भवन का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा।

### केंद्रीय मंत्री मांझी के घर का चूहा पहुंच गया तेजप्रताप यादव के बंगले में

पटना (ईएमएस)। लालू परिवार और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के बीच फिर जुबानी जंग शुरू हो गई है। इस बार दोनों ओर से चूहे को लेकर बयानबाजी जारी हैं। इसकी शुरुआत लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव ने की। तेजप्रताप ने कहा कि मेरे आवास के बगल में मांझी जी का आवास है। उनके बेटे संतोष जी का घर है। उनके आवास से चूहा निकलकर मेरे यहां लगाए पौधों को नुकसान पहुंचाता है।वे चूहा पकड़ते नहीं हैं, उनके यहां चूहा बहुत है। इससे जुड़ा वीडियो वायरल होने के बाद केंद्रीय मंत्री मांझी ने इसका जवाब दिया। मांझी ने लिखा कि हम मुसहर परिवार के लोग हैं। हम गर्व से कहते हैं कि हम चूहा पकड़ते भी हैं और चूहा खाते भी हैं, इसलिए हमारे घरों और झोपड़ियों में छोड़ दीजिए.....हमारे आस-पास भी चूहा नहीं भटकता। उन्होंने कहा कि वैसे अब लालू जी ने चूहा खाना छोड़ दिया है, यदि उनके यहां कोई चूहा ज्यादा उछल रहा है, तब हमारे यहां भेज दें हम दो मिनट में उसका काम तमाम कर दिया जाएगा। मालूम हो कि इसके पूर्व राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और जीतन राम मांझी के बीच यादव और गड़ेरी जाति को लेकर विवाद हुआ था। केंद्रीय मंत्री मांझी ने कहा था कि लालू कहकर दिखाएं कि वह गड़ेरी हैं। इस पर लालू ने पलटवार कर कहा था कि ऊ (मांझी) मुहसर है क्या? इसके जवाब में मांझी ने कहा था कि हमारा पूरा खानदान ही मुहसर-भुईयां है।

### अचानक ही फ्लाइट में चलने लगी एडल्ट फिल्म, फिर हुआ क्या

पटना (ईएमएस)। पटना के रेलवे स्टेशन का मामला याद है, जब वहां पर अचानक गंदी फिल्म चलने लगी थी। करीब 3 मिनट तक दर्जनों टेलीविजन चैनल पर एडल्ट फिल्म चलती रही, जिससे लोगों ने हंगामा कर दिया। कुछ ऐसा ही मामला फिर से चर्चा में है, इस बार रेलवे स्टेशन की जगह एक फ्लाइट है।

दरअसल, मामला सिडनी से जापान जा रही फ्लाइट का था। अचानक फ्लाइट की इन-फ्लाइट एंटरटेनमेंट सिस्टम में गंदी फिल्म चलने लगी। अपने परिवार के साथ बैठे यात्रियों को भी समझ नहीं आया कि यह क्या हुआ। स्क्रीन पर एक अश्लील फिल्म ने खासकर परिवार और बच्चों के साथ यात्रा करने वालों में असहजता फैला दी।रिपोर्ट्स के अनुसार, एक यात्री ने बताया कि इस फिल्म को रोकना, स्क्रीन डिम करना या बंद करना संभव नहीं था। हैरानी की बात यह है कि यह फिल्म चली ही जा रही थी, और हमें अपने परिवार के साथ खुद की आंखें बंद करने के अलावा कोई रास्ता नहीं दिख रहा था। उन्होंने बताया कि फिल्म को बदलने में लगभग एक घंटे का वक्त लग गया।यात्रियों का कहना है कि फिल्म देखते समय सभी को काफी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। कांटस एयरलाइंस ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि उनकी इन-फ्लाइट एंटरटेनमेंट सिस्टम में तकनीकी गड़बड़ी आई थी, जिससे यात्रियों के पास फिल्म चुनने का विकल्प खत्म हो गया था।कांटस ने बताया कि जब क्रू को समझ में आया कि फिल्म सभी उम्र के यात्रियों के लिए उपयुक्त नहीं है, तब उन्होंने स्थिति को सुधारने की कोशिश की। वहीं एयरलाइन कंपनी कांटस के प्रवक्ता ने घटना पर माफी मांग कर कहा कि ऐसी स्थिति में वे हमेशा परिवार के अनुकूल फिल्म चलाने की कोशिश करते हैं।

### एग्जिट पोल को लेकर लालू ने कांग्रेस की जीत को बताया पीएम मोदी की हार

पटना,(ईएमएस)। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने एग्जिट पोल का हवाला देते हुए कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत को पीएम नरेन्द्र मोदी की हार के रूप में देखा जाना चाहिए। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए लालू यादव ने कहा कि यह नरेन्द्र मोदी की पराजय है। संप्रग सरकार में रेल मंत्री रहे लालू प्रसाद के अपने मंत्रित्वकाल में हुए नौकरी के बदले जमीन घोटाले के सिलसिले में सोमवार को दिल्ली की एक अदालत में पेश होना है। वहीं लालू की बड़ी बेटी और लोकसभा सदस्य मीसा भारती ने एग्जिट पोल के बारे में पत्रकारों से कहा कि मैं इसे इंडिया गठबंधन की जीत के रूप में देखती हूं, जिसका हमारी पार्टी हिस्सा है। हरियाणा में जनता की सरकार बनने जा रही है।बता दें कि बीजेपी ने लगातार दो बार हरियाणा पर शासन किया है। राज्य में मंगलवार को वोटों की गिनती होनी है। शनिवार को आए कई एग्जिट पोलों ने हरियाणा में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलने का अनुमान जताया है।

### नदी में डूबने से 4 किशोरों की मौत



कटिहार (ईएमएस)। बिहार के कटिहार में नदी में नहाने के दौरान 4 किशोरों की डूबने से मौत हो गई। घटना से इलाके में मातम का माहौल है।यह घटना जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र के समेली हॉल्ट के समीप की हैं। जहां सभी पीड़ित नदी में नहाने गए थे कि इसी दौरान अनियंत्रित होकर एक एक कर सभी गहरे पानी में डूब गए। आसपास के लोग जब तक मदद को दौड़ते तब तक काफी देर हो चुकी थी। ग्रामीणों की मदद से सभी शवों को पानी से जैसे तैसे बाहर निकाला। इस मौके पर मुखिया राजेश मंडल ने कहा कि सभी पीड़ित चकलामौलानगर पंचायत के रहने वाले हैं और सभी एक ही बस्ती के हैं। फिलहाल पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेज दिया है। इस घटना के बाद बच्चों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।बता दें कि रोहतास में भी सोन नदी में नहाने के दौरान 6 बच्चों की डूबकर मौत हो गई। इसी बीच कटिहार में भी डूबने से 4 किशोरों की मौत हो गई। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रोहतास में 6 और कटिहार में 4 बच्चों के नहाने के दौरान डूबने से हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। सभी मृतकों के आश्रितों को 4-4 लाख रुपए की अनुग्रह राशि अविलम्ब उपलब्ध कराने के मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये हैं।

# कोसी का तटबंध सरकार की आपराधिक लापरवाही के कारण टूटा

दरभंगा (ईएमएस)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी (भाकपा-माले) के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि कोसी का तटबंध सरकार की आपराधिक लापरवाही के कारण टूटा है। दरभंगा जिले के गांव जहां इस बार कोसी का तटबंध टूटा है उस कटाव स्थल पर माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य पार्टी नेताओं की एक टीम के साथ पहुंचे और बाढ़ से प्रभावित लोगों से मुलाकात की एवं उससे हुए नुकसान और सरकार के राहत-बचाव कार्य का जायजा लेकर लौटने के बाद मीडिया से बात की।भाकपा-माले महासचिव ने कहा कि पूरा उत्तर-पूर्व बाढ़ की तबाही झेल रहा है हजारों लोग बेघर हो गए हैं, लेकिन बिहार की भाजपा-जनता दल यूनाईटेड (जदयू) सरकार 7 हजार रुपए की मामूली सहायता देकर अपनी



जिम्मेवारी से मुक्त हो गई है। उन्होंने कहा कि इससे भी निंदनीय यह है कि सीएम नीतीश कुमार जी बाढ़ सहित राज्य की अन्य समस्याओं पर फोकस करने की बजाय 2025 के चुनाव की योजना बना रहे हैं। इससे साफ जाहिर है कि उन्हें जनता की नहीं बल्कि अपनी कुर्सी की चिंता है। उन्होंने कहा कि कोसी के तटबंधों का भाजपा-नीतीश सरकार में 2 बार टूटना यह सरकार की आपराधिक लापरवाही को दर्शाता है। आत्ममुग्ध सरकार जमीनी हकीकत से पूरी तरह कट सी गई है। जिन लोगों के घर ध्वस्त हो गए हों उन परिवारों के लिए 7 हजार राहत की घोषणा ऊंट के मुंह में जीरा जैसी है। औराई में राहत मांग रहे लोगों पर लाठीचार्य निंदनीय है। बाढ़ की तबाही को देखते हुए सरकार को खुद पहल कर सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए थी और राहत, फसल क्षति मुआवजा व बाढ़ के स्थायी समाधान पर बातचीत करनी चाहिए थी। इस दिशा में सरकार का कोई विचार नहीं है।भट्टाचार्य ने कहा कि बाढ़ से दरभंगा, मधुबनी, सहरसा और समस्तीपुर जिले के करीब 50 हजार वर्ग किलोमीटर के दायरे में हजारों परिवार बुरी तरह प्रभावित हैं। जहां तटबंध टूटा है वहां बस्तियां डूब गई हैं। वहां एक दो ही घर बचे हैं। दर्जनों रोड, पुल पुलिया और संपर्क पथ ध्वस्त हो गए हैं। स्कूलों के कैम्पस में पानी भरा है। फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है और रबी फसल होने की भी कोई उम्मीद नहीं है। माल मवेशी का भारी नुकसान हुआ है। बचे मवेशियों के सामने चारे का संकट है। बाढ़ पीड़ति भी भोजन और इलाज का संकट झेल रहे हैं।

### महागठबंधन के मुकेश सहनी ने सीएम नीतीश के शराबबंदी का किया समर्थन

सुपौल : वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी सोमवार को सुपौल पहुंचे। जहां उन्होंने जिला मुख्यालय स्थित होटल आरके पैलेस में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती और विस्तार सहित 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। वही बैठक के बाद उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान मुकेश सहनी ने डिप्टी सीएम के पद पर दावा ठोका। कहा कि निषाद आरक्षण को लेकर वह लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार निषादों को उनके हक से वंचित कर रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में उन्होंने पार्टी के चार उम्मीदवारों को जीत दिलाई थी। इस बार 40 की तैयारी है। जब पार्टी के 40 विधायक होंगे तो सरकार भी अपनी होगी। तब निषादों को उनका हक मिल कर रहेगा। मुकेश सहनी ने कहा कि वह इंडिया गठबंधन के साथ मजबूती से खड़े हैं और अगले विधानसभा चुनाव के बाद तेजस्वी यादव का सीएम बनना तय है।

## राहतः लैंड फॉर जॉब मामले में लालू परिवार को मिली जमानत

पटना(ईएमएस)। लंबे समय से राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के लिए मुसीबत बना हुआ है। सीबीआई और ईडी की जांच का सामना कर रहे लालू परिवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और तेजप्रताप यादव समेत 8 आरोपियों को बड़ी राहत देते हुए 1 लाख के निजी मुचलके पर जमानत देने का आदेश दिया है। वहीं कोर्ट ने सभी आरोपियों को पासपोर्ट जमा कराने का भी आदेश दिया है। उस दौरान सभी आरोपियों को भारत में ही रहना होगा। वहीं इससे पहले लालू यादव, तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव के कोर्ट में पेशी के दौरान उनके समर्थक लालू यादव के समर्थन में नारे लगाते दिखे। समर्थकों का कहना था कि हमें भगवान और न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। न्यायालय से हमें न्याय मिलेगा। इस मामले में अब अगली सुनवाई 25 अक्टूबर को होगी।बता दें, लैंड फॉर जॉब मामले में सभी





आरोपियों की तरफ से जमानत की अर्जी दाखिल की गई थी। कोर्ट को जानकारी दी गई कि समन की तामील करते हुए सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है।

#### ये था मामला

लैंड फॉर जॉब मामले में आरोप के अनुसार, रेल मंत्री रहते हुए लालू प्रसाद ने भारतीय रेलवे के 11 जोन में ग्रुप डी की बहालियों में भ्रष्टाचार किया था और लोगों की जमीनें और फ्लैट लेकर उन्हें रेलवे में नौकरी दी थी। इस मामले की सीबीआई और ईडी दोनों एजेंसी जांच कर रही है। जांच में यह बात सामने आई है कि लालू ने अपने और अपने परिवार के लोगों के नाम पर इन जमीनों की रजिस्ट्री कराई थी। इस केस में सीबीआई और ईडी ने इस मामले में लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती, दूसरी बेटी हेमा यादव, तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव समेत कई लोगों को आरोपी बनाया है।

## 5वें दिन माता स्कंदमाता की भक्ति में डूबे श्रद्धालु



मुजफ्फरपुर : नवरात्र के पावन पर्व के पांचवें दिन मुजफ्फरपुर जिले के मंदिरों में देवी स्कंदमाता के दर्शन और पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। आदि शक्ति दुर्गा के इस विशेष रूप की पूजा आज सोमवार को पूरे विधि-विधान के साथ की जा रही है। नौ दिनों तक चलने वाले इस महापर्व के दौरान भक्त हर दिन माता के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा करते हैं। आज, नवरात्र के पांचवे दिन माता स्कंदमाता की उपासना का विशेष महत्व है, जिससे भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होने की मान्यता है।

#### मां छिन्मस्तिका देवी मंदिर में उमड़ा आस्था का जन सैलाब

मुजफ्फरपुर के कांटी प्रखंड क्षेत्र स्थित मां छिन्मस्तिका देवी मंदिर में आस्था का विशाल जन सैलाब देखने को मिला। अहले सुबह से ही मंदिर के पट खुलते ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तगण देवी की पूजा-अर्चना कर रहे हैं, उनके दर्शन कर आशीर्वाद ले रहे हैं और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना कर रहे हैं। मंदिर में श्रद्धालु फूल, फल, प्रसाद और चढ़ावा अर्पित कर माता स्कंदमाता से सुख-शांति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

#### विशेष पूजा का महत्व

पांचवें दिन माता के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा का विशेष महत्व है। कहा जाता है कि इस रूप की पूजा से भक्तों को शांति, समृद्धि और धन-धान्य की प्राप्ति होती है। मुजफ्फरपुर का प्रसिद्ध छिन्मस्तिका मंदिर, जो झारखंड के रजरप्पा मंदिर के तर्ज पर बनाया गया है, आज श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ है। भक्तों का कहना है कि इस मंदिर में दर्शन और पूजा से उनकी सभी इच्छाएं पूरी हो जाती हैं।

#### मंदिर प्रशासन की विशेष व्यवस्था

मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। मंदिर में भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए स्वंयसेवकों की टीमें तैनात की गई हैं। प्रसाद, फूल और नैवेद्य चढ़ाने के लिए भी पुरोहितों की मदद उपलब्ध है। मंदिर प्रशासन ने सुनिश्चित किया है कि पूजन में किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी भक्त सुचारू रूप से देवी के दर्शन कर सकें।

## 33 पंचायतों के 30 हजार परिवार बाढ़ से हुए प्रभावित

सुपौल : बीते दिनों नेपाल प्रभाग में हुई भारी बारिश के बाद कोसी नदी उफान पर थी। जिला प्रशासन के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार जिले के 5 प्रखंडों के 31 पंचायत इस दौरान बाढ़ से प्रभावित हुए। हालांकि, अब जिला प्रशासन ने बाढ़ प्रभावितों का नया आंकड़ा जारी किया है। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने सोमवार को कार्यालय वेश्म में प्रेसवार्ता कर बताया कि आंशिक रुप से प्रभावित दो अन्य पंचायतों को भी बाढ़ प्रभावित पंचायतों की सूची में जोड़ा गया है। जिसके बाद 33 पंचायत के कुल 264 वार्ड के 25592 परिवार की सूची बन कर तैयार है। बुधवार से इन पीड़ितों के खाते में राशि का भुगतान शुरू हो जाएगा। सीएम नीतीश कुमार भुगतान की शुरुआत कर सकते हैं। डीएम ने बताया कि पुरानी सूची में 24534 परिवार थे। पीड़ित परिवारों का आंकड़ा बढ़ कर 30 हजार तक हो सकता है। पीड़ित परिवारों को आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधान के अनुसार 7 हजार रुपए की दर से सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि सदर प्रखंड के 8 पंचायत के 76, किशनपुर के 9 पंचायतों के 89, सरायगढ़-भपटियाही के 6 पंचायत के 52, निर्मली के 4 पंचायत के 21 एवं मरौना प्रखंड के 6 पंचायतों के 26 वार्ड बाढ़ से प्रभावित हुए। इन इलाकों में जिला प्रशासन की ओर से फिलहाल 241 नाव का परिचालन किया जा रहा है, जिसे आगे की परिस्थितियों के अनुसार घटाया जाएगा।

#### 34 सामुदायिक रसोई केंद्र का हो रहा संचालन

डीएम ने बताया कि फिलहाल जिले में कुल 34 सामुदायिक रसोई केन्द्र संचालित हैं। जहां अब तक 860118 लोगों को भोजन कराया गया है। निर्मली एवं मरौना में सामुदायिक रसोई केन्द्र बंद कर दिया गया है। वहीं किशनपुर में 28, सदर में 4 एवं सरायगढ़-भपटियाही में 2 रसोई केन्द्र संचालित हैं। प्रशासन की ओर से बाढ़ पीड़ितों के बीच 48263 सूखा राशन पैकेट और करीब 47 हजार पॉलिथीन सीट का वितरण किया गया है। सदर प्रखंड में 75.12 एवं किशनपुर में 71.09 क्विंटल पशुचारा का वितरण किया गया है।

#### तटबंध के बाहर भी सीपेज की वजह से हुई फसल क्षति

डीएम ने बताया कि कोसी नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद तटबंध के बाहरी इलाकों में भी सीपेज की समस्या उत्पन्न हुई। जिस वजह से फसलों का काफी नुकसान हुआ है। लिहाजा, बाढ़ से हुई फसल क्षति के सर्वे में इन इलाकों को भी शामिल किया गया है। अब तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सदर प्रखंड के 10 पंचायत में 6404, किशनपुर के 9 पंचायत में 4728, सरायगढ़-भपटियाही के 9 पंचायत में 4122, मरौना के 5 पंचायत में 2576 और निर्मली में नगर पंचायत सहित कुल 8 पंचायत में 4643 हेक्टेयर में लगी फसल प्रभावित हुई। इसमें सदर प्रखंड में 4255, किशनपुर में 3317, सरायगढ़-भपटियाही में 1980, मरौना में 1694 और निर्मली में 2976 हेक्टेयर में लगी फसल 33 फीसदी से अधिक बर्बाद हुई। डीएम ने बताया कि अगले एक-दो दिनों में फसल क्षति के लिए कृषि विभाग का पोर्टल खुल जाएगा। जिसके बाद पीड़ित किसान आवेदन कर सकते हैं। विभागीय निर्देशानुसार किसानों को 17 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से फसल क्षति का मुआवजा डीबीटी के माध्यम से दिया जाएगा। एक किसान को अधिकतम 2 हेक्टेयर का मुआवजा मिलेगा। फसल क्षति मुआवजा भुगतान में 24 करोड़ रुपए से अधिक खर्च का अनुमान है।

### शिक्षक की मौत मामले में नाराज ग्रामीणों ने पुलिस पर किया हमला

जहानाबाद : जहानाबाद जिले के घोसी थाना क्षेत्र के कोरा गांव में रविवार देर शाम एक सड़क के बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंची। इस दौरान नाराज ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में एक महिला पुलिसकर्मी सहित कुल चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां महिला पुलिसकर्मी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। घटना को बताया जा रहा है कि घोसी थानाक्षेत्र के कोरा गांव में बाइक और साइकिल की टक्कर में एक शिक्षक की मौत हो गई थी। इस हादसे से नाराज होकर ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया था। सूचना मिलने पर डायल 112 की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस के देर से आने का आरोप लगाते हुए उन पर हमला कर दिया। इस हमले में एक महिला पुलिसकर्मी सहित चार पुलिसकर्मी घायल हो गए।

## डीएम ने इन अधिकारियों पर कर दी बड़ी कार्रवाई कहा, अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं

पटना : पटना में जिला समन्वय समिति की बैठक में नहीं आने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई हुई है। जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने इन अधिकारियों का वेतन रोक दिया और इनके खिलाफ कारण बताओ नोटिस भी जारी कर दिया। पटना के डीपीआरओ लोकश कुमार झा के अनुसार, जिला समन्वय समिति की बैठक में तीन अंचल अधिकारी, पांच बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, दो भूमि सुधार उप समाहर्ता तथा पांच जिला-स्तरीय पदाधिकारी अनुपस्थित थे। जिलाधिकारी ने इन सभी पदाधिकारियों का आज का वेतन अगले आदेश तक अवरुद्ध करते हुए सभी से स्पष्टीकरण किया है। उन्होंने कहा कि यदि उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया तो उनके विरुद्ध विभागीय तथा अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### लंबित परिवादों की कुल संख्या 2,327

जिलाधिकारी द्वारा लोक शिकायत निवारण एवं आरटीपीएस से संबंधित मामलों की समीक्षा की गयी। सभी लोक प्राधिकारों एवं अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने का निदेश दिया गया। समीक्षा में पाया गया कि जिला में लोक शिकायत निवारण में विगत एक सप्ताह में 262 मामलों को निष्पादित किया गया है जबकि 233 परिवाद प्राप्त हुआ था। विगत 30 कार्य दिवस से अधिक लंबित मामलों की संख्या 469; विगत 45 कार्य दिवस से अधिक लंबित मामलों की संख्या 253 तथा विगत 60 कार्य दिवस से अधिक लंबित मामलों की संख्या 01 है। लंबित परिवादों की कुल संख्या 2,327 है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को इन लंबित मामलों को निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादन करने का निदेश दिया।

#### अतिक्रमण वाद के 424 मामले लंबित

बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम अन्तर्गत अतिक्रमण वाद के 424 मामले निष्पादन हेतु लंबित हैं। इसमे श्रेणी-सी में अतिक्रमण के 88 मामलों में अंचल अधिकारियों से प्रतिवेदन प्राप्त होना शेष है। इसमें दो अंकों में लंबित अंचलों में दानापुर में 21, बिहटा में 21, पुनपुन में 19, तथा धनरूआ में 11 मामले निष्पादन हेतु लंबित है। बाढ़, दुल्हिनबाजार, पालीगंज, मोकामा, पंडारक, बख्तियारपुर, बेलछी, घोसवरी, मनेर, अथमलगोला, खुशरूपुर, दनियावां तथा फतुहा अंचलों में यह शून्य है। बाकी अंचलों में लंबित मामलों की संख्या सिंगल डिजिट में है। जिलाधिकारी द्वारा विशेष रूचि लेकर इसका निष्पादन करने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रेणी-सी के तहत सभी अंचलों में अतिक्रमण के शून्य मामले लंबित रहना चाहिए।जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 तथा बिहार।

### स्वास्थ्य मंत्री ने विपक्षी नेता पर हमला करते हुए उनके बयान को निरर्थक कहा है

पटना (ईएमएस)। बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने विपक्षी नेता पर तीखा हमला करते हुए उनके बयान को निरर्थक कहा है। उन्होंने कहा कि रेलवे की संपत्ति बेचकर अटूट संपत्ति बनाने वाले व्यक्ति को ऐसे बयान देने का अधिकार नहीं है। खासकर जब उस पर कई मामले लंबित हैं। पांडे का यह बयान विपक्ष द्वारा राज्य सरकार की नीतियों पर की गई आलोचनाओं के जवाब में आया है।बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने विपक्ष के नेता पर करारा हमला करते हुए उनके ताजा बयान को अप्रासंगिक करार दिया। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति ने रेलवे की जमीन बेचकर अपनी अटूट संपत्ति बनाई हो और अपने परिवार को रेलवे की संपत्ति के दम पर आगे बढ़ाया हो उस व्यक्ति के बयानों का कोई औचित्य नहीं है। मंगल पांडे ने कहा कि रेल मंत्री के रूप में रहते हुए उन्होंने जो कार्य किए आज वही उनके लिए सवाल खड़े कर रहे हैं। यदि उस समय उन्होंने यह सब ध्यान में रखा होता तो आज उन्हें यह स्थिति नहीं देखनी पड़ती। मंगल पांडे ने कहा कि जिस व्यक्ति पर पहले से ही कई मामले चल रहे हों वह जनता के सामने ऐसे बयान देकर भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहा है।

### 6 बच्चों की डूबने से मौत पर सीएम नीतीश ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना (ईएमएस)। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने रोहतास जिले के तुंबा गांव में सोन नदी में नहाने के दौरान डूबने से 6 बच्चों तथा कटिहार जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र के सरैया ढाला के पास नदी में नहाने के दौरान 4 बच्चों की डूबने से हुयी मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।सीएम ने कहा कि यह दुर्घटना काफी दुःखद है और वे इस घटना से मर्माहत हैं। सीएम ने बिहार के सभी मृतकों के आश्रितों को 4-4 लाख रूपये की अनुग्रह राशि अविलम्ब उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। सीएम नीतीश ने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### इस्कॉन मंदिर में दो गुटों में हुई जमकर मारपीट

पटना, (ईएमएस)। पटना के इस्कॉन मंदिर में रविवार शाम को दो गुटों में जमकर मारपीट होने की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि भागलपुर इस्कॉन मंदिर से आए ब्रह्मचारियों के साथ मारपीट की गई। आरोप है कि पटना इस्कॉन मंदिर के अध्यक्ष ने भागलपुर के ब्रह्मचारियों को बैठक के लिए बुलाया था। इसी दौरान विवाद होने पर उनके इशारे पर ही बाउंसरों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची। उधर भागलपुर इस्कॉन मंदिर से आए ब्रह्मचारियों ने इस घटना को लेकर पुलिस थाना में शिकायत की है। बताया गया है कि पुलिस को ब्रह्मचारियों ने बताया कि मंदिर के अध्यक्ष मंदिर परिसर में कई तरह के अनैतिक काम कर रहे हैं। इस संबंध में उन लोगों ने संस्था अथॉरिटी में शिकायत की थी। इसी मामले में मंदिर के अध्यक्ष ने हमें बैठक के लिए बुलाया था और यहां आने पर उनके साथ मारपीट की गई। ब्रह्मचारियों के मुताबिक मंदिर अध्यक्ष का एक आपत्तिजनक वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। बाद में ब्रह्मचारियों ने पुलिस पर भी मंदिर अध्यक्ष के साथ मिली भगत का आरोप लगाया। ब्रह्मचारियों ने कहा कि मारपीट के चलते उनके शरीर पर चोट के निशान पड़ गए हैं। जिसे उनलोगों ने पुलिस को दिखाया लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। हालांकि पटना पुलिस के उपायुक्त (कानून व्यवस्था) कृष्ण मुरारी प्रसाद कहते हैं कि मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके मुताबिक आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर, पटना इस्कॉन मंदिर प्रबंधन ने दावा किया कि जो वीडियो इस समय सोशल मीडिया में वायरल किया जा रहा है, वह करीब छह साल पुराना है। उस समय एक साजिश के तहत मंदिर के अध्यक्ष को आपत्तिजनक मामले में फंसाने की कोशिश की गई थी।

हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, मंगलवार 08 अक्टूबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 187, मूल्य : 2 रुपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube
Subscribe
Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### राज्य सरकार ने 19 अंचल अधिकारियों का किया तबादला

रांची : सोमवार को राज्य सरकार ने 19 अंचल अधिकारियों का तबादला किया है, भू-राजस्व विभाग के द्वारा इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है. ताला तोड़कर चार्ज लेने बाद चर्चा में आए रांची के नामकुम अंचल के पद पर पदस्थापित अंचल अधिकारी राम प्रवेश को गुमला जिले के डुमरी अंचल का अंचल अधिकारी बनाया गया है.

### पीएम ने जाना पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के स्वास्थ्य का हाल



रांची : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन कर पूर्व सीएम चंपाई सोरेन की स्वास्थ्य की जानकारी ली. चंपाई सोरेन को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है. उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि ईश्वर तथा पुरखों की कृपा, डॉक्टरों के अथक प्रयास और आप सभी की प्रार्थना एवं आशीर्वाद से मुझे अस्पताल से छुट्टी मिल गई है. शुभेच्छाओं के लिए आप सभी को धन्यवाद. बताते चलें कि रविवार को चंपाई सोरेन की तबियत अचानक खराब हो गई थी, जिसके बाद उन्हें जमशेदपुर के टीएमएच में एडमिड कराया गया था. तबियत खराब होने के कारण वे साहेबगंज नहीं जा पाए थे.

### डब्ल्यूएचओ की दक्षिण पूर्व एशिया समिति के अध्यक्ष बने जेपी नड्डा

**सम्मेलन में गिनाईं भारत की उपलब्धियां**

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की दक्षिण पूर्व एशिया की क्षेत्रीय समिति के 77वें सत्र का अध्यक्ष चुना गया है। दिल्ली में हो रहे इस समिति के वार्षिक सम्मेलन में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर भारत सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। क्षेत्रीय समिति सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार ने दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शुरू की है। इसमें 12 करोड़ से ज्यादा परिवार शामिल हैं। हर परिवार को छह हजार अमेरिकी डॉलर का वार्षिक अस्पताल में भर्ती लाभ प्रदान किया जाता है। भारत स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल स्वास्थ्य क्षेत्र में एक प्रकाश के रूप में भारत डब्ल्यूएओ की एक पहल के जरिये तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करके आयुष्मान डिजिटल भारत, ई-संजीवनी, आईएचआईपी और सक्षम जैसे अपनी नई पहल लागू करने के लिए तैयार है। जिसे जी-20 के दौरान लॉन्च किया गया था।

### बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद, बड़ी घटना को अंजाम देने वाले थे नक्सली

गढ़वा : जिले के बड़गड़ थाना क्षेत्र के बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के थलिया गाँव में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 172वीं वाहिनी के जवानों ने एक बड़ी नक्सली साजिश को नाकाम कर दिया। बता दें कि कमाण्डेन्ट-172 नृपेन्द्र कुमार सिंह वाहिनी के दिशा-निर्देशों पर विशेष अभियान चलाया गया था। जिसमें ऑपरेशन दल को थलिया गाँव के इलाके में सर्च ऑपरेशन का कार्य सौंपा गया था। अभियान के दौरान जब जवान गाँव की जाँच कर रहे थे तभी उनकी नजर संदिग्ध जगहों पर पड़ी संभावित आईईडी की जानकारी दी। सुरक्षाबलों ने उक्त स्थान की सावधानीपूर्वक तलाशी ली, जिसमें एक घने पेड़ के बीचो-बीच दो ग्रेनेड और 06 डेटोनेटर बरामद किए गए। यह सूचना तुरंत कमाण्डेन्ट को दी गई। कमाण्डेन्ट के निर्देश पर ऑपरेशन टीम ने निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए और सुरक्षा घेरे के तहत विस्फोटक सामग्रियों को सुरक्षित तरीके से बरामद किया।

### सीएम हेमंत ने पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई की तबीयत पर जतायी चिंता

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की रविवार अचानक तबीयत खराब हो गई। जिसके बाद उनको टीएमएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चम्पाई सोरेन जब साहिबगंज दौरे पर थे तभी उनकी तबीयत बिगड़ी। उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद यह दौरा रद्द कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मधुमेह की बीमारी के कारण उनकी तबीयत बिगड़ी है। चम्पाई सोरेन की तबीयत बिगड़ने की खबर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। हेमंत सोरेन ने एक्स पर एक पोस्ट किया है। सीएम ने अपने पोस्ट में लिखा- मरांग बुरु से चंपई दा को जल्द स्वास्थ्य लाभ देने की प्रार्थना करता हूँ। साथ ही उनके दीर्घायु जीवन की कामना करता हूँ। फिलहाल चम्पाई सोरेन को अस्पताल से छुट्टी मिल गयी है। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद चम्पाई सोरेन ने एक्स पर पोस्ट कर अपने सभी शुभेच्छुओं का धन्यवाद किया। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा- ईश्वर तथा पुरखों की कृपा, डॉक्टरों के अथक प्रयास और आप सभी की प्रार्थना एवं आशीर्वाद से मुझे अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। शुभेच्छाओं के लिए आप सभी को धन्यवाद !

### सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने गिरिडीह डीसी के खिलाफ खोला मोर्चा

**सात दिनों के अंदर घुसपैठिये की रिपोर्ट मांगी**

रांची : सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने गिरिडीह डीसी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. उन्होंने सोमवार को फिर से डीसी को पत्र लिखा है. डीसी को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि सांसद के पत्र की अवहेलना करना आपकी कार्यशैली का अंग बन गया है. पर्यावरण के प्रति आपका आचरण और नदियों के साथ प्राकृतिक जलस्रोतों पर अवैध अतिक्रमण जैसे गंभीर विषय पर आपने कोई जवाब नहीं दिया. दो माह से भी ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी मांगी गयीं सूचनाएं अब तक उपलब्ध नहीं करायी गयी. प्रशासनिक लापरवाही और जानबूझ कर सांसद के पत्र की अवहेलना करना आपकी कार्यशैली का अंग बन चुका है. लिखा कि पांच दिनों के अंदर मेरे द्वारा मांगी गयी सूचनाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें.

आपका मेरे प्रश्नों का उत्तर ना देना आपके खिलाफ न्यायिक समीक्षा में अभिलेख के रूप में देखा जायेगा. मैं बिना पूर्वाग्रह के आप से सकारात्मक प्रति-उत्तर की अपेक्षा रखता हूं.

**मॉब लिंचिंग और उत्पाद सिपाही बहाली में मृतकों के परिजनों को मिली सहायता**

# सीएम ने 1.82 करोड़ की बांटी राशि

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मॉब लिंचिंग के 28 पीड़ितों तथा झारखंड उत्पाद सिपाही बहाली के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के शिकार हुए 15 युवाओं के आश्रित/परिजनों को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की. प्रोजेक्ट भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मॉब लिंचिंग की घटना में घायल एक व्यक्ति के आश्रित को एक लाख की आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान की गई. मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023 में रांची जिले के ओरमांझी थाना अंतर्गत मॉब लिंचिंग की घटना में मृत स्व मिथुन सिंह खेरवार की पुत्री सोनाक्षी कुमारी को पांच लाख रुपये का चेक सौंपा. इस क्रम में सीएम ने पीड़ित परिवारों के बीच कुल एक करोड़ 82 लाख रुपये का वितरण किया. मौके पर मंत्री हफीजुल हसन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार, डीजी पुलिस मुख्यालय आरके मल्लिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

#### नौजवानों की मौत की जांच के लिए केंद्र सरकार से आग्रह

हेमंत सोरेन ने कहा कि उत्पाद सिपाही बहाली प्रक्रिया के दौरान हमारे 15 नौजवानों की मृत्यु की घटना को राज्य सरकार ने काफी गंभीरता से लिया है. हमारी सरकार ने केंद्र सरकार को पत्र लिख कर डॉक्टरों की एक बड़ी टीम से इन घटनाओं की विस्तृत जांच का आग्रह किया है. सीएम ने कहा कि आने वाले दिनों में भी पुलिस बहाली एवं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है. उस समय भी राज्य सरकार के लिए ऐसी घटनाएं गंभीर चुनौती बनी रहेंगी.



#### पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद करेगी राज्य सरकार

मुख्यमंत्री सोरेन ने सभागार में उपस्थित पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की. कहा कि राज्य के भीतर विगत कुछ वर्षों में कई ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिसमें कई परिवारों ने अपने परिजनों को खोया है. इन घटनाओं में जो हमें छोड़ गए, उन्हें तो वापस लाया नहीं जा सकता, लेकिन आगे के जीवन में हमसभी लोग आश्रित परिवारों को कैसे मदद कर सकें. किस प्रकार उनके जीवन को सकारात्मक दिशा की ओर अग्रसर करें, यह बहुत महत्वपूर्ण है.

#### सरकार संवेदनशील, जिम्मेदारियों का कर रही निर्वहन

सीएम सोरेन ने कहा कि आज हमसभी लोग यहां उक्त घटनाओं में असमय काल के गाल समाए लोगों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं. हमारी सरकार एक संवेदनशील सरकार होने के नाते अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन कर रही है. उन्होंने कहा कि झारखंड उत्पाद सिपाही शारीरिक दक्षता परीक्षा व मॉब लिंचिंग में मृत व्यक्तियों के आश्रितों एवं ऐसे पीड़ित परिवारों के सुख-दुःख में हमेशा साथ हूं और आगे भी रहूंगा.

#### नौजवानों की मृत्यु मर्माहत और हैरान करने वाली


सीएम ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड उत्पाद सिपाही की नियुक्ति निकाली गई थी. राज्य के लाखों नौजवानों ने इस नियुक्ति प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए आवेदन दिया था. इस नौकरी की चाहत रखनेवाले 15 नौजवान अभ्यर्थियों की दक्षता परीक्षा के क्रम में दुर्भाग्यवाश असामयिक मृत्यु हुई. यह घटना व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए काफी मर्माहत और हैरान करने वाली रही. इस प्रकार की घटना देश में पहली बार देखने और सुनने को मिली है.

#### मॉब लिंचिंग की घटनाएं दुःखदायी और दर्दनाक

सीएम ने कहा कि विगत कुछ वर्षों में राज्य के भीतर मॉब लिंचिंग की घटनाओं में 28 लोगों की असमय मृत्यु हुई है. यह घटना भी काफी दुःखदाई और दर्दनाक है. हमारी सरकार सदैव पीड़ित परिवारों के आश्रितों के साथ खड़ी है. आज आर्थिक सहायता के रूप में राशि प्रदान करना, आपके प्रति राज्य सरकार की एक संवेदना मात्र है. उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पीड़ित परिवारों को कई माध्यमों से आर्थिक रूप से मजबूत करने का प्रयास करेंगे.

## सीएपीएफ ने नक्सलियों के गढ़ में स्थापित किए 194 से अधिक कैंप, सुरक्षा बलों के लिए 12 हैलीकॉप्टर्स तैनात

नई दिल्ली : केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एलडब्लूई प्रभावित सभी राज्य, कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं। केंद्र सरकार एवं राज्य, मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने के प्रति कटिबद्ध हैं। 2019 से मोदी सरकार ने माओवादियों को खत्म करने के लिए एक बहुकोणीय रणनीति पर अमल शुरू किया है। इसके तहत केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की तैनाती के लिए वैक्यूम ढूंढे गए। इसके परिणामस्वरूप एक ही साल में 194 से अधिक कैंप स्थापित किए गए। यह एक बहुत बड़ी सफलता है। पहले जहां 2 हैलीकॉप्टर्स जवानों की सेवा में तैनात थे, आज 12 हैलीकॉप्टर्स (6 बीएसएएफ और 6 एयर फोर्स) तैनात किए गए हैं।



सोमवार को नई दिल्ली में वामपंथी उग्रवाद (एलडब्लूई) पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अमित शाह ने यह बात कही है। इस बैठक में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और तेलंगाना के मुख्यमंत्री, बिहार के उपमुख्यमंत्री और आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री शामिल हुईं। वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने में राज्यों का सहयोग कर रहे केन्द्रीय मंत्रालयों के मंत्री भी उपस्थित थे। इसके अलावा केन्द्रीय गृह सचिव, निदेशक, आसूचना ब्यूरो, उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, एलडब्लूई प्रभावित राज्यों के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और वरिष्ठ अधिकारियों ने भी बैठक में भाग लिया। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एलडब्लूई प्रभावित सभी राज्य कंधे से कंधा मिलाकर मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने के प्रति कटिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है और हमारे 8 करोड़ आदिवासी भाइयों और बहनों की इसमें बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। विकसित भारत का सही अर्थ है कि देश की 140 करोड़ की जनता तक विकास पहुंचे, जिनमें हमारे 8 करोड़ जनजातीय भाई-बहन भी शामिल हैं। विकास को सही मायनों में दूरदराज के इलाकों और जनजातीय लोगों तक पहुंचाने में सबसे बड़ी बाधा आज नक्सलवाद है।

## लैंड फॉर जॉब केस में लालू यादव समेत अन्य 9 आरोपियों को जमानत

**राउज एवेन्यू कोर्ट का फैसला**

नई दिल्ली : बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का परिवार सोमवार को बहुचर्चित 'जमीन के बदले नौकरी' केस में दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुआ। लालू प्रसाद यादव के साथ उनके बेटे और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव, बेटी मीसा भारती पेशी के दौरान कोर्ट में मौजूद थे। कोर्ट ने संक्षिप्त सुनवाई के बाद सुनवाई की अगली तारीख 25 अक्टूबर तय कर दी। बता दें जमीन के बदले नौकरी मामले में ईडी ने चार्जशीट दाखिल की थी, जिसके बाद लालू और उनके परिवार को समन भेजा था।

बता दें कि जमीन के बदले नौकरी का मामला तब का है जब लालू प्रासाद यादव 2004 से 2009 तक



केन्द्र में रेल मंत्री थे। उन पर आरोप है कि जब मंत्रिपद का दुरुपयोग करते हुए उन्होंने रेलवे में नौकरियां दीं और बदले में अपने परिवार के नाम पर जमीनें लीं। कुछ लोगों से तो उनके फ्लैट भी अपने नाम करवा लिये थे। आरोप के अनुसार, 2004 से 2009 तक भारतीय रेलवे के अलग-अलग जोन में ग्रुप डी पदों पर भर्ती करवाने के लिए लालू जमीनें अपने और परिवार के सदस्यों के नाम पर करवायीं।

## सीएसई और ईएसई से होगी रेलवे अधिकारियों की भर्ती

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार ने रेलवे अधिकारियों की भर्ती के लिए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) और इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा (ईएसई) की प्रक्रिया को फिर से अमल में लाने का फैसला किया है। भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) के माध्यम से पर्याप्त नए तकनीकी कर्मचारी नहीं मिल पा रहे थे। ज्ञात हो कि आईआरएमएस एक एकीकृत रेलवे सेवा है जिसे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिसंबर 2019 में मंजूरी दी थी। इससे पहले यूपीएससी सीएसई और ईएसई के माध्यम से रेलवे अधिकारियों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित करता था। शनिवार को कार्मिक विभाग (डीओपीटी) ने एक कार्यालय ज्ञापन में कहा कि रेल मंत्रालय के प्रस्ताव पर विचार करते हुए उसने मंत्रालय में तकनीकी और गैर-तकनीकी दोनों प्रकार के कर्मचारियों की विशिष्ट आवश्यकता पर विचार करते हुए यूपीएससी-सीएसई और यूपीएससी-ईएसई के माध्यम से भर्ती के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।

डीओपीटी के पत्र के कुछ ही घंटों बाद रेल मंत्रालय ने यूपीएससी और दूरसंचार विभाग को पत्र लिखकर कहा कि अब यह निर्णय लिया गया है कि आईआरएमएस की भर्ती सीएसई और ईएसई के माध्यम से की जाएगी।

इसमें कहा गया है कि ईएसई के लिए नोडल मंत्रालय होने के नाते दूरसंचार ने नियमों को अधिसूचित किया है और 8 अक्टूबर तक आवेदन मांगे हैं। इसने दूरसंचार मंत्रालय और यूपीएससी से मौजूदा अधिसूचना में 225 इंजीनियरों की भर्ती में भागीदारी की अनुमति देने का अनुरोध किया।

इसमें आवेदन जमा करने की समयसीमा बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया है, ताकि उम्मीदवारों को आवेदन करने का पर्याप्त अवसर मिल सके। पत्र के अनुसार, नई भर्तियों को आईआरएमएस (सिविल), आईआरएमएस (मैकेनिकल), आईआरएमएस (इलेक्ट्रिकल), आईआरएमएस (एस एंड टी) और आईआरएमएस (स्टोर) कहा जाएगा।

## सांप्रदायिक सोच का प्रयोगशाला न बनाए आरएसएस-भाजपा : कांग्रेस

रांची : झारखंड को अपनी सांप्रदायिक सोच की प्रयोगशाला बनाने की कोशिश आरएसएस और भाजपा ना करें. झारखंडवासी अपना हित-अहित भली भांति समझते हैं. असम से भागे घुसपैठियों को शिवराज जी भाजपा शासित राज्यों में खोजें. शिवराज सिंह चौहान द्वारा झारखंड में एनआरसी लागू किए जाने के बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनल शांति ने जवाब देते हुए कहा कि 8 वर्षों से असम में और 10 वर्षों से केंद्र में भाजपा की सरकार है, लेकिन असम के रास्ते देश में घुसपैठ जारी है. चौहान को असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा से जवाब मांगना चाहिए कि असम में एनआरसी की कवायद भाजपा शासन काल में वर्षों से चल रहा है, उसका क्या प्रतिफल निकला. कितने घुसपैठियों की पहचान की गई. जिनकी पहचान की गई, आज वह कहां है. हकीकत यह है कि असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा की नाकामी के कारण असम के रास्ते देश में घुसे लाखों घुसपैठिए देश के अन्य भाजपा शासित राज्य में फैल चुके होंगे,कार्रवाई करने की बजाय भाजपा उन्हें सेफ जोन उपलब्ध करा रही है.

#### एनआरसी के नाम पर करीब 250 करोड़ घोटाले का कैग कर चुका है खुलासा

उन्होंने कहा कि असम में भाजपा सरकार के समय एनआरसी के नाम पर लगभग 250 करोड़ रुपए घोटाले की बात कैग की रिपोर्ट में आ चुकी है. लेकिन झारखंड में असम के मुख्यमंत्री इसपर चुप रहते हैं. असम में एनआरसी के फेल होने के बाद आरएसएस के इशारे पर झारखंड में एनआरसी लागू कर भाजपा आदिवासियों को ही यहां के प्राकृतिक संसाधनों से दूर करना चाहती है. शांति ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान असम के संबंध में एनआरसी की वास्तविक रिपोर्ट जारी कर उसकी वैधानिकता प्रमाणित करें और झारखंडी जनता को बताएं कि क्या उन्होंने मुख्यमंत्री रहते मध्यप्रदेश में ऐसी कोई कवायद की थी क्या. झारखंड इनके किसी सांप्रदायिक मुद्दे की प्रयोगशाला नहीं बनेगा. झारखंड का चुनाव घुसपैठ और एनआरसी नहीं बल्कि झारखंड के आर्थिक विकास और सामाजिक समरसता के मुद्दे पर लड़ा जाएगा. शिवराज सिंह चौहान और हेमंत बिस्वा सरमा को सलाह है कि अपनी सोच बदले, क्योंकि जनता ने इनका असली रूप देख लिया है.

# झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के कर्मचारी आंदोलन की राह पर, अपनी मांग को लेकर कई दिनों से दे रहे धरना

रांची : राजभवन के समक्ष सोमवार को तीन संगठनों ने अपनी मांग को लेकर कई दिनों से धरना दे रहे हैं. इसमें आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, झारखंड शिक्षा परिषद के कर्मी और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कर्मी संघ शामिल हैं. इस मौके पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने तीनों संगठनों से मिलकर सरकार से बात करने का आश्वासन दिया. झारखंड शिक्षा परियोजना के अध्यक्ष राजीव शरण ने कहा कि राज्य बनने से पूर्व बिहार शिक्षा परियोजना था. आज बिहार शिक्षा परियोजना में कर्मियों को अधिक लाभ मिल रहा है. चतुर्थ वेतनमान के बाद वेतन में वृद्धि नहीं हो रही है. कर्मियों को बीमा और



चिकित्सा बीमा का लाभ आश्रितों व असहाय परिवारों को नहीं मिलता है. पूर्व में आकस्मिक मृत्यु हो गई है, लेकिन आजतक इसका लाभ नहीं मिल रहा है. 10 साल जिन कर्मियों का पूर्ण हो गया है. ऐसे कर्मियों को नियमित करना चाहिए.

आंगनबाड़ी सेविका सहायिका की रांची प्रदेश अध्यक्ष सुमन कुमारी ने कहा कि सरकार में सकारात्मक पहल का अभाव है, सरकार के प्रतिनिधि विधायक सुदीप कुमार सोनू ने विश्वास दिलाया था. कैबिनेट में मांगों को पूरा करा देंगे. लेकिन आठ सूत्री मांगों को सरकार ने नजर अंदाज किया है. नियमावली पर विचार नहीं हो रहा है. सेविका को 5 लाख की राशि और सहायिका को 10 लाख मिलनी चाहिए. महंगाई बढ़ गई है. चावल की गुणवत्ता पर भी ध्यान देना चाहिए.

#### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कर्मी संघ झारखंड प्रदेश

2017-18 वर्ष से शिक्षक शिक्षकेतर कर्मी अपनी मांग को लेकर कई बार सरकार से मिले पर आश्वासन ही मिलता रहा. इनके लिए कोई नीति नहीं बनी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कर्मी संघ के अध्यक्ष रोहिणी प्रसाद ने कहा कि राज्य में 203 कस्तूरबा बालिका विद्यालय है व 57 झारखंड बालिका विद्यालय है. इसमें लगभग पांच हजार शिक्षक कार्यरत हैं. शिक्षकों का वेतन 15000 से प्रारंभ होता है. अधिकतम 35 हजार होती है. इसके अलावा कोई सुविधा नहीं मिल रही है. धरना में शामिल शिक्षकों ने कहा कि हर साल वेतन में वृद्धि हो, पेंशन की ईपीएफ, मेडिकल भत्ता की सुविधा मिलनी चाहिए. 10 साल से सेवारत कर्मियों को सीधा समायोजन किया जाए.

# संक्षिप्त खबरें

## महिलाएं अपने को अबला न समझें, कानून उनके साथ : राजेंद्र प्रसाद

पूर्वी सिंहभूम (ईएमएस)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से सोमवार को गोलमुरी सह जुगसलाई (जमशेदपुर) प्रखंड मुख्यालय में 'विधान से समाधान' कानूनी जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डालसा के सचिव राजेंद्र प्रसाद, विशिष्ट अतिथि के रुप में अंचलाधिकारी संजय पांडेय, मेडिएटर प्रीति मुर्मू व पैनल लॉयर शमशाद खान मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं (जल सहिया) को संबोधित करते हुए डालसा सचिव ने कहा कि महिलाएं अब स्वयं को अबला नहीं समझें। महिलाओं के साथ कानून खड़ा है।उन्हें हर कदम पर मदद के लिए प्राधिकार तत्पर है। कार्यक्रम की चर्चा करते हुए डालसा सचिव ने कहा कि हर समस्या का समाधान संभव है। इसके लिए कई फोरम काम कर रहे हैं।उक्त फोरम तक अपनी आवाज पहुंचाने की जरूरत है।महिला हिंसा एवं प्रताड़ना की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इस संबंध में कड़े कानूनी प्रावधान किए गए हैं। पीड़ित को अब डरने की जरूरत नहीं है। उन्हें सुप्रीम कोर्ट की ओर से कानूनी संरक्षण दिया गया है।महिला आयोग की चर्चा करते हुए डालसा सचिव ने कहा कि महिलाओं की आवाज सुनने के लिए ही इस आयोग का गठन किया गया है। महिलाएं अपनी समस्याएं एवं शिकायतें आयोग तक पहुंचाएं।इसके लिए उन्होंने महिला आयोग एवं नालसा (नेशनल लीगल सर्विस ऑथोरिटी) का टॉल फ्री नंबर महिलाओं के साथ साझा किया।साथ ही बताया कि सभी प्रखडों एवं पुलिस थाने में पारा लीगल वोलंटियर्स तैनात किए गए हैं।जो लोगों को कानूनी सहायता एवं सरकारी सहायता प्रदान करने में मदद करेंगे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेडिएटर प्रीति मुर्मू ने दहेज उत्पीड़न, महिलाओं के साथ होने वाले घरेलू हिंसा समेत अन्य विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। पैनल लॉयर शमशाद खान ने प्राधिकार के कार्यों से उपस्थित लोगों को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन रूपा कुमारी ने किया।

## दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र पर सुगम्यता उनका अधिकार : के रवि कुमार

रांची(ईएमएस)।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग मतदाताओं के सुगम्य मतदान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए है। उनके मतदान प्रक्रिया को सहज करने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए सभी संबंधित पदाधिकारी आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें। सभी दिव्यांग मतदाताओं को सुगम्य मतदान का अवसर प्रदान कराना निर्वाचन से जुड़े सभी पदाधिकारियों का कर्तव्य है एवं उनका अधिकार है। उक्त बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन में सुगम्यता एवं सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्ध से संबंधित सभी प्रमंडल आयुक्तों, समाज कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, स्कूली शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहीं।श्री कुमार ने कहा कि आगामी विधानसभा निर्वाचन को देखते हुए सभी पदाधिकारी अपने कर्तव्य क्षेत्र में कार्य योजना तैयार करते हुए उनका अनुपालन सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा जैसे रनिंग वाटर, शौचालय, रैंप, पेयजल, बिजली आदि की व्यवस्था भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए सुनिश्चित करें। बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रमंडलों के प्रमंडलीय आयुक्त,समाज कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, स्कूली शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, सहित मुख्य निर्वाचन कार्यालय से संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अवर सचिव सुनील कुमार उपस्थित रहे।

## गोगो दीदी फार्म भाजपा के वैचारिक दिवालियापन का नमूना : जेएमएम

रांची(ईएमएस)।भाजपा द्वारा गोगो दीदी फार्म भरवाने पर सत्तारूढ़ झामुमो ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि यह भाजपा का एक और जुमला है। पेड़ पर कटहल और होंठ पर तेल वाली कहावत भाजपा पर चरितार्थ हो रही है। सत्ता से दूर रह कर भाजपा विचलित हो गई है और मुंगेरीलाल के हसीन सपने की तरह सरकार बनाने का असंभव सपना देख रही है। एक राजनीतिक दल के रूप में भविष्य में सरकार बनने पर योजना बनाने से पहले विपक्ष में रहते हुए फार्म भरवा कर भाजपा ने अपने वैचारिक दिवालियापन का नमूना पेश किया है।जुमलेबाजी भाजपा की रग रग में रच बस गया है। ये राज्य की भोली भाली जनता को ठगने की सोची समझी साजिश है। यह हर कोई समझ रहा है कि जनभावनाओं के अनुरूप, जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने वाले हेमंत सरकार की लोकप्रियता से भाजपा बौखलाहट में नैतिक अनैतिक, उचित अनुचित, संवैधानिक और असंवैधानिक के बीच का अंतर नहीं समझ पा रही है। केंद्र की सत्ता पर काबिज भाजपा कानून का मखौल उड़ा रही है।विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि जुमलेबाज भाजपा के नेता बताएं कि उनकी केंद्र की सत्ता पर काबिज सरकार हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने के वादे पर कितना कदम आगे बढ़ी। कितने युवाओं को देश में रोजगार दिया। विदेश में जमा भारत का काला धन वापस लाकर हर नागरिक के बैंक खाते में 15 लाख रुपए देने के वादा का क्या हुआ। वैचारिक पतन की मारी भाजपा के देश भर के नेताओं के मुंह पर आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव का परिणाम एक जबरदस्त तमाचा होगा। जनता ही इन्हें सबक सिखाएगी। भाजपा के नेता लोगों को भ्रमित करने के लिए गोगो दीदी फार्म भरवा रहे हैं। एक ऐसा फार्म जिसमें खाता संख्या नहीं लिया जा रहा है।

## रांची में हुआ भारतीय धरोहर कलारीपयट्टू का प्रदर्शन

रांची(ईएमएस)।सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची के बच्चों ने स्पिकमैके द्वारा आयोजित केरल की प्राचीन युद्ध कला कलारीपयट्टू का प्रदर्शन देखा।इस कला का प्रदर्शन कृष्णदास गुरुक्कल और उनकी टीम के सदस्यों ने किया।कृष्णदास गुरुक्कल केरल के त्रिशूर जिले के चावक्कड़ में कलारीपयट्टू सिखाते हैं। उनका परिवार कई पीढ़ियों से इस कला से जुड़ा हुआ है।कलारीपयट्टू एक प्राचीन युद्ध कला है जो शरीर और मन, दोनों को मजबूत बनाती है।इसका इतिहास बहुत पुराना है।यह भारत की सांस्कृतिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। बच्चों ने इसे बड़ी दिलचस्पी से देखा और भारत की स्वदेशी कला कलारीपयट्टू के प्राचीन इतिहास के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। प्राचार्या परमजीत कौर ने बच्चों को बताया कि ऐसी प्राचीन कलाएं हमारे देश की समृद्ध संस्कृति का हिस्सा हैं, जिन्हें हमें सहेजना और याद रखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कला में डूब जाने से मन, शरीर और आत्मा को एकाग्र करने तथा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने में सहायता मिलती है।

## दशहरा पर्व को लेकर टाउन हॉल में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

पलामू(ईएमएस)। जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को टाउन हॉल में आगामी दुर्गा पूजा के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।इस अवसर पर उपायुक्त श्री रंजन ने विभिन्न पूजा समितियों के प्रतिनिधियों से पूजा को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की।उन्होंने सभी पूजा समितियों से पूजा भव्य लेकिन शांतिपूर्ण तरीके मनाने की अपील की।उन्होंने कहा कि सभी पंडालों में दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।इसके अलावे इस वर्ष पंडालों से प्राप्त वालेंटियर्स की सूची के आलोक में उन्हें प्रशासन की ओर से टी-शर्ट भी उपलब्ध कराया जायेगा।उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रत्येक थाने में एक एम्बुलेंस को भी टैग किया गया है।बैठक में डीसी श्री रंजन ने सभी एसडीपीओ से उनके क्षेत्र में दुर्गा पूजा की तैयारी से संबंधित अद्यतन स्थिति से अवगत हुए।इस दौरान उन्होंने सभी को मेडिकल प्लान,जहां प्रतिमा विसर्जन होगा वहां स्थानीय गोताखोर की व्यवस्था व सभी पंडालो में सीसीटीवी को दुरुस्त रखने पर बल दिया।उन्होंने सभी समितियों से अनुरोध किया कि वे अपने पंडालो में सीसीटीवी अनिवार्य रूप से लगाए।इसके साथ ही विसर्जन वाले स्थल पर जहां पानी अधिक हो उस एरिया को रस्सी से अनिवार्य रूप से घेराव करें।बैठक में उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में संचालित व्हाट्सएप के विभिन्न ग्रुप पर पैनी नज़र रखने की बात कही।उन्होंने कहा कि इन दिनों आपत्तिजनक सामग्रियां इसी माध्यम से प्रसारित की जाती हैं,ऐसे में इन पर पैनी नजर रखने की आवश्यकता है।

# चंदननगर की लाईट से रोशन होगा मटकुरिया का दुर्गोत्सव

### पूजा का अनुमानित बजट 20 लाख



धनबाद : श्रीश्री दुर्गापूजा समिति मटकुरिया आकर्षक विद्युत सज्जा के लिए जानी जाती है I इस वर्ष पश्चिम बंगाल के चंदन नगर की विद्युत सज्जा आकर्षण का केंद्र होगा ।विद्युत सज्जा का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। विकास नगर से कोल बोर्ड कॉलोनी तक की सड़क रोशनी से जगमगाने लगी है।इस बार का पूजा का अनुमानित बजट 20 लाख है। विद्युत सज्जा का कुल बजट अनुमानित 10 लाख है I इस बार पूजा कमिटी की ओर से विद्युत सज्जा को और आकर्षक बनाने में जुटी है I पश्चिम बंगाल के चंदननगर की लाइटिंग से पूरा मटकुरिया क्षेत्र जगमगा रही है।लाइटिंग में अनुमानित खर्च 10 लाख है, चार मुख्य गेट जिसमे विकास नगर, मटकुरिया पुल और कोलबोर्ड कॉलोनी के पास निर्मित किया गया है। सड़क के बीच में लाइटिंग के जरिये उड़ता हुआ बाज को दर्शाया गया है।इसके अलावे दीया लाइटिंग, ट्यूबलिंग झालर आदि से सड़क को पाट दिया गया है। मूर्ति का बजट डेढ़ लाख व 4 लाख की लागत से मंदिर का किया जा रहा डेकोरेशन :यहाँ डेढ़ लाख की लागत से मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है।स्थानीय मूर्तिकार दुलाल पाल द्वारा प्रतिमा को तैयार किया गया है। मंदिर के अंदर आकर्षक ढंग से डेकोरेशन का कार्य चल रहा है। जिसका अनुमानित बजट 4 लाख है।

मुख्य आकर्षण होगा भोग वितरणःपूजा समिति हर वर्ष हजारों श्रद्धालुओं के बीच मां का भोग खिचड़ी के रूप में वितरण करती है।इस बार सप्तमी,अष्टमी और नवमी तीनों दिन दो समय भोग वितरित की जाएगी।श्रद्धालूगणों के द्वारा भोग में सहयोग दिया जाता है। पहली बार होने जा रहा भव्य तरीके से सिंदूर खेला का आयोजन, महिला समिति ने ली जिम्मेदारी, यहाँ 13 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन होगा। इससे पहले भव्य तरीके से सिंदूर खेला का होगा आयोजन, महिला समिति इसका आयोजन करेगी।महिलाएं गहरे लाल रंग की बॉर्डर वाली सफ़ेद साड़ियाँ पहन इस सिंदूर खेला में भाग लेंगी।

1977 से दुर्गा पूजा आयोजित करती आ रही है कमेटी :श्रीश्री दुर्गापूजा समिति मटकुरिया 1977 से दुर्गा पूजा आयोजित करती आ रही है। पूजा को सफल बनाने में कमेटी के चेयरमैन चंद्रिका सिंह, वाइस चेयरमैन मोहन सिंह छाबड़ा,अध्यक्ष, नितिन भट्ट, सचिव, नरेंद्र शर्मा (राजू), कोषाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह (बाबू),संरक्षक गुरूपाल सिंह, राजनारायण तिवारी,संजय कुमार जैन,द्वारिका तिवारी,माला झा,राकेश राम,राम प्रकाश पासवान, गोविन्द वर्णवाल, सुरेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद आदि का सराहनीय योगदान हैं I

## बीजेपी के गोगो दीदी योजना पर मंत्री मिथलेश ठाकुर ने ली चुटकी, कहा जनता बीजेपी को कहेगी गो गो

गढ़वा(ईएमएस)।पेयजल मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा है कि भाजपा का मतलब सबसे बड़ा झूठा पार्टी है।भाजपा हमारे झारखंड की आदिवासियों की सरकार को जानबूझकर परेशान कर यहां के लोगों के साथ नाइंसाफी कर रही है।उन्होंने कहा कि भाजपा ने 11 लाख राशन उपभोक्ताओं का राशन काट दिया। परंतु झारखंड की हेमंत सरकार ने 20 लाख लोगों को राशन देने का काम किया है।साथ ही नए सत्र में 5 लाख और नए लोगों को राशन देने का प्रावधान किया गया है। मंत्री ठाकुर गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय रंका के मैदान में सोमवार को आयोजित झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे।मंत्री ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां योजना के तहत झारखंड के 18 वर्ष से 49 वर्ष आयु की बेटी, बहनों को प्रतिमाह एक हजार रूपये देने की शुरुआत की गई है। इसे रोकने के लिए भाजपा कोर्ट में केस कर गरीबों के विकास योजनाओं को बंद कराना चाहती है।उन्होंने कहा कि राज्य में पलायन की एक बहुत बड़ी समस्या है, जिसे रोकने के लिए झारखंड सरकार पहल कर रही है। झारखंड सरकार का कार्यकाल 2 वर्षों तक कोरोना काल में बीता। 3 वर्षों में हेमंत सरकार ने इतना कार्य किया है जिसको देखकर विरोधी पार्टी घबरा गए हैं।भाजपा गो गो योजना का लॉलीपॉप दिखलाकर झारखंड से अपने जाने का रास्ता साफ कर रही है। यहां की जनता भाजपा को गो गो करके भगाएगी। उन्होंने कहा कि यहां के पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने केवल जनता को लूटने का काम किया है।मंत्री ने कहा कि पूर्व विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी द्वारा मुझे गाली दे दे कर हमारी विकास योजनाओं को गिनाया जा रहा है। जबकि गिरिनाथ भईया दल बदलू बन के रह गए।कभी राजद, कभी कांग्रेस, कभी बीजेपी और अब बिना पार्टी वाले होकर रह गए। ।17 वर्ष तक विधायक रहे, रंका में कुछ नहीं किया। 20 वर्ष तक उनके पिताजी भी विधायक रहे और रंका के लोगों को ठगते रहे।

## पलामू डीसी ने बैठक में लगायी समाज कल्याण पदाधिकारी को फटकार

पलामू। शांति समिति की बैठक के बीच में ही पलामू डीसी ने एक पदाधिकारी को जमकर फटकार लगाई है।जो पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।दरअसल पलामू जिला के मेदिनीनगर के न्यू टाउन हॉल में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई थी।इस बैठक में जिले के पदाधिकारी और कई लोग शामिल हुए थे।बैठक में अलग से डिस्प्ले,कूलर और साउंड सिस्टम लगाया गया था।जिसे देखकर बैठक में डीसी शशि रंजन ही भड़क उठे। बैठक में डीसी ने पदाधिकारी से पूछे कि बेफिजूल खर्च कर डिस्प्ले, साउंड सिस्टम और कूलर क्यों लगाए हैं।डीसी को बताया कि समाज कल्याण पदाधिकारी का एक कार्यक्रम रखा गया है तो उन्हीं के द्वारा डिस्प्ले,कूलर और साउंड लगाया गया है।डीसी ने सुनकर बैठक में ही मंच से समाज कल्याण पदाधिकारी को जमकर फटकार लगाई। इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण पदाधिकारी की वेतन से काट कर भुगतान करने की भी बात कही।

## पत्थर से कूचकर हत्या मामले में दो हत्यारोपी गिरफ्तार

खूंटी(ईएमएस)।खूंटी पुलिस लगातार हत्या मामले का खुलासा करने में जुटी है।पीछले 2 अक्टूबर को अड़की थाना क्षेत्र के विजय मुंडा की हत्या मामले में पुलिस ने दो हत्यारोपियों को बाड़ी निजकेल के लुपुंगडीह से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हत्यारोपियों में 26वर्षीय मनसा मुंडा और 20वर्षीय खुदीराय मुंडा शामिल है। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त पत्थर, एक बाइक, गमछा, शर्ट, चप्पल और मोबाइल फोन बरामद किया है।खूंटी अंचल के पुलिस इंस्पेक्टर किशुन दास ने बताया कि मामला 2अक्टूबर का है जब सायको थाना क्षेत्र के हितडीह में हॉकी मैच का आयोजन किया गया था।

## महिलाएं अपने को अबला न समझें कानून उनके साथ : राजेंद्र प्रसाद

पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)।जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से सोमवार को गोलमुरी सह जुगसलाई (जमशेदपुर) प्रखंड मुख्यालय में 'विधान से समाधान' कानूनी जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डालसा के सचिव राजेंद्र प्रसाद, विशिष्ट अतिथि के रुप में अंचलाधिकारी संजय पांडेय, मेडिएटर प्रीति मुर्मू व पैनल लॉयर शमशाद खान मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं (जल सहिया) को संबोधित करते हुए डालसा सचिव ने कहा कि महिलाएं अब स्वयं को अबला नहीं समझें। महिलाओं के साथ कानून खड़ा है।उन्हें हर कदम पर मदद के लिए प्राधिकार तत्पर है। कार्यक्रम की चर्चा करते हुए डालसा सचिव ने कहा कि हर समस्या का समाधान संभव है। इसके लिए कई फोरम काम कर रहे हैं।उक्त फोरम तक अपनी आवाज पहुंचाने की जरूरत है।महिला हिंसा एवं प्रताड़ना की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इस संबंध में कड़े कानूनी प्रावधान किए गए हैं। पीड़ित को अब डरने की जरूरत नहीं है। उन्हें सुप्रीम कोर्ट की ओर से कानूनी संरक्षण दिया गया है।महिला आयोग की चर्चा करते हुए डालसा सचिव ने कहा कि महिलाओं की आवाज सुनने के लिए ही इस आयोग का गठन किया गया है। महिलाएं अपनी समस्याएं एवं शिकायतें आयोग तक पहुंचाएं।

## जिला प्रशासन एवं पुलिस खुद को हाईटेक बनाने के क्रम में एक नई पहल की शुरुआत की




धनबाद, (जोड़ापोखर, संवाददाता) : जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा खुद को हाईटेक बनाने के क्रम में एक और नई पहल की शुरुआत की है। जोड़ापोखर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा विभिन्न क्षेत्रों मे "रक्षक" नामक क्यू आर कोड विभिन्न चौक चौराहा और दुकान ,प्रतिष्ठान पर लगाया जा रहा है। यह क्यू आर कोड क्षेत्र के कई प्रतिष्ठान , बैंक एटीएम, सिनेमा घर, हॉस्पिटल,कोचिंग सेंटर,पार्क , रेस्टोरेंट, शॉपिंग मॉल समेत कई भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों मे लगाया गया है । क्यू आर कोड लगाने की प्रक्रिया पिछले तीन से चार दिनों से चल रही है। हालांकि जब पुलिसकर्मी किसी जगह पर क्यू आर कोड चिपका रहे है तो लोगों को समझ नही आ रहा की आखिर यह क्या नया माजरा है। दर असल पुलिस द्वारा जो क्यू आर कोड क्षेत्र मे लगाया जा रहा है उसका संबंध पुलिस की पेट्रोलिंग मॉनिटरिंग व्यवस्था से है। पेट्रोलिंग के दौरान सुरक्षा गार्ड, पुलिस या सिपाही जिस भी क्षेत्र मे गश्त कर रहे होंगे तो दीवाल पर लगे क्यू आर कोड के माध्यम से सुनिश्चित करेंगे कि इस वक्त वो किस क्षेत्र मे मौजूद है। पुलिस टीम के लिए खासतौर पर बनाया गया यह क्यू आर कोड आम नागरिकों के मोबाईल में काम नही करेगा। इस मामले को लेकर जोड़ापोखर अंचल निरीक्षक पंकज भूषण ने बताया की रक्षक नामक एप्लीकेशन के जरिए कंट्रोल करते है की पेट्रोलिंग जवान कहा जा रहे है और किस क्षेत्र मे मौजूद है I उसका हमें विस्तृत जानकारी मिलते रहेगा। पेट्रोलिंग मे मौजूद जवान दीवार पर लगे क्यू आर कोड को जैसे स्कैन करेंगे, वैसे ही कंट्रोल रूम मे सूचना मिल जाएगी। इससे लोगों को भी सुनिश्चित हो जाएगा की इस वक्त पैट्रोलिंग दल किस कौन कौन क्षेत्र मे मौजूद है।

## उपायुक्त सह अध्यक्ष कार्य उपसमिति, रिनपास की अध्यक्षता में हुई बैठक

रांची। उपायुक्त, रांची सह अध्यक्ष कार्य उपसमिति, रिनपास मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में सोमवार को रांची तंत्रिका मनोचिकित्सा एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान (रिनपास) कार्य उपसमिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में समिति के सदस्य सचिव, सदस्य एवं आमंत्रित सदस्य उपस्थित थे। बैठक में माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड एवं प्रधान सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड द्वारा रिनपास के सभी भवनों के जीर्णोद्धार एवं मरम्मति के निदेश के अनुपालन में जीर्णोद्धार/मरम्मति कार्य के प्रस्ताव पर समिति द्वारा विचार-विमर्श किया गया। जिसके उपरांत समिति द्वारा कई प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया।समिति द्वारा सभी योजनाओं से संबंधित प्रस्तावों पर निर्णय लिए गये इनमे भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-1 के योजनाओं के प्रस्तावों के लिए एजेंसी द्वारा अनुमानित राशि की उपलब्ध करायी गयी सूची एवं समर्पित अनुमानित प्राक्कलन पर विचार के बाद समिति द्वारा अनुमोदित किया गया।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,गिरिडीह
(अनुसूचित जन जाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा, गिरिडीह।)
ई-मेलः- dwo-giridih@jharkhandmail.gov.in

**आम सूचना**

निदेशक, पशुपालन, झारखण्ड राँची के पत्रांक- 2040 दिनांक 22.12.2022 एवं आम सूचना सं0- 1272 दिनांक 28.10.2021 के आलोक में सूचीबद्ध आपूर्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि सरकार द्वारा निर्धारित दर पर गिरिडीह जिले में पशु-पक्षी आपूर्ति करने के इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता जिला कल्याण कार्यालय, गिरिडीह में दिनांक 15.10.2024 को 04:00 बजे अपराह्न तक अपनी सहमति पत्र स्वंय या प्रतिनिधि द्वारा समर्पित करें। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद सहमति पत्र स्वीकार नही किया जायेगा। आपूर्तिकर्त्ता जिला कल्याण पदाधिकारी, गिरिडीह के कार्यालय से लाभूकों की सूची प्राप्त कर लाभूकों से सम्पर्क स्थापित कर प्रखण्डों में विशेष शिविर का आयोजन कर पशु-पक्षी वितरण का कार्य करेंगें तथा लाभूकों से सहमति पत्र प्राप्त कर बैंक से राशि की निकासी निर्धारित यूनिट दर के अनुसार किया जायेगा।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
गिरिडीह

PR 338314 Welfare(24-25).D

**Government of Jharkhand**
**Jharkhand Mineral Area Development Authority, Dhanbad**

**e-Procurement Very short term Notice Inviting Tender No. 02/JMADA/2024-2025**

Date ......................

| | | |
|---|---|---|
| 01 | Name & address of Office Inviting Tender | Managing Director, Jharkhand Mineral Area Development Authority, Luby Circular Road, Dhanbad. |
| 02 | Date of publication of tender on website | 08-10-2024 at 11:00 A.M. |
| 03 | Last date & Time for receipt of bids | 24-10-2024 up to 02.00 P.M. |
| 04 | Date & Time of Technical Bid Opening | 25-10-2024 at 03:00 P.M. |
| 05 | Help line number of e-Procurement cell | **Mob. No. – 8986892064 / 8789532628** |

| Sl. No. | Tender Reference No. | Name of Work | Estimated Cost (in Rs.) | Earnest Money | Cost of Tender (Rs.) | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | JMADA/02/01/ 2024-2025 | Taking out 450mm & 350mm Dia Rising Main, Supplying & Laying of 450mm & 350mm DI K-9 Pipe Along NH-32 Near Nehru Park At Kenduya, Dhanbad, Under JMADA, Dhanbad. | 1,22,87,800.00 | 2% of BOQ Amount | 10,000.00 | 180 Day's |

Note :-
1. Only e-Tenders will be accepted. Further details can be seen on website **http://jharkhand tenders.gov.in & udhd.jharkhand.gov.in**
2. Estimated cost/ quantity may be increased or decreased.
3. Experienced in same nature of work well equipped and financially strong contractor/Company may take part in this e-tender. They must be registered in Urban Development and Housing Department Jharkhand Govt. in appropriate class.
4. E-tender will be in **Double System.**

कार्यपालक अभियंता (जलापूर्ति),
झमाडा, धनबाद

PR 338193 Drinking Water and Sanitation(24-25).D

Government of Jharkhand
**Urban Development and Housing Department**
PHUSRO NAGAR PARISHAD (BOKARO)

**VERY SHORT TERM NOTICE INVITING TENDER**
**RE E-TENDER NOTICE NO. : - PMC/03/2024-25 (2nd Call)**

| Group No. | Tender Reference No. | Description | Estimated Cost in Rs. | Earnest Money in Rs. | BOQ Document Fees in Rs. | Duration for Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PMC/01/03 /2024-25 | Construction of flyash brick drain inward no 10 under pnp | 9,87,665.00 | 19,800.00 | 5,000 | 04 Month |
| 3 | PMC/03/03 /2024-25 | Const of fly ash brick drain from jayram singh house to dhori ground via masjid in ward 13 under pnp | 9,96,932.00 | 20,0000.00 | 5,000 | 04 Month |
| 5 | PMC/05/03 /2024-25 | Construction of flyash brick drain from mubarakh house to deva house, ajit majumdar house to pramod yadav and laxmi devi house to bada nalahouse in ward no 14 under pnp | 8,08,236.00 | 16,200.00 | 5,000 | 04 Month |
| 6 | PMC/06/03 /2024-25 | Construction of flyash brick drain from from river side dhobi mohalla raju rajak house to towards vijay singh house in ward no 16 under pnp | 9,96,269.00 | 20,000.00 | 5,000 | 04 Month |
| 7 | PMC/07/03 /2024-25 | Construction of pcc road and rcc drain from usha singh polyclinic to main road new bhagalpur school in ward 22 under pnp | 19,20,914.00 | 38,500.00 | 5,000 | 04 Month |
| 8 | PMC/08/03 /2024-25 | Construction of flyash brick drain from barmeshwar pd house to hospital ,rajnath yadav house to bridge and kaleswar bauri house to nala in ward no 28 under pnp | 9,96,268.00 | 20,000.00 | 5,000 | 04 Month |
| 10 | PMC/10/03 /2024-25 | Rennovation of community hall sarda colony and balu bainkar for urban health wellness centre under pnp | 9,99,126.00 | 20,000.00 | 5,000 | 04 Month |

1. Date of Publication of Tender on website (Online) - 09.10.2024 From 10:30 AM (Uploading of Bid Online Only)
2. Date of Downloading of Tender on website (Online) - 09.10.2024 From 10:30 AM (Downloading Bid Online Only)
3. Last Date and Time of Submitting of Bids (Online) - 19.10.2024 up to 05:00 PM (Submitting Bid Online Only)
4. Date and Time of Opening of Bid (Online Only) – 21.10.2024 From 10:30 AM (Opening of Bid Online Only)
5. Name of Online E-Tender Notice Inviting Officer - Mr. Rajeev Ranjan (Administrator, Phusro Nagar Parishad)
6. Name and Address of E-Tender Notice Inviting Office - Office of The Administrator, Phusro Nagar Parishad
7. Contact No. of E-Procurement Officer – 06549-356303
8. Help Line No. of E-Procurement Office - 06549-356303
9. Only E-Tenders will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Administrator**
**Phusro Nagar Parishad**
**Bokaro**

PR 338267 Urban Development (24-25)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, धनबाद**

**अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-09/2024-25**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :- दिनांक - 16.10.2024 को कार्यालय अवधि तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक - 17.10.2024 को 3:00 बजे अपराहन् तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक - 17.10.2024 को 3:30 बजे अपराहन्
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- मुख्य अभियंता (या0), पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉची। अधीक्षण अभियंता, प0नि0वि0, पथ अंचल, हजारीबाग। कार्यपालक अभियंता,प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, धनबाद।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :- क्रमांक 5 में उल्लेखित स्थानों पर।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | गैर योजना मद अन्तर्गत पी0डब्लू0डी0 MDR-060) पथ से ऑफिसर कॉलोनी पथ (कुल लं0-1.50 कि0मी0) में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2024-25 | 9.99540 | 20000.00 | 1250.00 | 45 दिन |
| 2. | गैर योजना मद अन्तर्गत हटिया मोड़ हीरापुर से बरमसिया हावडा.मोटर तक पथ (कुल लं0-4.50 कि0मी0) में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2024-25 | 14.99895 | 30000.00 | 2500.00 | 45 दिन |
| 3. | गैर योजना मद से पथ प्रमण्डल, धनबाद अन्तर्गत विभिन्न प्रशाखाओं में स्थित प्रशाखा कार्यालय एवं निरीक्षण भवन की अनुरक्षण कार्य वर्ष 2024-25 | 14.99795 | 30000.00 | 2500.00 | 12 माह |

**निविदा की शर्ते :-**

7. कार्य की प्राक्कलित राशि घट-बढ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि जमा करना होगा।
8. निविदा के संबंध में किसी विशेश जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क कर सकते है।
9. झारखण्ड पथ निर्माण विभाग, रॉची का संकल्प संख्या 2146(एस0) दिनांक-09.09.2020 के आलोक में झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता की कंडिका-163(ए0) द्वारा कृत प्रावधान को अवक्रमित करते हुए 10 प्रतिशत की न्यूनतम अधिसीमा को समाप्त किया जाता है। संप्रति 10 प्रतिशत से नीचे के दर की निविदाएँ अनुमान्य होगी। साथ ही जे0पी0डब्लू0डी0 कोड के 163(ए0) को डिलिट किया जाता है। 10 प्रतिशत से न्यूनतम निविदाओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से -(क) दस से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20 प्रतिशत तथा-(ख) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। यह झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता के नियम 172(ए0) के रूप में संम्माहित होगा। पूर्व के संहिता/नियम/परिपत्र द्वारा कृत सभी प्रावधान अवक्रमित समझे जायेगें। वैद्य एवं समान दर की निविदाओं के मामले में निविदा निशपादन के प्राधिकार द्वारा पद्धति तरीके से लौटरी (Lottery) की पद्धति अपनाई जायेगी। यह प्रावधान झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता के कंडिका 163(ई0) के रूप में समाहित होगा। तथा उक्त हद तक पूर्व के संहिता/नियम/परिपत्र द्वारा कृत सभी प्रावधान अवक्रमित समझे जायेगें।
10. बिटुमिनस कार्य को Hot Mix Plant से संपादित करना होगा। परिमाण विपत्र कय के समय/निविदा के समय Hot Mix Plant का स्वामित्व अथवा Hot Mix Plant का स्वामित्व से सहमति प्रमाण पत्र देना आवश्यक होगा।
11. शेष शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पट् पर देखे जा सकते है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद

PR 338279 Road (24-25)_D

## संक्षिप्त खबरें

### विद्यार्थियों के बीच शैक्षणिक किट का वितरण

बरकट्ठा(हजारीबाग)।बरकट्ठा राजकीय मध्य विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच समारोह आयोजित कर शैक्षणिक किट वितरण किया गया।मुख्य अतिथि मुखिया प्रमिला देवी, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, प्रधानाध्यापक राम किशुन महतो ने छात्रों के बीच बैग वितरण किया। जिसमें वर्ग प्रथम से लेकर अष्टम तक के कुल 700 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इस मौके पर पूर्व मुखिया बसंत साव ने बच्चों को शैक्षणिक किट देने के बाद मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष विनोद साव, संयोजिका चमेली देवी, सदस्य मनोज दास क्रांति देवी, साधन कुमार रवानी, सावित्री देवी, मनीषा देवी, मनमोहन दास, रुस्तम अहमद, त्रिलोकी साव, इन्दु देवी, इन्द्र साव, मनोज कुमार, राघवेन्द्र लाल, विजय कुमार, हरिहर दास, धानेश्वर साव, इन्द्रदेव साव समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

### पंजाब एंड सिंध बैंक के सौजन्य से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया




गिरिडीह, 05 अक्टूबर 2024:- आज गिरिडीह जिला समाहरणालय परिसर में पंजाब एंड सिंध बैंक, गिरिडीह की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा वृक्षारोपण कर के किया गया। उपायुक्त समेत पंजाब एंड सिंध बैंक के जोनल मैनेजर, अधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, सामान्य शाखा के प्रधान लिपिक, डीआरडीए के प्रधान लिपिक, समाज सेवी संस्था से जुड़े लोग जैसे डॉ सुमन कुमार, गोपनीय शाखा के अधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। इस दौरान उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने मीडिया बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सुनहरे व सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सभी विभागों/संस्थाओं/इंडस्ट्रीज से समन्वय स्थापित कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत भी पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन और समाज सेवी संस्थाओं के सहयोग से बड़े पैमाने पर पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। साथ ही जिला प्रशासन के द्वारा विभिन्न विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा अन्य सरकारी स्थानों पर पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है ताकि इस अभियान को सफलता पूर्वक संचालित कराया जा सकें। उपायुक्त ने कहा कि सभी के सहयोग से हमसब एक लाख वृक्षारोपण करने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने में सभी के सहयोग की आवश्यकता है। इसके लिए हम सभी को आधिकारिक संख्या में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लेना होगा। इस दौरान उपायुक्त ने सभी से अनुरोध किया कि पर्यावरण संरक्षण से ही हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरण के साथ एक बेहतर भविष्य प्रदान कर सकते हैं। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत भी बड़े पैमाने पर पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। पर्यावरण को संरक्षित करना हम सभी का दायित्व होना चाहिए और इस अभियान में हमें आगे बढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा इस अभियान को सफल बनाने में शामिल सभी अधिकारियों एवं संस्थाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### समाज कल्याण विभाग के द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम चलाया गया




गिरिडीह, 07 अक्टूबर 2024:- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर दिनांक 02.10.2024 से 11.10.2024 तक 10 दिवसीय विशेष कार्यक्रम आयोजित करने का निदेश प्राप्त है। इसी के निमित्त आज समाज कल्याण विभाग के द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में किशोरियों के साथ पौधारोपण कार्यक्रम चलाया गया। साथ ही बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त गुड टच-बैड टच, जेंडर समानता, यौन उत्पीडन एवं बालक-बालिकाओं से संबंधित अन्य कानून तथा साइबर सुरक्षा विषय पर कार्यशाला का भी आयोजन किया गया तथा इस संबंध में किशोरियों के बीच व्यापक जागरूकता चलाया गया। "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना" के माध्यम से लिंग आधारित भेदभाव को कम करने, शिक्षा को बढ़ावा देने तथा बालिकाओं के अस्तित्व और सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। यह कार्यक्रम बालिकाओं के लिए अधिक अवसरों का समर्थन करने, शिक्षा, कानूनी अधिकार, चिकित्सा, देखभाल, महिलाओं के प्रति हिंसा और बाल विवाह जैसे विषयों पर व्यापक जागरूकता लाना है। साथ ही विभिन्न विद्यालयों में स्वास्थ्य जांच आदि कार्यक्रमों का आयोजन करना है।

# वक्फ अमेंडमेंट बिल 2024 को केंद्र सरकार वापस ले : खालिद

रांचीः ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार नया कानून वक्फ अमेंडमेंट बिल 2024 पेश किया है जो अभी जॉइंट पार्लियामेंट्री कमिटी में गया है.अखिल भारतीय मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा की वक्फ संशोधन विधेयक तुरंत वापस लेना चाहिए क्योंकि यह वक्फ संपत्तियों को हड़पने की एक बड़ी साजिश है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, लोकसभा में प्रस्तावित नए वक्फ संशोधन विधेयक को वक्फ संरक्षण और पारदर्शिता के नाम पर वक्फ संपत्तियों को हड़पने और नष्ट करने की एक जघन्य साजिश करार दिया और सरकार से इससे दूर रहने और विधेयक को तुरंत वापस लेने का आग्रह किया। प्रस्तावित विधेयक में न केवल वक्फ की परिभाषा, संरक्षकों की स्थिति और वक्फ बोर्डों की शक्तियों के साथ छेड़छाड़ की गई है, बल्कि पहली बार केंद्रीय वक्फ परिषद और वक्फ बोर्ड के सदस्यों की संख्या बढ़ाने के नाम पर गैर-मुस्लिमों का प्रतिनिधित्व भी अनिवार्य कर दिया गया है पहले सेंट्रल वक्फ काउंसिल में एक गैर-मुस्लिम सदस्य हो सकता था, लेकिन प्रस्तावित बिल में यह संख्या 13 तक हो सकती है, जिसमें से दो का होना अनिवार्य है। इसी तरह, पहले वक्फ बोर्ड में केवल गैर-मुस्लिम ही अध्यक्ष हो सकता था, लेकिन प्रस्तावित बिल में यह संख्या 7 तक हो सकती है, जिसमें से दो का होना अनिवार्य है। यह प्रस्ताव संविधान के अनुच्छेद 26 के साथ सीधे टकराव में है, जो अल्पसंख्यकों को न केवल अपने धार्मिक और सांस्कृतिक संस्थान स्थापित करने का अधिकार देता है, बल्कि उन्हें अपनी पसंद के अनुसार संचालित करने का भी अधिकार देता है। जबकि हिंदू बंदोबस्त का प्रबंधन और रखरखाव हिंदू सदस्यों और ट्रस्टियों द्वारा किया जाना अनिवार्य है और गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सदस्य भी सिख समुदाय से होने चाहिए, यह विधेयक सीधे मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाता है। मुसलमानों के खिलाफ यह भेदभाव असंवैधानिक और अवैध है और इसकी कड़ी आलोचना की जानी चाहिए। प्रस्तावित अन्य बदलावों में वक्फ अधिनियम में वक्फ बोर्ड के सदस्यों का चुनाव होता है, लेकिन प्रस्तावित विधेयक में उन्हें मनोनीत किया जाना है। इसी तरह वक्फ बोर्ड के सीईओ की भूमिका के लिए प्रस्तावित विधेयक में मुस्लिम धर्म का पालन करने की अनिवार्यता को हटा दिया गया है। मौजूदा वक्फ अधिनियम के तहत राज्य सरकार वक्फ बोर्ड द्वारा अनुशंसित दो व्यक्तियों में से किसी एक को मनोनीत कर सकती थी, जो उप सचिव के पद से नीचे का नहीं होना चाहिए, लेकिन अब वक्फ बोर्ड द्वारा अनुशंसित होने की शर्त हटा दी गई है और वह संयुक्त सचिव के पद से नीचे का हो सकता है। ये संशोधन स्पष्ट रूप से केंद्रीय वक्फ परिषद और वक्फ बोर्डों की शक्तियों में कटौती करते हैं तथा सरकारी हस्तक्षेप का मार्ग प्रशस्त करते हैं। प्रस्तावित संशोधन विधेयक में सरकार द्वारा वक्फ संपत्तियों को अपने अधीन लेने का भी प्रावधान है।

-यदि किसी वक्फ संपत्ति पर सरकार का दावा है या वह उस पर काबिज है तो उसकी प्रकृति तय करने का अधिकार प्राधिकारी के पास है। बाकी का राजस्व कलेक्टर के पास रहेगा। अगर फैसला सरकार के पक्ष में होता है तो कलेक्टर को राजस्व मिलेगा रिकॉर्ड दुरुस्त किए जाएंगे और उसके बाद सरकार वक्फ बोर्ड से संपत्ति को अपने रजिस्टर से हटाने को कहेगी।वर्तमान अधिनियम (1995) में यह प्रावधान है कि यदि वक्त संपत्ति पर कोई विवाद है तो प्राधिकरण को उस पर विचार करने का अधिकार होगा। विवाद को निपटाने का काम वक्फ बोर्ड पर निर्भर है, जो वक्फ न्यायाधिकरण में मामले को निपटाने के लिए अपील कर सकता है।प्रस्तावित विधेयक में अब यह अधिकार कलेक्टर को भी सौंप दिया गया है। मौजूदा वक्फ बोर्ड में अधिनियम के अनुसार किसी भी विवाद को एक वर्ष के भीतर वक्फ न्यायाधिकरण के समक्ष लाया जाना आवश्यक था, जिसके बाद कोई भी विवाद अब यह शर्त भी हटा दी गई है। प्रस्तावित विधेयक में मनमानी की गई है। मुस्लिम इमारतों पर मात्र आरोपों के आधार पर यह अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है कि वक्फ संपत्तियों के प्रति उनका रवैया क्या होगा प्रस्तावित विधेयक में वक्फ अधिनियम, 1995 की धारा 40 को मनमाने ढंग से पूरी तरह से हटा दिया गया है। यह धारा वक्फ बोर्ड के दायरे, सीमाओं और अधिकारों को निर्धारित करती है, जिसके तहत वक्फ पंजीकरण, वक्फ संपत्तियों की स्थिति आदि तय की जाती है। ये सभी अधिकार अब कलेक्टर को सौंप दिए गए हैं। इसी तरह, सर्वेक्षण आयुक्त को नामित करने का वक्फ बोर्ड का अधिकार भी समाप्त कर दिया गया है। प्रस्तावित विधेयक में यह जिम्मेदारी भी कलेक्टर को सौंप दी गई है। उपयोगकर्ता द्वारा वगफ जिसका इस्लामी कानून में महत्वपूर्ण स्थान है, जिसे वगफ अधिनियम 1995 द्वारा भी मान्यता दी गई थी, अब प्रस्तावित विधेयक से हटा दिया गया है। यह संपत्ति (जैसे मस्जिद, दरगाह या कब्रिस्तान) को वक्फ़ के रूप में लंबे समय तक उपयोग करने की अनुमति देता है, लेकिन धार्मिक और धर्मार्थ उद्देश्य के लिए यह संपत्ति के उद्देश्य को वक्फ़ के रूप में स्थापित कर सकता है। उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ़ को हटाना न केवल वक्फ़ के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है बल्कि मस्जिदों और अन्य वक्फ़ियों पर सांप्रदायिक दावों को भी बढ़ाएगा। इस प्रकार, सदियों से मौजूद मस्जिद, मदरसा, दरगाह और/या कब्रिस्तान, लेकिन राजस्व रिकॉर्ड में इस तरह दर्ज नहीं किए गए, मुकदमेबाजी और राज्य अधिकारियों द्वारा अवैध कब्जे के लिए खुले रहेंगे। प्रस्तावित विधेयक में एक हास्यास्पद शर्त लगाई गई है कि केवल वही व्यक्ति वक्फ बना सकता है जो कम से कम पांच साल तक इस्लाम का पालन कर चुका हो। यह बुनियादी नैतिकता और भारतीय संविधान की भावना के खिलाफ है। वक्फ बनाने के मामले में आस्था कोई मायने नहीं रखती।

## झारखंड को प्रयोगशाला बनाने की कोशिश आरएसएस और भाजपा ना करें: सोनल शांति

रांचीः झारखंड को अपनी सांप्रदायिक सोच की प्रयोगशाला बनाने की कोशिश आरएसएस और भाजपा ना करें। झारखंड वासी अपना हित-अहित भली भांती समझते हैं। असम से भागे घुसपैठियों को शिवराज जी भाजपा शासित राज्यों में खोजे। शिवराज सिंह चौहान द्वारा झारखंड में एनआरसी लागू किए जाने के बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने जवाब देते हुए कहा कि 8वर्षों से असम में और 10 वर्षों से केंद्र में भाजपा की सरकार है लेकिन असम के रास्ते देश में घुसपैठ जारी है। श्री चौहान को असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा सरमा से जवाब मांगना चाहिए कि असम में एनआरसी की कवायद भाजपा शासन काल में वर्षों से चल रहा है उसका क्या प्रतिफल निकला, कितने घुसपैठियों की पहचान की गई, जिनकी पहचान की गई आज वह कहां है? हकीकत यह है कि असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा की नाकामी के कारण असम के रास्ते देश में घुसे लाखों घुसपैठिए देश के अन्य भाजपा शासित राज्य में फैल चुके होंगे,कार्रवाई करने की बजाय भाजपा उन्हे सेफ जोन उपलब्ध करा रही है।

## सर्वश्रेष्ठ उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

रांचीः डीएवी शिक्षादीप जय प्रकाश नगर विद्यालय मे सर्वश्रेष्ठ उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन संस्थापिका नीलम देवी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ।इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक शिवनंदन पाठक एवं कार्यक्रम मे उपस्थिति विशिष्ठ अतिथि छात्र क्लब बुद्धिजीवी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन,सेवा,समर्पण,अनुशासन एवं इतिहास रचने वाले सभी शिक्षकों को सम्मानित किया। अपने संबोधन में शिवनंदन पाठक ने कहा बच्चे बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावक एवं अपना भी नाम रौशन करते हैं इसका श्रेय शिक्षकों को ही जाता है। विद्यालय मे ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से शिक्षक प्रोत्साहित एवं उनमें हौसला अफजाई होती है। सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान डीएवी शिक्षादीप विद्यालय के प्राचार्य आलोक कुमार सहित उप प्राचार्य सुनीता मिश्रा,प्रभारी शिक्षक कुमारी मेघा दास,परीक्षा नियंत्रक चेतना उपाध्याय एवं रविता कुमारी,सीमा सिंह,सीमा मिश्रा,दिव्या साव,पूनम वर्मा,रीता सिंह,शीतल शर्मा,एकता मिश्रा,नेहा शर्मा,गिन्नी टेहरी,गौरव झा आदि आदि शिक्षकों को मोमेंटो भेंटकर *सर्वश्रेष्ठ उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान* से सम्मानित किया गया।सम्मानित शिक्षकों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते कहा हमलोगों के लिए यह पल बहुत ही अद्भुतक्षण था आज हमलोग अपने आप को बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। सभी शिक्षकों ने निदेशक मंडली के प्रति आभार प्रकट एवं उपस्थित बच्चों को नवरात्रि की शुभकामनाएं देकर कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

### जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।बरकट्ठा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ो योजना के तहत शपथ दिलाया गया। इस मौके पर सीडीपीओ निलू रानी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद, प्रभारी वार्डन सुशीला तिर्की मौजूद थीं.

सीडीपीओ निलू रानी ने शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल, महिलाओं के प्रति हिंसा को रोकथाम, बाल विवाह को रोकने के बारे में जानकारी दी. प्रदीप प्रसाद ने बताया कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ो भारत सरकार की एक विशेष योजना है. इसका लक्ष्य महिलाओं से संबंधित कल्याणकारी सेवा है।इस अवसर पर शिक्षिका अनीता देवी, पिंकी देवी, कोमल सोनी, गीता देवी, सुगिया देवी, बबीता कुमारी, रमेश रंजन समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

### युवा कांग्रेस की ओर से विधानसभा प्रखड स्तरीय बैठक आयोजित

डुमरी :डुमरी अनुमंडल किसान भवन में भारतीय युवा कांग्रेस के तरफ से विधानसभा प्रखड स्तरीय बैठक प्रखड अध्यक्ष कपिल ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे युवा_कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पुरूषोत्तम चौधरी एव जिला सचिव सरफराज अहमद (गुड्डू) उपस्थित थे।

# वक्फ कांफ्रेंस जितना ज्यादा से ज्यादा हो उतना अच्छा: अनवर



रांचीः झारखंड की राजनीतिक फिजा में चुनावी रंग चड रहा है। विधानसभा चुनाव के लिए मैदान सज रहे है। पार्टियों ने चुनावी तैयारी शुरू कर दी है। पक्ष-विपक्ष के नेताओं के भाषण और मिजाज चुनावी हैं। वहीं जमीनी स्तर पर चुनाव की तैयारी भी शुरू हो गयी है । मजबूत पकड़ का दावा किया जा रहा है। सभाओं के जरिये भीड़ बटोरकर उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश हो रही है। इसी क्रम में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष और मोमीन कांफ्रेंस के क़द्दावर नेता श्री अनवार अहमद अंसारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि झारखंड में हमारा संगठन काफी मजबूत है। झारखंड के सभी जिलों में मोमिन कांफ्रेंस और महागतबंधन की पकड़ है, झारखंड में गठबंधन की सरकार है। हमारे मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में अच्छा काम हो रहा हैं। ऐसे में हम चाहेंगे के जनता महागठबंधन उम्मीदवार को ही वोट करें। एक सवाल के जवाब में श्री अनवार अहमद अंसारी ने कहा कि मोमीन कांफ्रेंस का पुरज़ोर माँग है कि झारखंड में आगामी विधानसभा का चुनाव में मोमिनों की भागीदारी के हिसाब से चुनाव लड़ने के लिए टिकट मिलनी चाहिए हमने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से माँग की है कि झारखंड में कम से कम 6 (Six) विधानसभा सीट मिलना चाहिए ।मोमीन भाईयों की स्थिति दैनिय है ।हाल के दिनों में अनवार अहमद अंसारी की देखरेख में इरबा में वक्फ बचाओ अभियान कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन हुआ था। जिसमें झारखंड के सभी जिला के लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। इस संदर्भ में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि कॉन्फ्रेंस में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सचिव सहित बोर्ड के दो सदस्य के अलावा जेपीसी के सदस्य भी मौजूद थे। और यह किसी भी तरह से पॉलीटिकल कार्यक्रम नहीं था। वक्फ बिल पर लोगों को जागरूक करने के लिए था। उन्होंने दुख प्रकट करते हुए कहा के कुछ लोग इरबा के कॉन्फ्रेंस को बदनाम करने के साजिश कर रहे हैं, जो बिल्कुल गलत है। इरबा के कॉन्फ्रेंस से 6 अक्टूबर को आयोजित कॉन्फ्रेंस को सफल बनाने का भी ऐलान किया गया था। कुछ षड्यंत्रकारी लोग कार्यक्रम को बदनाम करने तथा अपने सियासी रोटी सेंकने के लिए अनाप-शनाप बयान दे रहे हैं। एक और सवाल का जवाब देते हुए श्री अनवार अहमद अंसारी ने कहा कि यह बातें बिल्कुल बेबुनियाद है कि लोगों को पैसा देकर कार्यक्रम में बुलाया गया था। उन्हें मालूम होना चाहिए कि हमारे पिता स्वर्गीय अब्दुर्रज़्ज़ाक़ अंसारी संयुक्त बिहार राज्य के जमीन से जुड़े हुए नेता रहे हैं। उनके द्वारा राज्य में किए गए काम को आज भी लोग याद करते हैं , हम लोग सभी भाई उन्हीं के मार्गदर्शन पर चलने की कोशिश करते हैं। उन्होंने बताया कि ऑल इंडिया पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी और बोर्ड के महासचिव मौलाना शाह मोहम्मद फजलुर्रहीम मुजद्दी देश के बड़े आलिमों में हैं इनकी समाज में बहुत इज़्ज़त है मैं ख़ुद इनकी बहुत इज़्ज़त करता हूँ ।ऑल इंडिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना शाह मोहम्मद फजलुर्रहीम मुजद्दी ने पटना के कॉन्फ्रेंस में कहा था कि हर कोई अपने-अपने संस्था और प्लेटफार्म से वक्फ बचाओ अभियान को सुचारू रूप से आगे बढ़ाएं, और इस तरह के कार्यक्रम करने वालों को साथ देने की बात कही थी।

## वंदना ने बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

ओरमांझी(मोहसीनआलम):मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव सह समाजसेविका वंदना उपाध्याय ने सोमवार को अपना जन्मोत्सव अनाथ आश्रम जाकर अनाथ बच्चों के साथ केक काटकर खुशी का इजहार किया। सिकीदिरी स्थित समर्पण अनाथ आश्रम में बच्चो को उनके शिक्षको व सभी को भोजन कराकर एवं केक खिलाकर जन्म दिन मनाया. इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक कुमार,सहित कई लोग मौजूद थे। इस अवसर पर वंदना उपाध्याय ने कहा कि हर बहनों और भाइयों को इससे प्रेरणा लेनी चाहिये। और इसी तरह अपना जन्म दिन जरूरमंद परिजनों या अनाथ अश्राम, विधवा आश्रम में जाकर अपनी खुशी इनके साथ इजहार करना चाहिए. इससे तमाम खुशियां मिलती है, जिसकी सबको जरूरत हैं. जन्मदिन की खुशी में शामिल करें। संस्था के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कहा कि समाज सेविका वंदना उपाध्याय ने अपना जन्म दिन इस तरह मनाकर औरों के लिए शिक्षा दे रही ओर प्रेरणास्त्रोत का भी काम कर रही हैं। अनाथ अश्राम के बच्चों ने इस अवसर पर समाजसेविका वंदना उपाध्याय को जन्मदिन की बधाई भी दी. उस समय काफी मार्मिक दृश्य नजर आया. जब छोटे-छोटे बच्चों के चेहरों से खुशियां झलक रही थी।

## एक लाख छात्र 14 को बापू वाटिका से छात्र अदालत पहुंचेंगे

रांचीः जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में लीक मामले को लेकर सोमवार को छात्र नेता इमाम साफी ने प्रेस वार्ता का आयोजन गांधी प्रतिमा के समक्ष किया । मौके पर सफी ने कहा जेएसएससी व जेपीएससी में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुकी है, सभी परीक्षाओं में खुलेआम सीट बेचा जा रहा है। जेपीएससी के 18 परीक्षा का सीबीआई जांच 2010 से चल रही है और आज भी वे भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारी नौकर कर रहे हैं। उनपर कोई कारवाई नहीं हो रही है। प्रथम जेपीएससी में कोपी जांचें बीना जो 16 अधिकारी बने थे उसमें एक अरबिंद कुमार लाल जो आज जेएसएससी का परीक्षा नियंत्रक हैं । जो व्यक्ति खुद भ्रष्ट तरीके से चयनीत हूआ आज वे छात्रों से भ्रष्टाचार का सबूत मांग रहा है! कहकशा कमाल ने कहा राज्य में चुनाव आचार संहिता कभी भी हो सकती है इसलिए बहुत जल्द एक बड़ा जनांदोलन *करो या मरो*/ *आयोग के समक्ष महाधरना* की आह्वान की जाएगी। उन्होंने भ्रष्ट आयोग से प्रभावित छात्र, शिक्षक व अभिभावक से अपील किया की 08 अक्टुबर सोमवार को सुबह 11 बजे बापू वाटिका पहुचें, सभी के सहमति से बड़ी आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी वरना सीजीएल,पीजीटी व वर्तमान नगरपालिका भर्ती की तरह अनवरत सीटें बेंची जाएगी और आप देखते रह जाएंगे। सत्याग्रह में इमाम सफी, कहकशां कमाल, राहुल राज, पंकज मिश्रा, रवि कुमार, चंदन कुमार ,राजेश ओझा, कमलेश चौधरी, सोएब आलम, यशवंत महतो आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

# फर्जी एफआईआर के साथ मेरे चरित्र के हनन का प्रयास किया हैः मंत्री

रांचीः स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सोमवार की एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया । जिसमें उन्होंने फर्जी एफआईआर के मामले को लेकर विरोधियों को घेरा उन्होंने कहा कि 23 अप्रैल 2023 के फर्जी वीडियो के बाद कल यानि 6 अक्टूबर 2024 को एक बार फिर फर्जी एफआईआर के साथ मेरे राजनीतिक विरोधियों नें नीचता और कुंठित मानसिकता का परिचय देते हुए मेरे चरित्र के हनन का प्रयास किया हैं लेकिन जिसके साथ भगवान शिव का आशीर्वाद और जनता का प्यार हो उसका कौन क्या बिगाड़ सकता हैं?आपको एक बात बताना चाहता हूँ कि पिछले बार भी मेरे फर्जी वीडियो को सरयू राय जी नें पोस्ट किया, फिर उनके कट्टर समर्थक, एक कथित पत्रकार और स्वास्थ्य विभाग के एक चिकित्सक जिन पर विभागीय कार्यवाई चल रही हैं नें प्रत्येक व्हाट्सप्प ग्रूप और सोशल मीडिया पर वायरल कर झूठा प्रचार प्रसार कर मेरी राजनीतिक छवि को बिगाड़ने और चरित्र हनन करने का दुह्साहस किया था!

इस बार भी सरयू राय समर्थक जो ब्लैक मैलिंग, चरित्र हनन और झूठे खबरों को प्रचारित करने में एक्सपर्ट हैं जो खुद में थाना, वकील, जज बनकर किसी का भी चरित्र हनन करने में संकोच नहीं करते हैं उन सरयू समर्थकों नें ही फिर एक बार कल मुझे नीचे दिखाने और चरित्र हनन के लिए एक सोची साझी साजिश के तहत प्लान वे में इस झूठी फर्जी एफआईआर को हर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रचारित और प्रसारित किया क्यूंकि जमशेदपुर मे मेरा एक बड़ा कार्यक्रम प्रस्तावित था !मेरा कसूर क्या हैं, क्या मैं बैकवर्ड हूँ ये मेरा कसूर हैं?क्या मैं एक पिछड़े वर्ग परिवार से आता हूँ ये मेरा कसूर हैं?क्या मेरा शोषित, वंचित, गरीबों, ऑटो चालकों, ठेला वाला, खोमचा वाला, गोलगप्पा वाला मतलब गरीब लोगो का साथी हूँ उनके हक और अधिकार की बात करता हूँ ये मेरा कसूर हैं?

आज मैं सरयू राय जी से पूछना चाहता हूँ आप 10 साल विधायक रहें, 5 साल मंत्री रहें तो आपने मानगो फ्लाईओवर के बारे क्यों नहीं सोचा?एमजीएम अस्पताल के जीर्णोद्धार के बारे में क्यों नहीं सोचा? आप हर साल स्वर्णरेखा का पानी बोतल में बंद कर लें जाते रहें, कॉर्पोरेट घरानो को डराते धमकाते रहें लेकिन रिपोर्ट क्यों नहीं सार्वजनिक करते हैं?स्वर्णरेखा के जीर्णोद्धार के लिए आपने क्या किया हैं?जब मैंने जाममुक्त जमशेदपुर के सपने को साकार करने हेतु मानगो फ्लाईओवर निर्माण में आगे बढ़ते हुए अधिकारीयों के साथ स्थल निरीक्षण किया तो इनके पेट में दर्द शुरू हुआ, कभी इस परियोजना को सफ़ेद हाथी कहा, पैसे की बर्बादी कहा, मुझे हठधर्मी कहा और इस परियोजना को रोकने के लिए टाटा स्टील, फारेस्ट, एनजीटी, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, मुख्यसचिव समेत ना जाने कितने लोगो और संस्थाओं को पत्र लिखकर विकास कार्य को रोकने एवं बाधा डालने का प्रयास किया लेकिन जमशेदपुर की जनता का आशीर्वाद और माँ भगवती के आशीर्वाद से मानगो फ्लाईओवर निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी हैं!

साकची स्थित पुराना एमजीएम बहुत पुराने कालखंड में उस समय के हिसाब से बना था, अब आबादी बढ़ी हैं, व्यवस्था भी उसी तरीके से होना चाहिए, इसलिए मैंने 2016 से लटके डिमना स्थित 751 बेड वाले नव निर्मित सुपर स्पेशलिस्ट एमजीएम अस्पताल के निर्माण में होने वाले बाधाओं और अडचनों को दूर कर वो भी जब कोरोना काल था तब भी निरीक्षण कर मैंने निर्माण कार्य को ना सिर्फ पूरा कराया बल्कि 5 अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के कर कमलों से अस्पताल भवन का उद्घाटन कर ओपीडी सेवा जनता को समर्पित कर दिया! उसी एमजीएम अस्पताल परिसर में 100 बेड का सीसीयू (CCU) का निर्माण कार्य का भी शिलान्यास हो गया हैं और जल्द निर्माण कार्य पूरा होगा!

दूसरी तरफ, साकची स्थित जर्ज़र हो चुकी पुराने एमजीएम अस्पताल के बदले 500 बेड के मल्टी सुपरस्पेशलिस्ट अस्पताल के नए भवनो का निर्माण कार्य भी युद्ध स्तर पर जारी हैं और जल्द ही जनता को ये सौगात भी भेट किया जायेगा हम कह सकते हैं कि दोनों अस्पताल के कुल 851+500=1351 बेड के चालू होने के बाद एमजीएम अस्पताल के ऊपर जो सवाल उठते थे वो खत्म हो जायेंगे!

लेकिन राय जी आपनें क्या किया अपने 10 साल के पश्चिम विधानसभा के विधायक और मंत्री होने के शासनकाल में और वर्तमान में 5 साल के पूर्वी के विधायक होने के काल में?

सिर्फ चिठ्ठी लिखते रहें? और अपने साथ 4 लोगो के साथ जाकर एमजीएम की कुव्यवस्था का रोना रोया?

राय जी, आपको ये चश्मा गिफ्ट कर रहा हूँ, इस चश्मे से आपको अस्पताल परिसर मे बदलाव दिखेंगे, चाहें मेन गेट मे होमगार्ड की तैनाती हो, पैबर्स ब्लॉक से बनी सडके हो, व्यवस्थित पार्किंग की सुविधा, जाँच के लिए कम दर पर अस्पताल परिसर मे ही जाँच केंद्र की सुविधा, इमरजेंसी वार्ड मे 20 नए बेड की व्यवस्था,पीएसए प्लांट की स्थापना, आयुष्मान और मुख्यमंत्री गंभीर उपचार योजना के तहत इलाज की सुविधा, मरीजों के लिए पोष्टीक भोजन की व्यवस्था और बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य जैसे कई बदलाव आपको इस चश्मे से दिखेंगे!

7)जब आस्था के महासंगम और हमारे सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक स्वर्णरेखा नदी के सौंदर्यकरण और जीर्णोद्धार के लिए कार्य शुरू कर रहा था ताकि इसकी सुंदरता, निर्मलता और पवित्रता की रक्षा हो सकें और प्राचीन स्वर्णरेखा दुमुहानी घाट एवं टुसु घाट को एक राष्ट्रीय धरोहर के रूप मे पहचान मिल सकें एवं इस संगम घाट को पर्यटन स्थल जैसा स्वरूप मिल सकें तो आप लगे इस धार्मिक कार्य का विरोध करने, एवं छट घाट निर्माण कार्य को रोकने के लिए एनजीटी को पत्र लिखते है, यहाँ तक के हाई कोर्ट मे केस करने की धमकी तक देते है, विरोध मेरा हो तो चलेगा लेकिन जमशेदपुर की जनता नें आपका क्या बिगाड़ा हैं और धार्मिक कार्य का विरोध आप क्यों करते हैं?

आपने आरोप लगाया नदी का पेट फाड़ रहें हैं, बालू छान रहें हैं और दिखावा कर रहें हैं आपसे आग्रह हैं इसी चश्मे से आप दोमुहानी का विकास देख कर आइये, आपको अच्छा लगेगा और सेहत भी दुरुस्त होगी, कल ही 50 हजार से ज्यादा लोगो नें हाथ खडे कर और मोबाइल लाइट की रौशनी दिखा कर दोमुहानी मे हुए विकास कार्य का समर्थन किया हैं और मुझसे वादा किया हैं कि हजारों की संख्या मे छठ पूजा करने आएंगे!

जब चरित्र की बात आ गई हैं तो सरयू राय जी आप बताइये कि आपके और उस महिला जिसके साथ आप हर धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होते हैं एक पति पत्नी की तरह साथ पूजा करते हैं उनसे क्या रिश्ता हैं? उस बेटे के साथ आपका क्या रिश्ता हैं?

जब आप दुसरो के राजनीतिक सुचिता और चरित्र पर सवाल उठवाते हैं तो खुद क्यों नहीं बताते हैं कि ये रिश्ता हैं? भारत में लिव इन रिलेशन को कानूनी मान्यता मिल चुकी हैं तो आप क्यों जमशेदपुर और झारखंड की जनता को गुमराह कर रहें हैं?

## विधानसभा चुनाव लडेगी सीपीआई : पी.के .पांडेय




रांचीः बिशनपुर विधानसभा के टोटो में सीपीआई का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कामरेड बसंत गोप की अध्यक्षता में कार्यकर्म की शुरुआत हुई। संचालन जिला सचिव कॉम महेंद्र उरांव के द्वारा किया गया।कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य रूप से राष्ट्रीय परिषद सदस्य कॉम पी के पांडेय,गुमला जिला प्रभारी अजय सिंह,झारखंड राज्य किसान सभा के महासचिव पुष्कर महतो आंदोलन कारी जितेंद्र कुशवाहा,मुख्य रूप से शामिल हुए।कार्य कर्ता सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कॉम पीके पांडेय ने कहा की सीपीआई का एक एक कार्यकर्ता रात दिन शोषित और वंचितों की लड़ाई लड़ता रहा है और सैकड़ों साथियों ने संघर्ष में अपनी शहादत दिया है।विशुनपुर की जनता पिछले कई सालों से लगातार ठगी जा रही है ।लेकिन अब नही वक्त आ गया है विधान सभा में लाल झंडा का प्रतिनिधी सीपीआई का विधायक सदन में जाए। झारखंड आंदोलनकारी एवम किसान सभा के पुष्कर महतो ने कहा की जल जंगल जमीन की रक्षा और समता जजमेंट को लागू करे। क्षेत्र का विकास पूरी तरह से ठप है ,जनता आज नदी और तालाबों के पानी पर निर्भर है,विकास क्षेत्र का तो नही मगर विधायक का हुआ है।ऐसे विधायक को इस बार हम सबक सिखाएंगे और हमारे सभी कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए गांव गांव जाकर जनता की समस्याओं को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाएंगे और जनता से वादा करेंगे की सीपीआई आपके साथ हमेशा खड़ा रहेगा एक बार सीपीआई की भी आजमा कर देखें, इस कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य रूप से अनिल असुर जोनी उरांव,मिजोव ,रोजलिन तिर्की सीताराम उरांव इंदु, सही सैकड़ों लोग शामिल थे

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

## नशीले पदार्थों का कारोबार दवा के माध्यम से सबसे खतरनाक दौर पर

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में गुजरात की एटीएस और दिल्ली स्थित नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड की संयुक्त टीम ने 907 किलो,1814 करोड रुपए कीमत की एमडी ड्रग्स बरामद की है। कुछ दिन पहले दिल्ली पुलिस ने 5600 करोड रुपए की एमडी ड्रग्स बरामद की है। दिल्ली पुलिस ने इसका मास्टरमाइंड तुषार गोयल को बताया है। एक सप्ताह के अंदर 7474 करोड रुपए की ड्रग्स बरामद होने से देश में राजनीतिक हलकों में तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। पंजाब के अमृतसर में भी हजारों करोड रुपए की ड्रग्स बरामद हुई है। अमृतसर एयरपोर्ट में पकड़े गए अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स सिंडिकेट के प्रमुख जतिन्द्र सिंह की निशानदेही पर अमृतसर से नेपाल तक फैले नशे के कारोबार का बड़ा खुलासा हुआ है। गुजरात के मुद्रा पोर्ट से कुछ महीने पहले 23000 करोड रुपए से अधिक के नशीले पदार्थों की खेप पकड़े जाने का मामला उजागर हुआ था। इस मामले को बड़ी तेजी के साथ दबा दिया गया था नारकोटिक्स विभाग ने भी छुपी साध ली थी। केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने भी इस मामले में कोई बयान जारी नहीं किया था। मीडिया ने भी उसे समय इस मामले को दवा लिया था। गुजरात के रास्ते से सारे देश भर में नशीले पदार्थों का कारोबार बड़ी तेजी के साथ पिछले कुछ वर्षों में फैला है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने नशीले पदार्थों के कारोबार को चुनाव का मुद्दा बनाया। इसके पहले पंजाब विधानसभा के चुनाव मे उड़ता पंजाब युवाओं में नशे की आदत को लेकर यह मामला प्रकाश में आया था। जिसमें युवाओं को नशे की लत में डालने की बात कही गई थी। मुद्रा पोर्ट में जो नशीले पदार्थ जप्त हुए थे। उसको लेकर नारकोटिक्स विभाग और केंद्र सरकार ने आज भी चुप्पी साध रखी है। अब एक बार फिर नशीले पदार्थों की तस्करी का मामला तूल पकड़ने लगा है। अफगानिस्तान, पाकिस्तान के रास्ते, गुजरात होते हुए, भारत में नशीले पदार्थों का कारोबार बड़ी तेजी के साथ सभी राज्यों में फैला है। नशीले पदार्थों से दवा कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर दवाइयां तैयार कर नशीली दवाइयां बेची जा रही हैं। ड्रग्स की गोलियां तैयार कर दवा के रूप में नशीले पदार्थों का कारोबार बड़े पैमाने पर स्कूल,कॉलेज,दवा की दुकानों से खुले आम हो रहा है। हर छोटे बड़े शहरों में नशीले पदार्थों का कारोबार करने वाले गैंग सक्रिय हो गए हैं। जो युवाओं को नशे की लत डालकर भारी कमाई कर रहे हैं। नशीले पदार्थों का कारोबार करने वाली गैंग स्कूल, कॉलेज,हॉस्टल तथा भीड़भाड़ वाले इलाकों में बड़े पैमाने पर ड्रग्स उपलब्ध करा रही है। एक बार नशे की लत लग जाती है। उसके बाद इस मनमाने कीमत पर बेचा जाता है। गुजरात के गृहमंत्री हर्ष सिंह संघवी ने 1814 करोड रुपए की ड्रग भोपाल से बरामद करने की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से दी। गुजरात एटीएस पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो दिल्ली ने भोपाल पुलिस को इसकी खबर नहीं लगने दी। गोपनीय तरीके से छापा डाला गया था। हरियाणा में जिस तरह से नशीले पदार्थों का कारोबार चुनावी मुद्दा बना। उसके बाद एकाएक नारकोटिक्स विभाग और गुजरात की पुलिस सकीर्य हुई है। भोपाल के औद्योगिक क्षेत्र की एक बंद बड़ी इकाई में एमडी ड्रग्स का निर्माण और वितरण का कारोबार अवैधानिक तरीके से किया जा रहा था। केवल एक फैक्ट्री से 1814 करोड रुपए की ड्रग्स बरामद होना इस बात की और इशारा करता है,कि सारे देश एमडी ड्रग्स के माध्यम से नशीले पदार्थों का कारोबार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। एमडी ड्रग्स का रासायनिक नाम मिथाइल डायोक्सी मैथएंफोट्टामाइन है। इसको दवा और पाउडर के रूप में विकसित कर नशे के रूप में बेचा जाता है। इसका नशा कम से कम 6 घंटे तक बना रहता है। जो भी इस नशे का उपयोग करता है। उससे उत्तेजना आती है, उसे आनंद की अनुभूति होती है। नशा करने पर उसे लगता है, जैसे वह हवा में उड़ रहा है। इस कारोबार में अब अपराधी ही नहीं, वरन दवा विक्रेता, दवा निर्माता, भी शामिल हो गए हैं। जिसके कारण बड़ी तेजी के साथ भारत के युवा नशे के शिकार हो रहे हैं। इस मामले के तार पाकिस्तान, अफ़गानिस्तान, दुबई से भी जुड़े हुए हैं। पुलिस जांच में जानकारी लगी है। दुबई में बैठे ड्रग्स सिंडिकेट द्वारा भारत में नशे का कारोबार किया जा रहा है। मास्टरमाइंड वीरेंद्र वसोया से पंजाब में 10 करोड रुपए की जो कोकीन बरामद हुई है। उसे मामले की पूछताछ मैं जो जानकारी सामने आई है। उसके अनुसार इस अंतरराष्ट्रीय रैकेट में बड़े-बड़े राजनेता, अधिकारियों का संरक्षण होने से, यह कारोबार बड़ी तेजी के साथ भारत में फैल रहा है। नशीले पदार्थों को दवा के विभिन्न माध्यम जिसमें कफ सिरप और अन्य दवाइयां भी शामिल हैं। स्कूल,कॉलेजों के छात्रों के बीच में संभ्रांत परिवारों के युवाओं में नशे के रूप में घर-घर पहुंच गए हैं। एक बार आदत लगने के बाद आदत छूटती नहीं है। पहली बार नारकोटिक्स विभाग और कई राज्यों की पुलिस ने मिलकर एक साथ इस मामले में कार्रवाई की है। मध्य प्रदेश के बागरोदा औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री में मादक पदार्थ के रूप में मेफ़ेड्रोन दवा का अवैध निर्माण किया जा रहा था। इस तरह की फैक्ट्रियां सभी राज्यों में चल रही हैं। ड्रग्स कई राज्यों में सप्लाई की जा रही हैं पंजाब और मुंबई के बड़े-बड़े तस्करों द्वारा सुनयोजित रूप से नशे का कारोबार किया जा रहा है। नशे का यह कारोबार जिस तरह से बढ़ रहा है। गुजरात के रास्ते जिस तरह से नशे का कारोबार सारे देश भर में फैला है। नशे के इस अवैध कारोबार को राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण मिलने के कारण ही यह तेजी के साथ देशभर में फैलता चला जा रहा है। इससे देश की सुरक्षा भी गहरे संकट में है। नशे के इस कारोबार में बड़े-बड़े राजनेता बड़े-बड़े अधिकारी और बड़े-बड़े अपराधियों का जो गठजोड़ बन गया है। वह चिंता का सबसे बड़ा कारण है।

## भगवान के नाम पर 23 रुपये किलो की लागत का देशी घी!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

मंदिर में दीया जलाना हो,घर मे पूजा के लिए इस्तेमाल करना हो,हवन करना हो या फिर किसी की मृत्यु हो जाने पर उसका अंतिम संस्कार करना हो तो हम बाजार जाकर पूजा वाला देशी घीखरीदते है।बाजार में खाने वाला देशी घी कम से कम 800 रुपये प्रति किग्रा मिलता है ,जबकि पूजा का घी मात्र डेढ़ सौ रुपये से साढ़े चार सौ रुपये तक की कीमत में उपलब्ध है,हालांकि इस घी को बनाने की लागत मात्र 23 रुपये प्रति किग्रा आती है। मिलावटखोर तो आस्था के नाम पर ही चोट कर ही रहे हैं,हम स्वयं भी सस्ते के चक्कर मे भगवान को चूना लगा रहे है। बाजार और मंदिरों के आसपास दुकानों पर यह नकली देशी घी खुले आम बिक रहा है। जिसे लोग भगवान के भोग व दीया-बाती और खान-पान तक में इस्तेमाल कर रहे हैं। खुलेआम बिक रहे ऐसे देशी घी के खिलाफ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग या फिर खाद्य विभाग की टीम ने आज तक कोई कार्रवाई नही की है।

यही घी मंदिरों में चढ़ाया जा रहा है, वहीं घरों में पूजा के लिए भी यही नकली घी बिक भी रहा है।

विवाह, कुआं पूजन ,नामकरण या फिर गृह प्रवेश हो। इन मांगलिक कार्यों में ये देशी घी खूब इस्तेमाल किया जा रहा है। पंडित की ओर लिखी जाने वाली पूजन सामग्री के पर्चे को लेकर लोग दुकानदार के पास पहुंचते हैं और पूजन सामग्री को बिना जांचे-परखे पैकिंग करा ले आते हैं। कानपुर में जाजमऊ से गंगा के किनारे 10 -12 किलोमीटर के दायरे में सैंकड़ों चमड़े व चर्बी की भट्टियां धधक रही हैं।

इस चर्बी से एनामिल पेंट , ग्लू फेविकोल आदि जिन्हें हम कागज, लकड़ी जोड़ने के काम में लाते है व तथाकथित पूजा वाला घी बनाया जाता है। इसका सबसे ज़्यादा प्रयोग भंडारे जैसे आयोजनों के लिए भी होता हैं। लोग 15 किलो वाला नकली घी का टीन खरीद कर मंदिरों में दान करके पूण्य कमा रहे हैं। यह बढ़िया रवे दार दिखने वाला नकली देशी घी सुगंध में भी एसेंस की मदद से बेजोड़ होता है। जो लोग अनजाने खुद को शाकाहारी समझते हैं। जीवन भर मांस अंडा तक नही छूते । वे पूजा के नाम पर इसका उपयोग कर रहे है। यदि घी का रंग चटक लाल हो जाये, तो घी में डालडा मिलाया गया है.

एक चम्मच घी में चार से पांच बूंद आयोडीन मिलाएं, घी का रंग नीला पड़े, तो उबला हुआ आलू मिलाया गया गया है।

एक चम्मच घी में दो एमएल हाइड्रो क्लोरिक एसिड डालने पर घी लाल हो जाये, तो कोलतार डाई का इस्तेमाल किया गया है।

थोड़ा सा घी लेकर हथेली के पीछे भाग में रगड़ें. यदि 25 मिनट में ही घी का सुगंध चला जाये, तो मिलावटी घी होगा।

# पंजाब के बाद उड़ता मध्य प्रदेश

**राकेश अचल**

| हरियाणा और जम्मू-काश्मीर विधानसभाओं के लिए चुनाव होने के बाद आज और कल का दिन खबरों के लिहाज से शून्यकाल है। इस शून्यकाल में मै अपने सूबे मध्यप्रदेश को ले रहा हूँ । एक जमाना था जब देश में पंजाब उड़ता पंजाब हो गया था और एक समय ये है कि हमारा मध्यप्रदेश पंजाब के बाद अब उड़ता मध्यप्रदेश हो गया है।मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सूबे के हर जिले में बरसाना बसना चाहते हैं लेकिन उनकी पुलिस की अकर्मण्यता ने प्रदेश के हर जिले में ड्रगिस्तान बसा दिए है। मध्यप्रदेश कमाई उड़ता हुआ तो बहुत दिनों से देख रहा था,लेकिन इस बारे में लिखने में संकोच कर रहा थी । कौन अपनी जाँघा उघाड़कर दिखाए, लेकिन जब माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दस मोदी जी ने शनिवार को महाराष्ट्र में कहा कि-" कांग्रेस नशे के पैसों से चुनाव लड़ना चाहती है तो मुझे अपना उड़ता हुआ मध्यप्रदेश नजर आने लगा। दुनिया जानती है कि भारत में मोदी युग के कथित अमृतकाल की वक्त ने उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है । 8 अक्टूबर को इसका प्रमाण भी मिलने जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री जी के कांग्रेस पर लगाए गए आरोप के कुछ ही घंटों बाद डबल इंजिन से चलने वाली प्रचंड बहुमत वाली मप्र सरकार की राजधानी भोपाल में 1800 करोड़ रू.के ड्रग्स मेफेद्रोन [ एम डी ] की फ़ेक्ट्री और 5000 करोड़ के कच्चा माल भी पकड़ा गया है। आपको पता है कि मध्यप्रदेश के भोपाल और इंदौर शहर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू है। इसके लागू होने के चलते ये यह फ़ेक्ट्री कई दिनों से चल रही थी लेकिन किसी को इसकी भनक तक नहीं थी । या फिर पुलिस कमिश्नर से लेकर दूसरे तमाम लोग इस नशे के कारोबार के बारे में सब कुछ जानते हुए इसे संरक्षण दे रहे थे,क्योंकि पैसा सबको चाहि। सरकार को भी और पुलिस वालों को भी। सब जानते हैं कि मध्यप्रदेश में पिछले 21 वर्ष से भाजपा कि सरकार है न कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप साहब की सरकार। मुमकिन है कि कांग्रेस नशे के पैसे से चुनाव लड़ रही हो लेकिन हकीकत ये है कि माननीय प्रधानमंत्री जी के गृहराज्य गुजरात जिसे गांधी का गुजरात भी कहा जाता है पिछले अनेक वर्षों से नशे का हृदय प्रदेश बना हुआ है। मप्र की सीमाओं से सभी क़िस्म का नशा गुजरात होते हुए गोवा तक जा रहा है । अब गुजरात में हमारे पड़ौसी पाकिस्तान के नवाज़ शरीफ़ की सरकार तो है नहीं। गुजरात में भी 22 साल से दुनिया कि सबसे बड़ी पार्टी भाजपा कि सरकार है। खास बात ये है कि जिस प्रदेश में पूर्ण शराब बंदी हैं वहां देश कि सबसे बड़ी नशे की मंडी बन गयी है मध्यप्रदेश में तो नशे कि बड़ी खेप कल पकड़ी गयी है किन्तु आपको याद होगा कि . गुजरात के ही मुंद्रा पोर्ट में 22 हज़ार करोड़ रू. की ड्रग बहुत पहले पकड़ी जा चुकी है। यह पोर्ट किसका है और पोर्ट वाले पर किसकी कृपा बरस रही है ये देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया जानती है। यह ड्रग्स कहां से आई, किसने भेजी,कहां-कहां पहुंचनी थी, यह रहस्य काल के गाल में कहां समा गय। यह भी ठीक वैसा ही रहस्य है,जैसे जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में हमारे 40 सैनिकों की शहीदी के लिए चाक चौबंद सुरक्षा के बावजूद भी 350 क्विंटल आरडीएक्स कहां से आया था ?

मुझे हैरानी है कि प्रधानमंत्री जी के अधीन देश के सुरक्षा सलाहकार, तीनों सेना,रॉ,एनआईए,सीबीआई जैसी तमाम महत्वपूर्ण सुरक्षा एजेंसियां मौजूद हैं, फिर भी डबल इंजिन से चलने वाले गुजरात और मध्यप्रदेश में आख़िरकार इसतरह की सेंध कहां से लग रही है ? कौन लगा रहा हैं ? क्या यह सरकार संरक्षित उपक्रम है या इन सभी एजेंसियों को पंगु बना दिया गया है ? हम जैसे नामुराद लोग अक्सर सत्ता प्रतिष्टान में बैठे लोगों को आइना दिखने का काम करते आये हैं। इसलिए अनुरोध भी करते रहते हैं कि सत्ताधीश इसे अपना अपमान नसमझे । उन्हें पता होना चाहिए कि आइना चाहे कांच का हो या पानी का सही तस्वीर दीखता है । नारद जी को भी इसी जल मुकुर ने उनका मर्कट रुप तब दिखाया था जब वे राजकुमारी के मोह में पड़ गए थे। मेरा मध्य प्रदेश के पढ़े-लिखे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से अनुरोध है कि वे बात-बात पर पुलिस अधिकारीयों का तबादला करने,उन्हें निलंबित करने के बजाय सबसे पहले अपने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को ही बदल ले, बेहतर हो कि वे पुलिस कमिश्नर प्रणाली कि ही समीक्षा कर देखें । क्योंकि यदि पुलिस कमिश्नर प्रणाली में छेड़ न होते तो मध्यप्रदेश आसानी से उड़ता मध्यप्रदेश न बन पाता। मध्यप्रदेश में गुजरात कि पुलिस का घुसना और दर्ज का जखीरा पकड़ना ही इस बात का प्रमाण है कि इस कारोबार के पीछे मध्यप्रदेश कि पुईस भी होगी और चुनाव लड़ने वाले लोग भी। ड्रग माफिया पर रेड की कार्रवाई अचानक तो नहीं हुई है। जाहिर है कि मध्यप्रदेश पुलिस ने जब इस तरह कार्रवाई करने से अपना चेहरा छिपाया होगा तब जाकर गुजरात एटीएस ने यह कार्रवाई की योजना बनाई होगी ,क्योंकि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की सूचना होती तो कार्रवाई करने के लिए गुजरात एटीएस की मदद नहीं लेती। दोनों राज्यों में एक ही दल की सरकार है इस सूचना को मध्यप्रदेश पुलिस को बता कर कार्रवाई कराई जा सकती थी। परंतु मध्य प्रदेश पुलिस पर गुजरात एटीएस को कदापि भरोसा नहीं था यह कारण है कि जब सूचना पर कार्रवाई करने की बात आयी तो नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की मदद ली। सूचना एनसीबी की होती तो वह मध्यप्रदेश पुलिस के साथ मिलकर कार्यवाही कर लेता। प्रश्न उठता है कि यह सब ड्रग्स का कारोबार मध्यप्रदेश में कब से चल रहा था और इसका किन किन प्रांतों में फैलाव है। इस नेटवर्क से जुड़े हुए मध्यप्रदेश के तस्करों को चिन्हित कर गिरफ़्तार किया जायेगा या नहीं ? जिस जगह पर जिस व्यापक स्तर पर यह कारोबार चल रहा था उस पर भोपाल पुलिस, क्राइम ब्रांच, एसटीएफ़, ख़ुफ़िया विभाग, राज्य नारकोटिक्स ब्यूरो किसी को पता नहीं चलना यह दर्शाता है कि पुलिस कुछ भी नहीं कर रही है और यह स्पष्ट रूप से पुलिस विभाग के मुखिया की नेतृत्व क्षमता पर सवाल खड़े करता है क्योंकि उनकी इस कमजोरी का सीधा प्रतिकूल असर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री की छवि व नेतृत्व क्षमता पर पड़ता है। उड़ते मप्र के मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश को बतौर मुख्यमंत्री व बतौर गृहमंत्री मध्यप्रदेश अपनी छाप वैसे ही छोड़ना चाहिए जैसे डम्फर से एक्सीडेंट पर परिवहन आयुक्त और गुना के पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को हटा दिया था या गोवंश पर सर्वाधिक कार्रवाई करने वाले ज़िले में कुछ गोवंश को मार कर फेंकने के मामले में सिवनी के पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को हटा दिया था या एक दीवार गिरने पर सागर के पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को हटा दिया था या एक प्रायोजित दंगा रोकने और दंगाइयों पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस अधीक्षक रतलाम के हटाने की कार्रवाई करके दिया था। या फिर डॉ मोहन यादव वैसी ही चुप्पी साध लेंगे जैसे लोकसभा चुनाव की घोषणा और परिणाम की घोषणा के मध्यप्रदेश पुलिस की छवि धूमिल करने और अकर्मण्यता के कारण शहडोल, आगर मालवा, अशोक नगर और सिहोर के पुलिस अधीक्षकों को हटाते -हटाते इनका नाम लेना तक भूल गए।

# बेहद शक्तिशाली हो चुकी है भारतीय वायुसेना

**योगेश कुमार गोयल**

**भारतीय वायुसेना के स्थापना दिवस पर विशेष**

भारतीय वायुसेना 8 अक्तूबर को अपना 92वां स्थापना दिवस मना रही है। प्रतिवर्ष इस विशेष अवसर पर वायुसेना अपने शौर्य और शक्ति का अभूतपूर्व प्रदर्शन करती है। इस बार अपने 92वें स्थापना दिवस से पहले भारतीय वायुसेना ने 6 अक्तूबर को चेन्नई के मरीना बीच पर भव्य एयर शो का आयोजन किया, जिसमें राफेल, मिग-29, त्तेजस, सुखोई-30 एमकेआई जैसे अत्याधुनिक फाइटर जेट्स सहित वायुसेना के कुल 72 विमानों ने अपनी ताकत और कुशलता का प्रदर्शन किया और जांबाज वायुवीरों ने भी अपने अदम्य साहस और शौर्य का प्रदर्शन किया। आसमान में वायुवीरों के प्रदर्शनों को देखकर हर कोई रोमांच से भर उठा। एयर शो का सबसे प्रमुख आकर्षण रहा ऐतिहासिक विरासत के रूप में दिखाया गया प्रथम विश्वयुद्ध में इस्तेमाल हुआ हार्वर्ड टी-6जी टैक्सन एयरक्राफ्ट, जिसे भारतीय वायुसेना ने वर्ष 1974 तक ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल किया था। राफेल, मिग-29, सुखोई-30 एमकेआई, तेजस जैसे फाइटर जेट्स, सारंग, लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर (प्रचंड), एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (ध्रुव) जैसे हेलीकॉप्टर तथा सी-295, अपाचे, डकोटा, चेतक, जगुआर इत्यादि अन्य एयरक्राफ्ट भारतीय वायुसेना की अभेद्य ताकत बन चुके हैं। भारतीय वायुसेना दिवस के अवसर पर हर साल एयर शो आयोजित करने का प्रमुख उद्देश्य न केवल पूरी दुनिया को भारत की वायुशक्ति से रूबरू कराना है बल्कि युवाओं को वायुसेना में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना भी है।

भारतीय वायुसेना में इस समय राफेल, सुखोई 30, मिराज 2000, जगुआर, तेजस, आरपीए 50, मिग-27, मिग-29 के अलावा हेलीकॉप्टर ध्रुव, चिनूक, चेतक, चीता, एमआई-8, एमआई-17, एमआई-26, एमआई-25 एचएएल लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर, एचएएल रुद्र इत्यादि अत्याधुनिक विमान शामिल हैं, जो किसी भी विकट स्थिति में दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम हैं। भारतीय वायुसेना को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना होने का गौरव हासिल है। देश की करीब 24 हजार किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी भारतीय वायुसेना पूरी मुस्तैदी के साथ निभाती रही है और वायुसेना के बेड़े में दमदार लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों तथा अत्याधुनिक मिसाइलों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है, जिनके कारण हमारी वायुसेना अब पहले के मुकाबले कई गुना शक्तिशाली हो चुकी है। अब हम हवा में पहले के मुकाबले बहुत मजबूत हो चुके हैं तथा दुश्मन की किसी भी तरह की हरकत का अधिक तेजी और ताकत के साथ जवाब देने में सक्षम हैं। भारत के मुकाबले चीन के पास भले ही दो गुना लड़ाकू और इंटरसेप्टर विमान हैं, भारत से दस गुना ज्यादा रॉकेट प्रोजेक्टर हैं लेकिन रक्षा विश्लेषकों के अनुसार चीनी वायुसेना भारत के मुकाबले मजबूत दिखने के बावजूद भारत का पलड़ा उस पर भारी है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक गिनती और तकनीकी मामले में भले ही चीन सहित कुछ देश हमसे आगे हो सकते हैं लेकिन संसाधनों के सटीक प्रयोग और बुद्धिमता के चलते दुश्मन देश सदैव भारतीय वायुसेना के समक्ष थर्राते हैं। भारत के मिराज-2000 और एसयू-30 जैसे जेट विमान ऑल-वेदर मल्टीरोल विमान हैं, जो किसी भी मौसम में और कैसी भी परिस्थितियों में उड़ान भर सकते हैं। मिराज-2000, मिग-29, सी-17 ग्लोबमास्टर, सी-130जे सुपर हरक्यूलिस के अलावा सुखोई-30 जैसे लड़ाकू विमान करीब पौने चार घंटे तक हवा में रहने और तीन हजार किलोमीटर दूर तक मार करने में सक्षम हैं। एक बार में 4200 से 9000 किलोमीटर की दूरी तक 40-70 टन के पेलोड ले जाने में सक्षम सी-17 ग्लोबमास्टर एयरक्राफ्ट भी वायुसेना के बेड़े में शामिल हैं। चिनूक और अपाचे जैसे अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर भी वायुसेना की मजबूत ताकत बने हैं। इनके अलावा भारत के पास दुश्मन के रडार को चकमा देने में सक्षम 952 मीटर प्रति सैकेंड की रफ्तार वाली ब्रह्मोस मिसाइलों सहित कई अन्य घातक मिसाइलें भी हैं, जिनकी मारक क्षमता से दुश्मन देश थर्राते हैं।

भारतीय वायुसेना की जाबांजी के अनेक किस्से दुनियाभर में विख्यात हैं। हमारी वायुसेना चीन के साथ एक तथा पाकिस्तान के साथ चार युद्धों में अपना पराक्रम दिखा चुकी है।

भारतीय वायुसेना की स्थापना ब्रिटिश शासनकाल में 8 अक्तूबर 1932 को हुई थी और तब इसका नाम था 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स'। 1945 के द्वितीय विश्वयुद्ध में रॉयल इंडियन एयरफोर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस समय वायुसेना पर आर्मी का ही नियंत्रण होता था। इसे एक स्वतंत्र इकाई का दर्जा दिलाया था इंडियन एयरफोर्स के पहले कमांडर-इन-चीफ सर थॉमस डब्ल्यू एल्महर्स्ट ने, जो हमारी वायुसेना के पहले चीफ एयर मार्शल बने थे। 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स' की स्थापना के समय इसमें केवल चार एयरक्राफ्ट थे और इन्हें संभालने के लिए कुल 6 अधिकारी और 19 जवान थे। आज वायुसेना में डेढ़ लाख से भी अधिक जवान और हजारों एयरक्राफ्ट्स हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् वायुसेना को अलग पहचान मिली और 1950 में 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स' का नाम बदलकर 'इंडियन एयरफोर्स' कर दिया गया। एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी इंडियन एयरफोर्स के पहले भारतीय प्रमुख थे। उनसे पहले तीन ब्रिटिश ही वायुसेना प्रमुख रहे। इंडियन एयरफोर्स का पहला विमान ब्रिटिश कम्पनी 'वेस्टलैंड' द्वारा निर्मित 'वापिती-2ए' था। बहरहाल, भारतीय वायुसेना ने समय के साथ बहुत तेजी से बदलाव किए हैं और काफी हद तक कमियों को दूर भी किया गया है।

# माँ स्कंदमाता की पूजा से यश और संतान की प्राप्ति होती है

**संजय गोस्वामी**

नवरात्रि के पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा की जाती है जो माँ दुर्गा का 5वॉ रूप हैं और। स्कंद शब्द का अर्थ है कार्तिकेय, जो भगवान शिव और माँ पार्वती के पुत्र और भगवान गणेश के भाई हैं, और माता का अर्थ है माँ। इसलिए माँ स्कंदमाता को भगवान कार्तिकेय या स्कंद की माँ माना जाता है, जिन्हें भारत के विभिन्न हिस्सों में मुरुगन या सुब्रमण्य के नाम से भी जाना जाता है।




तारकासुर राक्षस का अंत केवल शिव पुत्र द्वारा ही संभव था। तारकासुर राक्षस का वद्ध करने के लिए मां पार्वित ने अपने पुत्र कार्तिकेय (जिनको स्कंद भी कहा जाता है) को दैत्य तारकासुर से युद्ध लड़ने के लिए प्रशिक्षित किया। जिसके लिए मां पार्वती को स्कंदमाता का रूप लेना पड़ा। माँ स्कंदमाता को चार भुजाओं के साथ ममतामयी माँ है, जो अपने बेटे स्कंद या कार्तिकेय को गोद में और शेर पर सवार रहती हैं। वह अपने दोनों ऊपरी हाथों में कमल का फूल, अपने निचले दाहिने हाथ में बालक मुरुगन और दूसरे को अभय मुद्रा में रहती हैं। वह कमल के फूल पर भी विराजमान हैं, इसलिए देवी स्कंदमाता को देवी पद्मासना भी कहा जाता है स्कंदमाता का ममतामयी रूप है और इनकी पूजा करने से बुद्धि का विकास होता है और ज्ञान की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि निसंतान दंपत्ति सच्चे मन से नवरात्रि के पांचवे दिन का व्रत रखती हैं और माता की पूजा-अर्चना करने से मां दुर्गा प्रसन्न होती है और संतान की प्राप्ति होती है इसके साथ यश और धन की भी प्राप्ति होती है। शुभ्र वर्ण वाली स्कंदमाता सिंह के अलावा कमल के आसान पर भी विराजमान रहती हैं इसलिए माता को पद्मासना भी कहा जाता है। सच्चे मन से पूजा करने पर स्कंदमाता सभी भक्तों की इच्छाओं को पूरी करती हैं और कष्टों को दूर करती हैं। संतान प्राप्ति के लिए माता की आराधना करना उत्तम माना गया है।

माता रानी की पूजा के समय लाल कपड़े में सुहाग का सामान, लाल फूल, पीले चावल और एक नारियल को बांधकर माता की गोद भर दें। ऐसा करने से जल्द ही घर में किलकारियां गूंजने लगती हैं। स्कंदमाता मोक्ष का मार्ग दिखाती हैं और इनकी पूजा करने से ज्ञान की भी प्राप्ति होती है। माता का यह स्वरूप ममता की मूर्ति, प्रेम और वातस्ल्य का साक्षात प्रतीक हैं।

छान्दोगय उपनिषद् के प्रवर्तक सनत्कुमार की माता भगवती का नाम स्कंद है। अपने सांसारिक स्वरूप में यह देवी सिंह पर विराजमान रहती हैं।

इस दुर्गा का स्वरूप दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनत्कुमार को थामे हुए है। यह दुर्गा समस्त ज्ञान, विज्ञान, धर्म, कर्म और कृषि उद्योग सहित पंच आवरणों से समाहित विद्यावाहिनी दुर्गा भी कहलाती हैं। इस देवी की पूजा के दौरान धनुष बाण का अर्पण करना भी शुभ रहता है। स्कंद माता सूर्यमंडल की अधिष्ठात्रि देवी हैं इसलिए माता के चारों ओर सूर्य जैसा अलौकिक तजोमय मंडल व्याप्त है।

माता होने से कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री देवी पांचवी दुर्गा स्कंदमाता के रूप में पूजी जाती हैं। अपने सांसारिक स्वरूप में यह देवी सिंह पर विराजमान हैं। इस दुर्गा का स्वरूप दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनत्कुमार को थामे हुए है। यह दुर्गा समस्त ज्ञान, विज्ञान, धर्म, कर्म और कृषि उद्योग सहित पंच आवरणों से समाहित विद्यावाहिनी दुर्गा भी कहलाती हैं। इस देवी की पूजा के दौरान धनुष बाण का अर्पण करना भी शुभ रहता है। स्कंद माता सूर्यमंडल की अधिष्ठात्रि देवी हैं इसलिए माता के चारों ओर सूर्य जैसा अलौकिक तजोमय मंडल व्याप्त है।

नवरात्रि के पांचवे दिन की पूजा भी वैसे ही होती है , जैसे अन्य दिनों में आप कर रहे हैं बस मन में श्रद्धा और भक्ति भाव होकर मन से पूजा करें लेकिन स्कंदमाता की पूजा कुश अथवा कंबल के आसन पर बैठकर ही करें। माता की पूजा ब्रह्ममुहूर्त में ही करें और स्थापित प्रतिमा या तस्वीर के साथ आसपास कलश पर भी गंगाजल से छिड़काव करें। इसके बाद पूरे परिवार के साथ माता के जयाकरे लगाएं। माता को पीली चीजें प्रिय हैं इसलिए पीले फूल, फल, पीले वस्त्र आदि चीजें अर्पित कर सकते है। साथ ही अगर आप अग्यारी करते हैं तो रोज की तरह लौंग, बताशा आदि चीजें अर्पित कर सकते हैं। इसके बाद माता रोली, अक्षत, चंदन आदि चीजें अर्पित करें, फिर केले का भोग लगाएं। इसके बाद घी का दीपक या कपूर से माता की आरती उतारें और जयाकरे लगाएं। इसके बाद आप दुर्गा सप्तशती और दुर्गा चालीसा का पाठ कर सकते हैं और मां दुर्गा के मंत्रों का भी जप करें। शाम के समय में भी मां दुर्गा की आरती उतारें।

माता को पीले रंग की चीजें प्रिय हैं इसलिए आप केसर युक्त खीर बनाएं और माता को भोग लगाएं। साथ ही स्कंदमाता को केले का भोग भी लगाया जाता है। वहीं बुद्धिबल वृद्धि के लिए माता को 6 इलायची अर्पित कर प्रसाद के रूप में अर्पित कर सेवन करें। इसके बाद ब्रीं स्कन्दजनन्यै नमः मंत्र का जप मन से करें।

स्कंदमाता को कमल का पुष्प अति प्रिय है, यदि मिल जाए तो माता को कमल के फूल अर्पित कर सकते हैं, ऐसे माता को श्रद्धा के अनुसार जो कुछ भी मिलता हो मन से पूजा कर सके ध्यान माता के चरणों में हो तो क़ोई भूल भी होने पर माता उसे माफ़ भी कर भक्तों का कल्याण करती है.माँ स्कंदमाता की पूजा से निश्चित ही संतान,ज्ञान व यश की प्राप्ति होती है.पूत कपूत हो सकते पर माता नहीं यदि आप अपनी गलती को सुधार कर शुद्ध मन से माँ का ध्यान करते हैं।

# इजराइल ने गाजा और लेबनान पर कर दी बमों की बारिश

नई दिल्ली (ईएमएस)। 7 अक्टूबर 2023 को हमास-हिज्बुल्लाह ने इजरायल पर हमला किया था। इसके बाद इजरायल ने अगले तीन हफ्तों तक हर हफ्ते गाजा पर 6000 बम गिराए। लेकिन इजरायल ने हद कर दी। हर हफ्ते 6000 बम यानी दुश्मन का जड़ से खत्म करने का दम दिखाया। लेकिन इजरायल ने सबसे बड़ा गेम खेला पेजर ब्लास्ट करके। उसके बाद वॉकी-टॉकी, डोरबेल, डिश एंटीना, स्कूटर जहां हो पाया ब्लास्ट करा दिया। इजरायल को सबसे ज्यादा हथियार अमेरिका देता है। पिछले एक साल में इजरायल ने अमेरिका से 100 से ज्यादा हथियार डील की हैं। मतलब हर 36 घंटे में करीब एक डील। पिछले एक साल में इजरायल ने ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया ने इस जंग में दर्द सहा है। हजारों लोग मारे गए। विस्थापित हुए। इजरायल ने सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया...एफ-35, एफ-16,एफ-15 फाइटर जेट्स का। इसमें लगाए बम एमके-84,एमके-83, एमके-82, छोटे बम और इसके अलावा



जेडीएएम बम और हेलफायर मिसाइलें। गाजा-लेबनान पर गिरे ज्यादातर बम अमेरिकी थे। हालत ये है कि इजरायल इतने अमेरिकी हथियारों की डिमांड कर रहा है कि अमेरिका को सही कार्गो प्लेन नहीं मिल रहा, जिसमें हथियारों की डिलिवरी हो सके। 14100, अभी 1800 की डिलिवरी बाकी। 2000 पाउंड यानी 907 किलो के इस बम से जो हमले इजरायल ने किए वहां हैरान करने वाले हैं।

### जीबीयू-39 बम

इसके कई वैरिएंट्स हैं। इस बम से 9 जनवरी 2024 को गाजा में हमला किया। फिर 13 मई 2024 को। इसके बाद 26 मई 2024 को इस बम का इस्तेमाल राफा में किया गया। करीब 46 लोग मारे गए। पिछले साल 1 दिसंबर से लेकर अब तक इजरायल ने 3000 जेडीएमए यानी ज्वाइंट डायरेक्ट अटैक म्यूनिशंस का इस्तेमाल किया है। इसका पहली बार इस्तेमाल 10 अक्टूबर 2023 को किया गया था। इसका वजन भी करीब 1000 किलो होता है। इसके हमले में दायर अल-बलाह में 24 लोग मारे गए। इसके बाद इसका इस्तेमाल 22 अक्टूबर, मार्च और जुलाई 2024 में गाजा और लेबनान में किया गया।

### हेलफायर मिसाइल

इजरायली वायुसेना के फाइटर जेट्स एफ-16 और एफ-15 में ये मिसाइलें खूब लगी होती हैं। करीब 3000 मिसाइलों का इस्तेमाल हुआ है। 8 जून 2024 को नुसेरात रेफ्यूजी कैंप में हमला हुआ। 300 लोग मारे गए। इजरायल ने 10 मिनट में 150 मिसाइलें दागीं।23 जून, 14 जुलाई को भी इनका इस्तेमाल किया गया।

### इजरायल को कितना नुकसान हुआ

पूरे जंग में इजरायल ने अपने 728 जवान खोए है। इजरायल के ऊपर 26 हजार से ज्यादा रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन हमले किए गए। जिसमें से ज्यादातर आसमान में ही खत्म कर दिए गए। हमास के करीब 17 हजार आतंकी गाजा में, 800 लेबनान में मारे गए। इजरायल ने गाजा पट्टी से 4700 सुरंगों को खत्म किया। इजरायल ने गाजा पट्टी में हमास के 40,300 ठिकानों पर हमला किया। इसके अलावा हिज्बुल्लाह के 11 हजार अड्डे बर्बाद किए। गाजा की तरफ से इजरायल पर 13200 रॉकेट-मिसाल-ड्रोन दागे गए। पिछले साल 7 अक्टूबर को तो कम से कम 5000 रॉकेट। लेबनान की तरफ से हिज्बुल्लाह ने 12000 रॉकेट-मिसाइल-ड्रोन दागे गए।सीरिया की तरफ से 60, यमन से 180 और ईरान से 400 हवाई हमले हुए। इन हमलों में इजरायल के करीब 4576 जवान जख्मी हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### आरबीआई की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक शुरू, रेपो रेट में बदलाव की उम्मीद नहीं

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की पुनर्गठित दर निर्धारण समिति ने अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू किया। यह बैठक तब हो रही हैं,जब मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं और पश्चिम एशिया संकट के फिर से उभरने की आशंका के मद्देनजर ब्याज दरों पर यथास्थिति का अनुमान है। जानकारों का मानना है कि आरबीआई शायद अमेरिकी फेडरल रिजर्व का अनुसरण न करे, जिसने हाल में ब्याज दरों में आधा प्रतिशत की कमी की है। इसके अलावा कुछ दूसरे विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों ने भी ब्याज दरों में कमी की है। इस महीने की शुरुआत में सरकार ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का पुनर्गठन किया था। आरबीआई गवर्नर और एमपीसी चेयरमैन शक्तिकान्त दास बुधवार (नौ अक्टूबर) को तीन दिवसीय चर्चा के नतीजों की घोषणा करने वाले है।

### भाजपा को 35 सीटें मिलेंगी, समान विचारधारा वालों के साथ सरकार बनाएंगे : रैना

जम्मू (ईएमएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रमुख रवींद्र रैना ने कहा कि उनकी पार्टी 35 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी और भाजपा समान विचारधारा वाले दलों एवं निर्दलीयों की मदद से सरकार बनाएगी। रैना ने कहा कि पुनर्गठन अधिनियम के अनुसार उपराज्यपाल द्वारा पांच विधायकों का मनोनयन किया जा रहा है। भाजपा नेता ने कहा, ''हमें भरोसा है कि जम्मू-कश्मीर में 35 सीटें जीतकर, निर्दलीय एवं समान विचारधारा वाले समूहों के सहयोग से हम सरकार बनाने के लिए बहुमत के आंकड़े 50 को पार कर जाएंगे। निर्दलीय एवं समान विचारधारा वाले समूहों के उम्मीदवारों के करीब 15 सीटें जीतने की उम्मीद है।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस को चुनाव में ''करारी हार'' का सामना करना पड़ेगा और भाजपा एकमात्र सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरेगी। पार्टी के गठबंधन के मुद्दे पर उन्होंने कहा, भाजपा ने 15 निर्दलीय और समान विचारधारा वाले उम्मीदवारों को समर्थन दिया है, लेकिन हमारा इंजीनियर रशीद की पार्टी से कोई गठबंधन नहीं है। मतगणना से पहले भाजपा अपने मुख्यालय में महत्वपूर्ण बैठक कर रही है, जिसमें वरिष्ठ नेता तरुण चुघ एवं राम माधव हिस्सा ले रहे हैं। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पांच विधायकों के मनोनयन पर उन्होंने कहा, ''पुनर्गठन अधिनियम संसद द्वारा पहले ही पारित किया जा चुका है। यह प्रक्रिया इसके अनुसार आगे बढ़ेगी... इसे संवैधानिक प्रक्रिया के तहत उपराज्यपाल द्वारा आगे बढ़ाया जाएगा।''

### एग्जिट पोल अपनी जगह, हमारा जमीनी आकलन भी बता रहा हम सरकार बना रहे : हुड्डा

चंडीगढ़ (ईएमएस)। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों पर आए एग्जिट पोल नतीजों को दिशा दिखाने वाला बताया है। हुडडा ने दावा किया कि कांग्रेस भारी बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। हुड्डा ने कहा, हमारा भी जमीनी स्तर पर कुछ आकलन है। इसी विश्वास के साथ कह सकता हूं कि कांग्रेस भारी बहुमत के साथ प्रदेश सरकार बना रही है। उन्होंने कहा, मतदान का प्रतिशत भी बढ़ा है। चुनाव को शांति पूर्ण संपन्न कराने के लिए भारतीय चुनाव आयोग, हरियाणा पुलिस और अन्य फोर्स बधाई के पात्र हैं। कांग्रेस के आत्मविश्वास पर हुड्डा ने कहा, हरियाणा में 10 साल की भाजपा सरकार में सकारात्मक काम नहीं हुए। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बदलाव के लिए अंत तक मेहनत की है। भाजपा सरकार की खामियों पर टिप्पणी कर उन्होंने कहा कि भाजपा ने बीते 10 साल में हरियाणा को पीछे ले जाने का काम किया। अब हरियाणा नई शुरुआत की ओर बढ़ रहा है। कांग्रेस की सरकार में नई शुरुआत होगी। हमारा एक ही मकसद होगा कि हरियाणा को अन्य राज्यों की तुलना में सबसे ज्यादा विकसित बनाना। जब पूछा गया कि कांग्रेस का सीएम चेहरा कौन होगा, तब उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें विधायक दल का नेता चुना जाएगा।

### केंद्रीय मंत्री से कांग्रेस प्रवक्ता ने क्यों कहा, आप से प्रमाण पत्र की जरुरत नहीं

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को सुधरने की नसीहत दी। इस पर कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने नाराजगी जाहिर की। कांग्रेस प्रवक्ता खेड़ा ने कहा, हम उनसे पूछते हैं कि वे कौन हैं, जो हमें प्रमाण पत्र देने आए हैं? क्या केंद्रीय मंत्री रिजिजू से सरकार और मंत्रालय सही से चल नहीं रहे? देश के करोड़ों लोग, युवक, किसान, दलित, वंचित, पिछड़े, आदिवासी, अल्पसंख्यक और महिलाएं राहुल गांधी को आशीर्वाद देने और प्रमाण पत्र देने के लिए खड़े हैं। कांग्रेस नेता खेड़ा ने कहा, रिजिजू अपनी बारी का इंतजार करें, लाइन में खड़े रहें। हम जानते हैं कि वे कांग्रेस में आना चाहते हैं। वह पहले भी कांग्रेसी थे, लेकिन उन्हें समझना चाहिए कि कांग्रेस में आने के लिए उन्हें कई साल इंतजार करना होगा। दरअसल केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने राहुल गांधी पर आरोप लगाया था कि जब वे विपक्ष के नेता बने, तब उम्मीद थी कि वह सुधर जाएंगे, लेकिन वे और भी बिगड़ गए हैं। खेड़ा ने आम आदमी पार्टी के सांसद संजीव अरोड़ा के घर पर चल रही ईडी छापेमारी पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, चुनावों के समय, भाजपा की एडवांस टीम सक्रिय होती है, जिसमें ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग शामिल होते हैं। वह इन टीमों के जरिए विपक्षियों का सफाया करते हैं।

### विज का शैलजा पर तंज, किस बात पर करेगी दावेदारी

चंडीगढ़ (ईएमएस)। पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता कुमारी शैलजा के मुख्यमंत्री पद की रेस में होने के बयान पर कटाक्ष किया है। भाजपा नेता विज ने कहा, जब शैलजा ने जितने उम्मीदवार खड़े किए थे, उनके खिलाफ रिबल खड़े हो गए थे। उनके सारे लोग हार गए तब किस बात पर वे दावा करेंगी? इस टिप्पणी के माध्यम से विज ने शैलजा की राजनीतिक स्थिति पर सवाल खड़ा किया है। इसके साथ ही, विज ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा, केजरीवाल की जेल में रहकर अंडरवर्ल्ड के लोगों के साथ दोस्ती हो गई होगी, इसीलिए वे उनका गुणगान कर रहे हैं। एग्जिट पोल पर विज ने कांग्रेस के जीतने के दावे पर कहा, यह अच्छी बात है, लेकिन असलियत तब नतीजे बताएंगे। विज की ये टिप्पणियां हरियाणा की राजनीति में हलचल पैदा कर सकती हैं, और यह दर्शाती हैं कि आगामी चुनावों के प्रति सभी दलों की निगाहें कितनी टेढ़ी हो चुकी हैं।

### अचानक ही फ्लाइट में चलने लगी एडल्ट फिल्म, फिर हुआ क्या

पटना (ईएमएस)। पटना के रेलवे स्टेशन का मामला याद है, जब वहां पर अचानक गंदी फिल्म चलने लगी थी। करीब 3 मिनट तक दर्जनों टेलीविजन चैनल पर एडल्ट फिल्म चलती रही, जिससे लोगों ने हंगामा कर दिया। कुछ ऐसा ही मामला फिर से चर्चा में है, इस बार रेलवे स्टेशन की जगह एक फ्लाइट है। दरअसल, मामला सिडनी से जापान जा रही फ्लाइट का था। अचानक फ्लाइट की इन-फ्लाइट एंटरटेनमेंट सिस्टम में गंदी फिल्म चलने लगी। अपने परिवार के साथ बैठे यात्रियों को भी समझ नहीं आया कि यह क्या हुआ। स्क्रीन पर एक अश्लील फिल्म ने खासकर परिवार और बच्चों के साथ यात्रा करने वालों में असहजता फैला दी।

रिपोर्ट्स के अनुसार, एक यात्री ने बताया कि इस फिल्म को रोकना, स्क्रीन डिम करना या बंद करना संभव नहीं था। हैरानी की बात यह है कि यह फिल्म चली ही जा रही थी, और हमें अपने परिवार के साथ खुद की आंखें बंद करने के अलावा कोई रास्ता नहीं दिख रहा था। उन्होंने बताया कि फिल्म को बदलने में लगभग एक घंटे का वक्त लग गया।

यात्रियों का कहना है कि फिल्म देखते समय सभी को काफी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। कांटस एयरलाइंस ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि उनकी इन-फ्लाइट एंटरटेनमेंट सिस्टम में तकनीकी गड़बड़ी आई थी, जिससे यात्रियों के पास फिल्म चुनने का विकल्प खत्म हो गया था। कांटस ने बताया कि जब क्रू को समझ में आया कि फिल्म सभी उम्र के यात्रियों के लिए उपयुक्त नहीं है, तब उन्होंने स्थिति को सुधारने की कोशिश की। वहीं एयरलाइन कंपनी कांटस के प्रवक्ता ने घटना पर माफी मांग कर कहा कि ऐसी स्थिति में वे हमेशा परिवार के अनुकूल फिल्म चलाने की कोशिश करते हैं।

# नेहरू ने किया शिवाजी महाराज का अपमान, माफी मांगे राहुल गांधी

### उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस का दावा

मुंबई (ईएमएस)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और बीजेपी के बीच जुबानी जंग जारी है। छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर वार किया था। इसके बाद भाजपा की ओर से पलटवार कर उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने एक ऐसा दावा कर दिया जिससे कांग्रेस लाल हो गई है। दरअसल, फडणवीस ने दावा किया कि जवाहरलाल नेहरू द्वारा शिवाजी महाराज का अपमान किया गया था और राहुल गांधी को इसके लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। यह दूसरी बार है कि फडणवीस ने सिंधुदुर्ग में 35 फुट ऊंची शिवाजी महाराज की प्रतिमा के ढहने पर विपक्ष की आलोचना का जवाब देने के लिए इस विषय को उठाया है, जिसका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल अनावरण किया था। फडणवीस ने कहा कि शिवाजी महाराज की एक प्रतिमा के अनावरण के लिए राहुल गांधी कोल्हापुर में हैं। वह अब शिवाजी को याद कर रहे हैं, लेकिन नेहरू की पुस्तक में शिवाजी महाराज का किए गए अपमान के लिए पहले राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने दावा किया है कि नेहरू ने अपनी पुस्तक द डिस्कवरी ऑफ इंडिया में शिवाजी महाराज की ''खराब छवि'' पेश की है। इसके पहले दिन में, राहुल गांधी ने पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर में मराठा साम्राज्य के संस्थापक की प्रतिमा का अनावरण किया। यह दूसरा मौका है जब फडणवीस ने नेहरू पर शिवाजी महाराज के अपमान का आरोप लगाया है। प्रतिमा का अनावरण करने से पहले राहुल गांधी ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेकर कहा कि पार्टी की विचारधारा सही नहीं है। राहुल गांधी ने कहा, लोगों को भयभीत करने, देश में संविधान और संस्थानों को बर्बाद करने के बाद शिवाजी महाराज के समक्ष शीश झुकाने का कोई औचित्य नहीं है।''

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने फडणवीस आड़े हाथ लिया। पटोले ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता को अगस्त में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति ढहने के मामले में पहले माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस नेता पटोले ने कहा कि फडणवीस छत्रपति शिवाजी पर नेहरू की टिप्पणी को लेकर झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेहरू ने जेल में रहने के दौरान किताब लिखी। रिहा होने के बाद उन्होंने अपनी टिप्पणियों को संशोधित कर माफी भी मांगी। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने पहले कहा था कि फडणवीस को बताना चाहिए कि उन्होंने किताब कब पढ़ी। नेहरू ने अपने पहले संस्करण में संशोधन किया था।

## मालदीव कभी भी भारत की सुरक्षा को कमजोर करने का काम नहीं करेगा

### राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा- हमारे क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता से समझौता न हो

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत पर पांच दिवसीय यात्रा पर आए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि उनका देश भारत की सुरक्षा को कमजोर करने का काम नहीं करेगा और भारत को कई क्षेत्रों में सहयोग के साथ एक मूल्यवान भागीदार और अच्छे दोस्त के रूप में देखता है। मालदीव के राष्ट्रपति ने जून में पीएम नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया था, लेकिन यह उनकी भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। दिल्ली के अलावा वह मुंबई और बेंगलुरु भी जाएंगे जहां वह व्यावसायिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

मुइज्जू ने कहा हम विभिन्न क्षेत्रों में अन्य देशों के साथ सहयोग बढ़ाते हैं, हम यह तय करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हमारे कार्यों से हमारे क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता से समझौता न हो। उन्होंने अपनी मालदीव फर्स्ट नीति का जिक्र करते हुए कहा कि यह जरुरी है मालदीव अंतरराष्ट्रीय संबंधों में विविधता लाएगा और किसी एक देश पर अत्यधिक निर्भरता को कम करेगा। मालदीव और भारत के बीच संबंध हमेशा मजबूत रहे हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर लिखा कि भारत-मालदीव के विशेष संबंधों को आगे बढ़ाते हुए ! पीएम नरेन्द्र मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति एम.एम. मुइज्जू का हैदराबाद हाउस में गर्मजोशी से स्वागत किया। भारत और मालदीव के द्विपक्षीय संबंधों पर विस्तृत चर्चा होगी। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में मुइज्जू का स्वागत किया। इस अवसर पर पीएम मोदी भी मौजूद थे। तीनों सेनाओं ने मुइज्जू को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

## राहुल ने दलित के घर बनाया खाना, बैंगन की सब्जी, दाल और भाजी पकाई

नई दिल्ली(ईएमएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक दलित परिवार के घर खाना पकाया। खाना बनाने का वीडियो उन्होंने सोमवार को एक्स पर शेयर किया। उन्होंने लिखा- दलित किचन के बारे में आज भी बहुत कम लोग जानते हैं। वीडियो में राहुल गांधी कहते नजर आ रहे हैं कि महाराष्ट्र के कोल्हापुर में मुझे अजय तुकाराम सनदे ने अपने घर बुलाकर किचन में हाथ बंटाने का मौका दिया। हमने मिलकर हरभऱ्याची भाजी बनाई। इसे चने के साग की सब्जी भी कहा जाता है। साथ ही बैंगन की सब्जी और तुअर दाल बनाई। दलित क्या खाते हैं, कैसे पकाते हैं, कोई नहीं जानता। इसका सामाजिक और



राजनीतिक महत्व क्या है, इसके बारे में हमने बात की। भेदभाव और सनदे के निजी अनुभवों पर बात करते हुए हमने दलित खानपान के प्रति जागरूकता की कमी और इस संस्कृति के डॉक्युमेंटेशन के महत्व पर चर्चा की। सनदे ने राहुल से कहा- किसी के मिलेट्स खाओ बोलने से ये महंगा हो गया। दरअसल, पीएम नरेंद्र मोदी अपने भाषणों में मिलेट्स पर जोर देते रहे हैं।

### हम कभी भाजपा को वोट नहीं देते

सनदे और राहुल गांधी ने महंगाई को लेकर भी चर्चा की। सनदे ने कहा- लहसुन बहुत महंगा हो गया है। कोई बोल रहा है कि मिलेट्स खाओ, मिलेट्स खाओ। उनके खाओ बोलने से हमारा मिलेट्स महंगा हो गया है, जो पहले बहुत सस्ता था। मैंने कांग्रेस को कभी वोट नहीं दिया। 4 इलेक्शन तक कांग्रेस को वोट नहीं दिया, क्योंकि हमारा बेल्ट शेतकरी कामगारों का था। हम भाजपा को भी कभी वोट नहीं देते। उन्हें कभी देंगे भी नहीं, लेकिन अब शेतकरी पार्टी खत्म हो गई है, इसलिए मैं आपकी भारत जोड़ो यात्रा में भी आया था।

## रेप-मर्डर केस में सीबीआई ने पहली चार्जशीट दाखिल की

### ट्रेनी डॉक्टर का नहीं हुआ गैंगरेप, चार्जशीट में संजय रॉय को इकलौता आरोपी बनाया

कोलकाता(ईएमएस)। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस में सीबीआई ने पहली चार्जशीट दाखिल की है। इसमें जांच एजेंसी ने ट्रेनी डॉक्टर से गैंगरेप की आशंका को नकार दिया है। एजेंसी का कहना है कि वारदात को संजय रॉय ने अकेले अंजाम दिया था। करीब 100 गवाहों के बयानों और 12 पॉलीग्राफ टेस्ट करने के बाद सीबीआई इस नतीजे पर पहुंची।

पुलिस ने संजय को घटना के अगले दिन 10 अगस्त को अरेस्ट



किया था। 9 अगस्त की सुबह अस्पताल के सेमिनार हॉल में पीड़ित की अर्धनग्न डेडबॉडी मिली थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बताया गया था कि विक्टिम की दोनों आखों, मुंह और प्राइवेट पार्ट से खून बह रहा था। गर्दन की हड्डी भी टूटी थी। हालांकि संजय अब तक खुद को बेगुनाह बता रहा है। संजय को पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से पहचाना था। फुटेज में वह 9 अगस्त की सुबह 4 बजे सेमिनार हॉल में अंदर जाता दिखाई दिया। इस दौरान उसने कानों में इयरफोन लगाया हुआ था। करीब 40 मिनट बाद वह हॉल से बाहर निकला तो उसके पास इयरफोन नहीं था। पुलिस को क्राइम सीन पर एक ब्लूटूथ इयरफोन मिला था, जो उसके फोन से कनेक्ट हो गया था।

### वाहनों की खुदरा बिक्री सितंबर में कम रही

मुंबई। देश में वाहनों की खुदरा बिक्री सितंबर में कम रहने के बावजूद मौजूदा वित्त वर्ष के पहले छह महीने में इसमें 6.55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। मजबूत ग्रामीण मांग से यह संभव हुआ है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने रिपोर्ट में कहा कि इस साल सितंबर में वाहनों की कुल बिक्री पिछले साल के समान महीने की तुलना में 9.26 फीसदी कम रही। सितंबर 2023 में देश में 18,99,192 वाहन बिके थे जबकि सितंबर 2024 में यह संख्या 17,23,330 इकाई रही। इसमें यात्री वाहनों में 18.81 फीसदी, वाणिज्यिक वाहनों में 10.45 फीसदी और दोपहिया वाहनों में 8.51 फीसदी की गिरावट देखी गई है। अप्रैल-सितंबर की अवधि में दोपहिया वाहनों की बिक्री में 9.08 प्रतिशत, तिपहिया में 7.58 प्रतिशत और यात्री वाहनों (पीवी) में 1.07 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। हालांकि, वाणिज्यिक वाहनों (सीवी) और ट्रैक्टरों की बिक्री में क्रमशः 0.65 प्रतिशत और 8.82 प्रतिशत की गिरावट आई। फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विग्नेश्वर के अनुसार, पितृपक्ष ने बिक्री को प्रभावित किया, जिससे विभिन्न श्रेणियों में खुदरा बिक्री में साल-दर-साल गिरावट आई।

## रेलवे द्वारा दशहरा, दिवाली और छठ त्योहार के लिए मुंबई से काजीपेट तक 26 अतिरिक्त विशेष ट्रेन सेवा

मुंबई, (ईएमएस)। रेलवे ने, यात्रियों की भारी मांग एवं अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए दशहरा, दिवाली और छठ त्योहार के लिए 26 अतिरिक्त त्यौहार विशेष ट्रेन सेवाएं चलाने का निर्णय लिया है। विवरण इस प्रकार हैः

1) 07196/07195 दादर-काजीपेट साप्ताहिक विशेष (10 सेवाएं)

07196 साप्ताहिक विशेष दिनांक 17.10.2024 से 28.11.2024 तक प्रत्येक गुरुवार को दादर से 15.25 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12.50 बजे काजीपेट पहुँचेगी। (5 सेवा)

07195 साप्ताहिक विशेष दिनांक 16.10.2024 से 27.11.2024 तक प्रत्येक बुधवार को 17.05 बजे काजीपेट से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 13.25 बजे दादर पहुँचेगी। (5 सेवा)

ठहरावः कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, नागरसोल, रोटेगांव, लासूर, औरंगाबाद, जालना, परतूर, सेलू, परभणी, पूर्णा, हजूर साहिब नांदेड़, मुदखेड, उमरी, धर्माबाद,




बासर, निज़ामाबाद, आरमूर, मेटपल्ली, कोरूट्ला और लिंगमपेट जगित्याल।

2) 07198/07197 दादर-काजीपेट साप्ताहिक विशेष - बल्लारशाह के रास्ते (16 सेवाएं)

07198 साप्ताहिक विशेष दिनांक 13.10.2024 से 01.12.2024 तक प्रत्येक रविवार को 15.25 बजे दादर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 21.30 बजे काजीपेट पहुंचेगी। (8 सेवा)

07197 साप्ताहिक विशेष दिनांक 12.10.2024 से 30.11.2024 तक प्रत्येक शनिवार को 11.30 बजे काजीपेट से प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 13.25 बजे दादर पहुँचेगी। (8 सेवा)

ठहरावः कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, नागरसोल, रोटेगांव, लासूर, औरंगाबाद, जालना, परतूर, सेलू, परभणी, पूर्णा, हजूर साहिब नांदेड़, मुदखेड, भोकर, हिमायतनगर, सहस्त्रकुंड, किनवट, आदिलाबाद, पिंपलखुटी, लिंगटी, कायर, वणी, भांदक, चंद्रपुर, बल्लारशाह, सिरपूर कागजनगर, बेल्लमपल्ली, मंचिर्याल, पेद्दापल्ली और जम्मीकुंटा। संरचनाः दो वातानुकूलित -2 टियर, तीन वातानुकूलित -3 टियर, 8 शयनयान श्रेणी और 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी जिसमें 2 गार्ड ब्रेक वैन शामिल हैं।

आरक्षणः त्यौहार विशेष ट्रेन संख्या 07196 और 07198 की यात्राओं के लिए विशेष शुल्क पर बुकिंग दिनांक 08.10.2024 को सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू. आईआरसीटीसी.को.इन पर खुलेगी। उक्त विशेष ट्रेन के ठहरावों एवं समय की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.इन्क्वारी. इंडियनरेल.जीओवी.इन पर जाएँ या एनटीईएस ऐप डाउनलोड करें। रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे विशेष ट्रेन सेवाओं का लाभ उठाएँ।

## फ्रांस और भारत मिलकर वैमानिकी संकुल विकसित करेंगे

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी मथौ ने सोमवार को कहा कि फ्रांस और भारत एयरोस्पेस क्षेत्र में अपने सहयोग को बढ़ाने पर काम कर रहे हैं और उनकी एक वैमानिकी संकुल (एयरोनॉटिक्स क्लस्टर) विकसित करने की योजना है। फ्रेंच एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (जीआईएफएएस) द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित सम्मेलन में उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच साझेदारी न केवल रणनीतिक बल्कि सार्वभौमिक है। भारत और फ्रांस के बीच एयरोस्पेस, रक्षा और अन्य क्षेत्रों में दीर्घकालिक साझेदारी है। उन्होंने कहा कि 2024 की पहली छमाही में फ्रांसीसी एयरोस्पेस कंपनियों का देश में निर्यात 2.7 अरब यूरो रहा। मथौ ने कहा कि फ्रांस और भारत एक वैमानिकी संकुल के साथ-साथ वैमानिकी तथा अंतरिक्ष के लिए एक इंडो-फ्रेंच परिसर भी विकसित करेंगे। संकुल प्रस्ताव पर विस्तृत जानकारी तुरंत मुहैया नहीं कराई गई। उन्होंने कहा कि भारत के परिवहन को कार्बन मुक्त करने और सतत विमानन ईंधन (एसएएफ) विकसित करने के लक्ष्य का फ्रांस समर्थन करेगा।

## बाजार में गिरावट से निवेशकों को 10.50 लाख करोड़ का हुआ नुकसान

मुंबई (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में सोमवार को बड़ी गिरावट आने से निवेशकों को करीब 10 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। सोमवार सुबह बाजार तेजी के साथ खुला था लेकिन विदेशी निवेशकों की तेज बिकवाली के कारण मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भारी गिरावट देखी गई। निफ्टी के मिडकैप इंडेक्स में 1600 अंकों और स्मॉलकैप इंडेक्स में 650 अंकों की कमी आई है। इस समय बीएसई सेंसेक्स 225 अंकों और निफ्टी 106 अंकों की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। सोमवार 7 अक्टूबर को भारतीय शेयर बाजार शानदार ग्लोबल संकेतों के साथ तेजी से खुला था, विशेषकर आईटी और बैंकिंग सेक्टर में खरीदारी के चलते। लेकिन एक घंटे बाद बाजार में बिकवाली का दौर शुरू हो गया, जिसका सबसे अधिक प्रभाव मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स पर पड़ा। निफ्टी के मिडकैप इंडेक्स में दिन के उच्चतम स्तर से 2000 और स्मॉलकैप इंडेक्स में 800 अंकों की गिरावट आई। शेयर बाजार में मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स में भारी गिरावट के चलते मार्केट कैपिटलाइजेश में तेज गिरावट देखने को मिली है। बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 10.54 लाख करोड़ रुपए घटकर 450.35 लाख करोड़ रुपए पर आ गया है जो पिछले कारोबार सत्र में 460.89 लाख करोड़ रुपए रहा था। यानि सोमवार के कारोबार में निवेशकों को 10.53 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। चीन सरकार ने हाल ही में अपनी अर्थव्यवस्था को संकट से उबारने के लिए एक बड़ा आर्थिक राहत पैकेज घोषित किया है, जिससे चीनी शेयर बाजार में तेजी देखी जा रही है। इसके परिणामस्वरूप, विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से अपने निवेश को निकालकर चीन में लगा रहे हैं, जिससे भारतीय शेयर बाजार में गिरावट आ रही है। इसके अलावा इजरायल-ईरान के बीच तनाव भी बाजार को प्रभावित कर रहा है। इस स्थिति में निवेशकों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

## पेटीएम उपभोक्ता भुगतान कारोबार पर कर रहा ध्यान केंद्रितः सीईओ

कोलकाता (ईएमएस)। वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी पेटीएम की तत्काल प्राथमिकता अपने उपभोक्ता भुगतान कारोबार में निवेश करना है, ताकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नियामकीय कार्रवाइयों के बाद खोए उपयोगकर्ता आधार को वापस पाया जा सके। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को प्रीपेड इंस्ट्रूमेंट्स और वॉलेट्स सहित ग्राहक खातों में जमा स्वीकार करने या क्रेडिट लेनदेन की सुविधा देने से प्रतिबंधित कर दिया था। अगस्त में पेटीएम ने अपने टिकटिंग व्यवसाय को खाद्य प्रौद्योगिकी कंपनी ज़ोमैटो को 2,048 करोड़ रुपये में बेच दिया ताकि वह अपने मुख्य परिचालन, भुगतान और वित्तीय सेवा वितरण पर ध्यान केंद्रित कर सके। पेटीएम के एक अधिकारी ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की युवा इकाई यंग इंडियंस के कलकत्ता चैप्टर द्वारा आयोजित एक संवाद सत्र के दौरान कहा कि भुगतान हमारा प्राथमिक व्यवसाय बना हुआ है, और व्यापारी पक्ष मजबूत बना हुआ है। हालांकि, विनियामक बाधाओं के कारण हमने एक महत्वपूर्ण उपभोक्ता आधार खो दिया है। आगे बढ़ते हुए हमारा लक्ष्य उपभोक्ता भुगतान व्यवसाय क्षेत्र में फिर से निवेश करना है। उपभोक्ता भुगतान में यूपीआई भुगतान शामिल है, जबकि व्यापारी पक्ष में क्यूआर कोड लेनदेन शामिल है।

## हिताची एनर्जी करेगी 2000 करोड़ का निवेश




नई दिल्ली (ईएमएस)। हिताची एनर्जी ने भारतीय कारोबार के 75 साल पूरे होने पर देश में स्थायी ऊर्जा भविष्य को बढ़ावा देने के लिए अपनी क्षमता, प्रोडक्ट रेंज और टैलेंट बेस को विस्तार करने पर लगभग 2000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई हैद्य। पिछले 75 सालों में भारत की कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं में योगदान देते हुए हिंदुस्तान इलेक्ट्रिक से लेकर हिंदुस्तान ब्राउन बॉवेरी, एबीबी पावर ग्रिड्स, हिताची एबीबी पावर ग्रिड्स और अब हिताची एनर्जी बनने तक इस कंपनी ने 1949 से देश के ऊर्जा क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाई है। अपनी इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए कंपनी एनर्जी एंड डिजिटल वर्ल्ड 75 नाम से सोमवार से दो दिन का टेक्नोलॉजी इवेंट आयोजित किया है। इसमें भारत के नेट-ज़ीरो लक्ष्य की ओर बढ़ने में मदद करने वाली नई तकनीकों पर चर्चा की जा रही है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन हाल ही में भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत, हिताची एनर्जी के ग्लोबल सीईओ एंड्रियास शियरेनबेक और हिताची एनर्जी इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ एन वेणु ने किया। इस अवसर पर वेणु ने कहा कि इस खास साल को यादगार बनाने के लिए, हिताची एनर्जी इंडिया लिमिटेड अगले चार से पांच सालों में लगभग 2000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। यह निवेश भारत के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की संभावनाओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद , निवेशकों के 9 लाख करोड़ रुपये डूबे




मुम्बई (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से आई है। इजरायल और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से भी बाजार नीचे आया है। इससे विदेशी निवेशक अपना पैसा निकला रहे हैं।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई का बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 0.78 फीसदी करीब 638.45 अंक नीचे आकर 81,050 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी 50 भी 0.87 फीसदी तकरीबन 218.85 अंक नीचे आकर 24,795.75 के स्तर पर बंद हुआ। गिरावट के कारण बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकर 9 लाख करोड़ रुपये कम होकर 452 लाख करोड़ रुपये रह गया। शुक्रवार के कारोबारी सत्र में यह 461 लाख करोड़ रुपये पर था। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में अधिक गिरावट देखी गई।

निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,174 अंक या 2.01 फीसदी गिरकर 57,300 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 515 अंक या 2.75 फीसदी की गिरावट के साथ 18,242 पर था। बीएसई पर कुल मिलाकर आज 4,178 शेयरों में कारोबार हुआ। जिसमें से 3,416 में गिरावट आई। वहीं पर आज कुल 2,937 कंपनियों में कारोबार हुआ। इसमें से 2,490 शेयरों में गिरावट रही। आज केवल 384 शेयर ही तेजी से बंद हुए। आईटी को छोड़कर सभी अन्य शेयरों में गिरावट रही।

शेयर बाजार में आज केवल निफ्टी आईटी शेयरों में 0.66 फीसदी की बढ़त दर्ज की गयी। इसके अलावा, सारे क्षेत्र गिरावट पर बंद हुए। सबसे बड़ी गिरावट निफ्टी मीडिया में 3.65 फीसदी की रही। इसके अलावा, निफ्टी पीएसयू बैंक में 3 फीसदी से ज्यादा तकरीबन 3.31 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी। बाजार में बैंकिंग और आईटी शेयरों में लाभ हुआ पर बैंक शेयर नीचे आये। निफ्टी बैंक के शेयर 1.91 फीसदी गिरे। वहीं निफ्टी प्राइवेट बैंक में 1.82फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी। आज कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स के 7 शेयर ही बढ़त बनाने में सफल रहे। बाकी के 23 शेयर गिरावट पर बंद हुए। आज सबसे अधिक लाभ में महिंद्रा एंड महिंद्रा , एमएंडएम के शेयर रहे। ये 1.46 फीसदी बढ़कर 3061.15 पर बंद हुए। इसके अलावा, आईटीसी, भारती एयरटेल, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, टीसीएस और टेक महिंद्रा के शेयरों में बढ़त देखी गयी।

50 शेयरों वाले निफ्टी के 10 शेयर लाभ पर बंद हुए। निफ्टी का सबसे अधिक लाभ वाला शेयर टाटा समूह की कंपनी ट्रेंट का रहा । ट्रेंट के शेयर आज 1.86 फीसदी बढ़कर 7,489.90 रुपये पर बंद हुए। इसके अलावा, एमएंडएम, भारती एयरटेल, आईटीसी, बजाज फाइनेंस, टीसीएस, अपोलो हॉस्पिटल्स, के शेयर भी बढ़े।

सेंसेक्स के 23 शेयर आज गिरावट पर बंद हुए। सबसे बड़ी गिरावट 4.17 फीसदी की गिरावट अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में मिली। अदाणी पोर्ट्स शेयर प्राइस 1354.10 रुपये पर बंद हुआ। इसके अलावा, एनटीपीसी, एसबीआई, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक , टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट,के शेयर गिरावट पर बंद हुए। इससे पहले आज सुबह बाजार शुरुआती कारोबार में मजबूती के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 412 अंकों की बढ़त के साथ 82,100 पर खुला, जबकि निफ्टी 50, 110 अंकों की बढ़त के साथ 25,125 पर कारोबार कर रहा था

## एलआईसी ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई

नई दिल्ली (ईएमएस)। सरकारी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र में अपनी हिस्सेदारी 4.05 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.10 प्रतिशत कर दी है। एलआईसी के मुताबिक पुणे स्थित इस सरकारी बैंक में उन्हें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट के माध्यम से 25.96 करोड़ शेयरों का आवंटन मिला है। इस प्रक्रिया के दौरान एलआईसी ने बैंक में 3.376 प्रतिशत इक्विटी का अधिग्रहण किया है।

यह शेयर एलआईसी ने औसतन 57.36 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से खरीदे हैं। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने इस क्यूआईपी प्रक्रिया के तहत लगभग 3,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इसके अंतर्गत बैंक ने 610.1 करोड़ शेयर पात्र संस्थागत खरीदारों को 57.33 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर आवंटित किए, जबकि इश्यू प्राइस 60.37 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया था। इस क्यूआईपी प्रक्रिया में टॉप इन्वेस्टर्स में एलआईसी ने कुल इश्यू का 42.56 प्रतिशत हिस्सा प्राप्त किया।

## रुपये में सपाट कारोबार

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया 83.99 पर सपाट बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर के कमजोर होने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से रुपया आज सुबह शुरुआती कारोबार में दो पैसे की बढ़त के साथ 83.97 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरुआती कारोबार में 83.96 प्रति डॉलर पर खुला जो उसके पिछले बंद भाव से तीन पैसे की बढ़त दिखात है। शुरुआती सौदों के बाद यह 83.97 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले दो पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.99 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 फीसदी की गिरावट के साथ 102.50 पर रहा।

## जेनसोल इंजीनियरिंग ने जैन को नियुक्त किया सीएफओ

नई दिल्ली (ईएमएस)। जेनसोल इंजीनियरिंग ने अंकित जैन को तत्काल प्रभाव से कंपनी का मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) नियुक्त किया है। जेनसोल इंजीनियरिंग ने कहा, जैन, जाबिर महेंदी आगा का स्थान ले रहे है। महेंदी जेनसोल समूह से नेतृत्वकारी भूमिका में जुड़े रहने वाले है। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अनमोल सिंह जग्गी ने कहा, वित्त और नेतृत्व की भूमिकाओं में अंकित का व्यापक अनुभव तथा रणनीतिक वित्तीय पहलों को आगे बढ़ाने में उनकी विशेषज्ञता जेनसोल को ऊर्जा बदलाव का नेतृत्व करने में मदद करने में अमूल्य साबित होगी।''

## ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर को लेकर आपस में भिड़ गए भाविश और कुणाल कामरा

नई दिल्ली (ईएमएस)। ओला इलेक्ट्रिक के सीईओ भाविश अग्रवाल कॉमेडियन कुणाल कामरा के साथ तीखी नोकझोंक के कारण चर्चा में हैं। दरअसल कामरा ने ओला इलेक्ट्रिक के स्कूटर्स को लेकर एक पोस्ट किया था जिसके बाद दोनों में बहस छिड़ गई। बता दें कि कामरा ने एक डीलरशिप के बाहर खड़े ओला इलेक्ट्रिक स्कूटरों की तस्वीर पोस्ट की। इसमें देखा जा सकता है कि कई स्कूटर्स सर्विस के लिए एक जगह पर पड़े हुए हैं। ट्वीट के जवाब अग्रवाल ने कामरा पर कंपनी की आलोचना करने के बदले पैसे लेने का आरोप लगाकर ट्वीट किया, आप इतनी परवाह कर रहे हैं, आइए आप ही हमारी मदद कर दें! अग्रवाल ने कहा, या मदद करें या फिर शांत बैठें और हमें सच्चे ग्राहकों के मुद्दों को ठीक करने पर ध्यान केंद्रित करने दें। हम अपने सर्विस नेटवर्क का तेजी से विस्तार कर रहे हैं और बैकलॉग जल्द ही साफ कर दिए जाएंगे। कामरा ने पलटवार कर सीईओ को अहंकारी कहा, इस पर अग्रवाल ने कहा, चोट लगी? दर्द हुआ? आजा सर्विस सेंटर। बहुत काम है। मैं आपके फ्लॉप शो के भुगतान से बेहतर भुगतान करूंगा।

## नेस्ले इंडिया में सुरेश नारायणन की जगह लेने को तैयार मनीष तिवारी

नई दिल्ली (ईएमएस)। एफएमसीजी कंपनी नेस्ले इंडिया लिमिटेड ने 7 अक्टूबर को बताया कि उनके चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर (सीएमडी) सुरेश नारायणन 31 जुलाई 2025 को रिटायर होने वाले है। नेस्ले इंडिया ने कहा, नेस्ले ग्रुप में 26 साल से ज्यादा काम करने के बाद, नारायणन 31 जुलाई 2025 को अपनी ड्यूटी के आखिरी दिन के बाद रिटायर हो जाएंगे। नेस्ले इंडिया की स्विस पैरेंट कंपनी ने मनीष तिवारी को 1 अगस्त 2025 से मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) नियुक्त करने का प्रस्ताव दिया है। नेस्ले इंडिया ने कहा, कंपनी को नेस्ले साऊथ एशिया से श्री तिवारी को नेस्ले इंडिया लिमिटेड का मैनेजिंग डायरेक्टर नियुक्त करने के लिए नॉमिनेशन प्राप्त हुआ है, जो 1 अगस्त 2025 से प्रभावी होगा। बयान में कहा गया, तिवारी अमेजन डिजिटल सर्विसेज और मोर कंज्यूमर ब्रांड में निदेशक हैं। वह 30 अक्टूबर 2024 को अपने निदेशक पद से हट जाएंगे। आईआईएम बैंगलोर के पूर्व छात्र तिवारी को ई-कॉमर्स और उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्र में संचालन और रणनीतिक पहल का नेतृत्व करने का करीब तीन दशकों का अनुभव है।

# 900 करोड़ जुटने आईपीओ नहीं लाएगी हीरो मोटर्स.....जाने क्यों




मुंबई (ईएमएस)। दुनिया की सबसे बड़ी बाइक बनाने वाली कंपनी हीरो मोटर्स अब आईपीओ नहीं लाएगी। हीरो मोटर्स ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) वापस ले लिया है। इसकी जानकारी मार्केट रेगुलेटर सेबी की अधिकारिक वेबसाइट से मिली।

गौरतलब है कि हीरो मोटर्स ने 28 अगस्त को सेबी के पास डीआरएचपी फाइल की थी।

हीरो मोटर्स कंपनी (एचएमपीसी) हीरो ग्रुप की प्रमुख ऑटो कंपोनेंट कंपनी है। हीरो मोटर्स की योजना पब्लिक होने की थी, जिसके लिए वह 900 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने जा रही थी। कंपनी की योजना फ्रेश ओएफएस (ऑफर फॉर सेल) और फ्रेश इश्यू के जरिये रकम जुटाने की थी, जिसका उपयोग वह कर्ज चुकाने, प्रोडक्शन कैपासिटी को बढ़ाने और अन्य कार्यों के लिए करना चाहती थी। हीरो मोटर्स के डीआरएचपी के अनुसार, आईपीओ के तहत 500 करोड़ रुपये के फ्रेश इश्यू यानी नए इक्विटी शेयर जारी किए जाने थे। इसके अलावा प्रमोटर 400 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिक्री पेशकश (एफओएस) करना चाहते थे। ओपीएस में ओपी मुंजाल होल्डिंग्स 250 करोड़ रुपये और भाग्योदय इंवेस्टमेंट्स और हीरो साइकिल्स 75-75 करोड़ रुपये के शेयरों की पेशकश की थी। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, जेएम फाइनेंशियल और डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स हीरो मोटर्स के इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर थे।

बता दें कि हीरो मोटर्स, हीरो मोटोकॉर्प के चेयरमैन पवन मुंजाल के चचेरे भाई पंकज मुंजाल के नेतृत्व वाली ऑटो कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग कंपनी है।

हीरो मोटर्स अमेरिका, यूरोप और भारत में ऑटोमोटिव ओरिजिनल इक्विपमेंट्स मैन्युफैक्चरिंग को पावरट्रेन सॉल्यूशंस प्रदान करती है।

# एसबीआई ने एमटीएनएल ने लोन खातों को एनपीए घोषित किया




मुंबई (ईएमएस)। भारत में जहां 5जी और 6जी स्पीड की दिशा में तेजी से कदम बढ़ रहे हैं, वहीं कुछ टेलीकॉम कंपनियां आर्थिक संकट का सामना कर रही हैं। इसमें वोडाफोन-आइडिया के साथ सरकारी टेलीकॉम कंपनी महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) भी शामिल है। रिपोर्टों के अनुसार, एमटीएनएल की वित्तीय स्थिति गंभीर होती जा रही है। सोमवार को एमटीएनएल का शेयर 5 फीसदी की गिरावट आई और लोअर सर्किट लग गया। जुलाई में इसका शेयर ने 97 रुपए का उच्चतम स्तर छुआ था। दरअसल, 30 अगस्त, 2024 तक कंपनी पर कुल 31,944.51 करोड़ रुपए का कर्ज था और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने एमटीएनएल के लोन खातों को 'सब-स्टैंडर्ड' नॉन परफॉर्मिंग एसेट (एनपीए) घोषित है। यह स्थिति तब आई है जब एमटीएनएल अपने कर्ज की अदायगी में असफल रही है। एसबीआई ने एमटीएनएल को चेतावनी दी है कि यदि वह जल्द ही बकाया राशि का भुगतान नहीं करती है, तब जुर्माना और ब्याज का भुगतान करना पड़ सकता है, साथ ही कानूनी कार्रवाई का सामना भी करना पड़ सकता है। एमटीएनएल पर एसबीआई का कुल 325.53 करोड़ रुपए का कर्ज बकाया है। एसबीआई ने कंपनी को 30 सितंबर, 2024 तक यह राशि चुकाने के लिए समय दिया था, जिसे एमटीएनएल पूरा करने में असमर्थ रही। इसके बाद बैंक ने कंपनी के लोन खातों को 'सब-स्टैंडर्ड' एनपीए की श्रेणी में डाल दिया है, जो उन खातों के लिए होता है जिनकी डिफॉल्ट अवधि 12 महीने से कम होती है और जिनमें भुगतान की संभावना बनी रहती है। एसबीआई ने एमटीएनएल को अपने खाते को नियमित करने के लिए 282 करोड़ रुपए की राशि तुरंत चुकाने का आदेश दिया है। इसके साथ ही, बैंक ने सरकार द्वारा एमटीएनएल के कर्ज की गारंटी और कंपनी की संपत्ति मुद्रीकरण परियोजनाओं की स्थिति पर जानकारी मांगी है। इससमें दिल्ली में 13.88 एकड़ जमीन को आवासीय और व्यावसायिक उपयोग के लिए विकसित करने के लिए एनबीसीसी के साथ किए गए समझौते का विवरण भी शामिल है।

# मंहगाई की मार से जनता को बचाने खुद टमाटर बेचेगी सरकार



नई दिल्ली(ईएमएस)। सरकार ने मंहगाई से राहत देने का आसान तरीका ढूंढ लिया है। आटा,दाल और सब्जियों दाम बढ़े तो सरकार खुद उसे बेचने लगती है और जनता को राहत देने की कोशिश करती है। अब मंहगे होते टमाटर को खुद सरकार ने बेचने का फैसला किया है। राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) और सफल के आउटलेट्स के जरिए दिल्ली और आसपास के शहरों में 65 रुपये प्रति किलो की दर से टमाटर बेचे जाएंगे। केंद्र सरकार ने खुदरा बाजार में टमाटर की कीमतों पर काबू पाने के लिए मूल्य स्थिरीकरण कोष के तहत यह हस्तक्षेप शुरू किया है। जुलाई में भी, खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इसी तरह का कदम उठाते हुए 60 रुपये प्रति किलो की दर से टमाटर बेचने का अभियान शुरू किया था। राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) और सफल के आउलेट्स पर सस्ते टमाटर बेचे जाएंगे। सरकारी बयान के अनुसार, एनसीसीएफ थोक बाजारों से टमाटर खरीदकर उचित दरों पर बेच रहा है, ताकि बिचौलियों की मुनाफाखोरी पर लगाम लगाई जा सके और उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।


उपभोक्ता मामलों के विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में थोक और खुदरा कीमतों में बड़ा अंतर देखा जा रहा है, क्योंकि कुछ व्यापारी त्योहारों के मौसम में बढ़ती मांग का फायदा उठा ऊंचे रेट पर टमाटर बेच रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि 65 रुपये प्रति किलो की दर पर टमाटर बेचने के बावजूद सरकार को किसी तरह का नुकसान नहीं होगा। यह थोक और खुदरा कीमतों के बीच भारी अंतर को उजागर करता है।त्योहारी सीजन शुरू होने के बाद से ही सब्जियों के भाव में काफी उछाल आया है। सब्जियों के बढ़ते दामों ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। देश के बहुत से शहरों में टमाटर 80 से 100 रुपये प्रति किलोग्राम और प्याज 70 से 80 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है। भिंडी, पालक, हरी मिर्च, लौकी के दाम भी आम लोगों की पहुंच से बाहर हो गए हैं। इस समय, प्रमुख शहरों में खुदरा टमाटर की कीमतें 80-90 रुपये प्रति किलो तक पहुंच चुकी हैं, जबकि दो हफ्ते पहले यह 40-50 रुपये प्रति किलो थी। इस उछाल की वजह कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में बारिश से आपूर्ति में आई रुकावट बताई जा रही है।दिल्ली के आजादपुर मंडी के एक व्यापारी ने बताया कि दो हफ्ते पहले 25 रुपये प्रति किलो बिकने वाला टमाटर अब थोक में 70 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। रिटेल में भी भाव कई गुना बढ़ गए हैं।

## भारत, यूएई निवेश संवर्धन व संरक्षण संधि 31 अगस्त से लागू हुईः वित्त मंत्रालय




नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच हस्ताक्षरित द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) इस साल 31 अगस्त से लागू हो गई है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि बीआईटी पर इस साल 13 फरवरी को यूएई के अबू धाबी में हस्ताक्षर किए गए थे और यह 31 अगस्त 2024 से लागू हो गई। संयुक्त अरब अमीरात के साथ इस समझौते के लागू होने से दोनों देशों के निवेशकों को निरंतर निवेश संरक्षण मिलेगा। भारत और यूएई के बीच दिसंबर 2013 में हस्ताक्षरित द्विपक्षीय निवेश संरक्षण तथा संवर्धन समझौता (बीआईपीपीए) इस साल 12 सितंबर को समाप्त हो गया था। भारत में आने वाले कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में तीन प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ यूएई सातवें स्थान पर है। इसमें अप्रैल 2000 से जून 2024 तक करीब 19 अरब अमरीकी डॉलर का संचयी निवेश शामिल है। भारत ने भी अप्रैल 2000 से अगस्त 2024 तक यूएई में अपने कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का पांच प्रतिशत यानी 15.26 अरब डॉलर का निवेश किया है। भारत-यूएई बीआईटी से निवेशकों के बीच सहजता का स्तर बढ़ने तथा विश्वास में वृद्धि होने की उम्मीद है, क्योंकि इसमें न्यूनतम मानक तथा गैर-भेदभाव रुख का आश्वासन दिया जाएगा। साथ ही मध्यस्थता द्वारा विवाद निपटान के लिए एक स्वतंत्र मंच भी उपलब्ध कराया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि इस संधि से द्विपक्षीय निवेश में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होने की उम्मीद है, जिससे दोनों देशों के व्यवसायों और अर्थव्यवस्थाओं को फायदा होगा।

## लुमिकाई से फ्रैमर एआई ने 20 लाख डॉलर का जुटाए



नई दिल्ली (ईएमएस)। वीडियो निर्माण मंच फ्रैमर एआई ने कहा है कि उसने लुमिकाई से 20 लाख अमेरिकी डॉलर यानी लगभग 16.8 करोड़ रुपये का निवेश हासिल किया है। लुमिकाई, गेमिंग और इंटरैक्टिव मीडिया मंचों में निवेश करती है। कंपनी बयान के अनुसार ताजा पूंजी का इस्तेमाल फ्रैमर की पेशकशों को खेल तथा मनोरंजन में विस्तारित करने और डेटा-प्रशिक्षण में निवेश करने में किया जाएगा। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कोष का इस्तेमाल अपनी प्रौद्योगिकी दल का विस्तार करने के वास्ते भी किया जाएगा। फ्रैमर एआई की एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि छोटी वीडियो की आवश्यकता और उसमें रुचि पहले कभी इतनी अधिक नहीं थी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### तनावपूर्ण हालात के बीच ईरान ने भारत को कहा, शुक्रिया

तेहरान (ईएमएस)। मध्य पूर्व में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। इजरायल पर हमास के हमले के बाद गाजा में शुरू हुआ युद्ध अब लेबनान तक पहुंच चुका है। इस संघर्ष के बीच, भारत की स्थिति महत्वपूर्ण है, क्योंकि नई दिल्ली के ईरान और इजरायल दोनों के साथ अच्छे रिश्ते हैं। ईरानी राजदूत ने तनाव भरे माहौल में भारत को धन्यवाद दिया है। ईरान लंबे समय से ब्रिक्स में शामिल होना चाहता था, और इस बार ईरान को ब्रिक्स का पूर्ण सदस्य बनाया गया, जिसमें भारत का समर्थन महत्वपूर्ण रहा।ईरानी राजदूत ने कहा, ईरान को ब्रिक्स का पूर्ण सदस्य बनाने में मदद के लिए भारत के प्रति हमारा सम्मान और आभार है। उन्होंने बताया कि ईरानी विदेश विभाग रूस के कजान में होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी और ईरानी राष्ट्रपति महमूद पेजेश्कियान के बीच बैठक की तैयारी कर रहा है।उन्होंने कहा, भारत जैसे देशों, जिनका इजरायल पर प्रभाव है, उन्हें तनाव कम करने के लिए इजरायल को प्रोत्साहित करना चाहिए। इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि ईरान किसी भी स्थिति के लिए तैयार है।वहीं इस बातचीत में ईरानी राजदूत ने चाबहार पोर्ट जैसे विभिन्न प्रोजेक्ट्स का जिक्र किया, जो दोनों देशों के बीच सहयोग का प्रतीक हैं। उन्होंने माना कि ईरान समझता है कि भारत अभी उससे तेल क्यों नहीं खरीद रहा है, लेकिन उन्होंने नए सहयोग के अवसरों की भी बात की।

### जंग की बरसी पर इजराइल फिर किया हमास का हमला नाकाम

गाजा (ईएमएस)। हमास के साथ जंग की बरसी पर इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने सोमवार सुबह दावा किया कि उन्होंने हमास के एक बड़े रॉकेट हमले की योजना को नाकाम किया है। सेना के अनुसार, हमास ने इजरायल पर बड़े पैमाने पर रॉकेट हमले की तैयारी की थी, जिसे समय रहते विफल कर दिया गया। सुबह इजरायली लड़ाकू विमानों ने गाजा में हमास के कई रॉकेट लॉन्चर और सुरंगों को निशाना बनाया। तभी हमास ने सुफा क्षेत्र में चार रॉकेट लॉन्च किए, जिनमें से तीन को इंटरसेप्ट कर खुले क्षेत्र में गिरा। आईडीएफ ने बताया कि रात भर उन्होंने केंद्रीय गाजा में कई हमास ठिकानों पर हमला किया, जिन्हें नेटजारिम कॉरिडोर क्षेत्र में इजरायली बलों के लिए खतरा माना जा रहा था। यह कार्रवाई इजरायली बलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और गाजा में हमास की गतिविधियों को कमजोर करने के उद्देश्य से की गई थी।आईडीएफ ने पहले ही चेतावनी दी थी कि हमास 7 अक्टूबर के नरसंहार की पहली बरसी पर हमले कर सकता है, और इस वजह से गाजा और सीमा पर इजरायली बलों को मजबूत किया गया था।

### हमास ने महिलाओं के साथ क्रूरता की हदें पार

#### ब्रेस्ट को काटकर सड़क पर खेलते रहे

तेल अबीब (ईएमएस)। महिला सड़क पर थी और महिला की पीठ से खून निकल रहा था। इतना ही नहीं उसके ब्रेस्ट को काटकर सड़क पर फेंककर हमास के लड़ाके उसके साथ खेल रहे थे... ऐसा कुछ दर्दनाक मंजर आज से करीब एक साल पहले इजरायल में हमास के हमले के बाद देखा गया था। तब कई रिपोर्ट्स आई थीं, जिसमें बताया गया था कि महिलाओं के साथ क्रूरता की हदें पार कर दी गई और कई महिलाओं के साथ रेप हुआ है। इस मंजर का गवाह बने लोगों ने जब इसके बारे में बताया तब हर कोई स्तब्ध रह गया। एक रिपोर्ट में उन चश्मदीदों ने बताया है कि हमास के लड़ाकों ने किस तरह महिलाओं के साथ बर्बरता की थी। हमले में मारे गए लोगों के शवों को एकत्र करने और उनकी पहचान करने में शामिल कई लोगों के अनुसार, शवों में यौन उत्पीड़न के निशान दिखाई दिए थे और शवों की हड्डियां टूटी हुई थी, चोट के निशान थे, बॉडी पर कई चीरे लगाए हुए दिख रहे थे। पीड़ितों में बच्चे, जवान और बूढ़े सभी उम्र के लोग शामिल थे।घटना के वक्त के सामने आए कई वीडियो में दिखता है कि महिलाओं को खास टारगेट किया गया था। एक चश्मदीद ने बताया था कि उन्होंने हमास के लड़ाकों को एक महिला का गैंगरेप करते हुए देखा था, जिसका शरीर पूरी तरह क्षत-विक्षत था। इसके बाद बलात्कारियों ने रेप करते हुए महिला के सिर पर गोली मारी दी थी।रिपोर्ट के अनुसार, तब नोवा म्यूजिक फेस्टिवल चल रहा था। वहां मौजूद कई लोगों के साथ दरिंदगी की गई। वहां मौजूद एक शख्स ने बताया कि उसने वहां लोगों के मारने, रेप और सिर कटने की आवाजें सुनी थीं। शख्स ने बताया, कुछ महिलाओं के साथ रेप तब किया गया, जब वे मर चुकी थीं, कुछ के साथ घायल अवस्था में रेप किया गया और वे महिलाएं अधमरी स्थिति में थी। जो महिलाएं रेप होने से बच गई थीं, उनकी मानसिक स्थिति काफी खराब हो चुकी थीं। रिपोर्ट में सामने आया कि आखिर महिलाओं के साथ किस तरह से बर्बरता की गई थी। महिलाएं नग्न अवस्थाओं में थीं, उनके इनरवियर्स फटे हुए थे, पैर फेले हुए थे और प्राइवेट पार्ट से लेकर शरीर पर चोट के कई निशान थे।



### बांग्लादेश में कट्टरपंथियों की धमकियों से अल्पसंख्यकों में दहशत

ढाका,(ईएमएस)। बांग्लादेश में कट्टरपंथियों की धमकियों के चलते अल्पसंख्यकों में दुर्गा पूजा का उत्साह फीका है। देश में बढ़ती हिंसा के बीच, ढाका में राम कृष्ण मिशन ने इस साल कुमारी पूजा का आयोजन नहीं करने का फैसला लिया है। मुख्य पूजा सभागार के अंदर ही मनाई जाएगी। एक वरिष्ठ कार्यकर्ता ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि कट्टरपंथियों ने पूजा के दौरान किसी भी प्रकार के साउंड का इस्तेमाल न करने की चेतावनी दी है। इस स्थिति से अल्पसंख्यक समुदाय में डर का माहौल है।एक रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश में दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर कट्टरपंथियों ने माइक और संगीत वाद्ययंत्रों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की धमकी दी है। पूजा समितियों को पंडाल स्थापित करने के लिए पांच लाख टका फिरौती देने की मांग की जा रही है। बांग्लादेश के गृह मंत्री ने भी कहा था कि दुर्गा पूजा के समय नमाज से पहले के साउंड और पूजा रोकने की बात कही थी।बांग्लादेश की सरकार ने आगामी त्योहार के दौरान पूजा पंडालों और हिंदुओं की सुरक्षा का आश्वासन दिया है, लेकिन अल्पसंख्यक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह सब दिखावा है। अल्पसंख्यक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। 1971 में जब बांग्लादेश का गठन हुआ, तब अल्पसंख्यक समुदाय की जनसंख्या 21 फीसदी थी, लेकिन अब यह घटकर मात्र 8.7 रह गई है। अल्पसंख्यक कार्यकर्ताओं का मानना है कि मौजूदा शासन बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अस्तित्व को समाप्त करने की कोशिश कर रहा है। बांग्लादेश में सुरक्षा की चिंता और धार्मिक असहिष्णुता के बीच, अल्पसंख्यक समुदाय की आवाजें दबती जा रही हैं, जिससे उनके लिए इस त्योहार का मनाना और भी चुनौतीपूर्ण हो गया है।

### पॉप स्टार मैडोना ने भाई को दी श्रद्धांजलि पुराने दिनों की तस्वीरें की शेयर

लॉस एंजेलिस,(ईएमएस)। पॉप स्टार मैडोना ने अपने दिवंगत भाई क्रिस्टोफर जेरार्ड सिकोन को याद करते हुए उसे एक विजनरी बताया, जो उनके साथ जीवन की कठिनाइयों में साथी रहा। एक रिपोर्ट के मुताबिक 63 साल में क्रिस्टोफर के निधन की पुष्टि उनके प्रतिनिधि ने की। मैडोना ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक मैसेज में अपने भाई को कई सालों तक सबसे करीबी इंसान के रूप में याद किया। उन्होंने खुद और क्रिस्टोफर की कुछ पुरानी तस्वीरें साझा की हैं, जो अवार्ड शो के दौरान सेट पर ली गई थीं।मैडोना ने अपने मैसेज में लिखा- हमारे रिश्ते को समझाना कठिन है लेकिन यह इस समझ से बना था कि हम अलग थे और समाज हमें स्वीकार नहीं करेगा क्योंकि हम आम लोगों की तरह नहीं थे। हमने एक-दूसरे का हाथ थामा और अपने बचपन की मुश्किलों से नाचते हुए गुजरे। सच कहूं तो, डांस उस गोंद की तरह था जिसने हमें एक साथ जोड़े दिया था। हमारे छोटे से मिडवेस्टर्न शहर में डांस ने मुझे बचाया और फिर मेरे भाई ने भी इसमें खुद को शामिल कर लिया और इसने उसे भी बचा लिया।मैडोना ने यह भी बताया कि कैसे एक बैले शिक्षक ने उनके भाई को समलैंगिक होने के बावजूद एक सुरक्षित जगह दी थी। उन्होंने कहा कि क्रिस्टोफर ने उनका साथ तब भी दिया जब उन्होंने न्यूयॉर्क जाकर डांसर बनने का साहस जुटाया। उन्होंने याद किया, और फिर से हमने एक-दूसरे का हाथ थामा और न्यूयॉर्क शहर की पागल भीड़ के बीच नाचते हुए गुजरे।मैडोना ने कहा कि हमने कला, संगीत और फिल्मों को जिया। हम उन सभी चीजों के केंद्र में थे, जो तेजी से बदल रही थीं। हमने एड्स महामारी के बीच भी डांस किया। हमने अंतिम संस्कारों में हिस्सा लिया, रोए, और फिर नाचने चले गए। हमने अपने करियर की शुरुआत में एक साथ मंच पर डांस किया और बाद में वह मेरे कई टूर के क्रिएटिव डायरेक्टर बन गए। अच्छे स्वाद के मामले में, मेरा भाई सर्वोपरि था और उसकी मंजूरी पाने के लिए उसकी राय को मानना जरूरी था।

# ईरान के तेल भंडार, एयरबेस या मिसाइल साइलोज पर इजरायल करेगा हमला

तेल अवीव (ईएमएस)। इजरायल ने अभी तक ईरान में किसी प्रकार की जवाबी कार्रवाई नहीं की है, लेकिन इसकी चेतावनी लगातार मिल रही है। अमेरिका ने इजरायल को सलाह दी है कि वह ईरान के न्यूक्लियर साइट्स पर हमला न करे। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि उन्हें नहीं पता कि इजरायल अगला हमला कहां करेगा। इस संदर्भ में, कयास लगाए जा रहे हैं कि इजरायल ईरान के ऑयल साइट्स या उसके बैलेस्टिक मिसाइल साइलोज को निशाना बना सकता है। ईरान ने इजरायल के एयरबेस की सुरक्षा को मजबूत किया है, और इजरायल को भी अपनी एयरफोर्स के ऑपरेशंस में बाधा डालने के लिए ईरान के एयरबेस को निशाना बनाने का विकल्प खुला रखा है। ईरान में कुल 17 एयरबेस हैं, जिनमें से 10 से ज्यादा फाइटर बेस हैं। इस स्थिति के बीच, भारत ने संयम बरतने और वार्ता के माध्यम से समस्या का समाधान खोजने का आह्वान किया है। भारत को इस संघर्ष से आर्थिक नुकसान का खतरा है, क्योंकि मिडिल ईस्ट की अशांति भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है।इसके अलावा, भारतीय बंदरगाहों के लिए मालवाहक जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है। एक साल से अधिक समय से, जहाज अफ्रीका के केपटाउन के पास केप ऑफ गुड होप के रास्ते भेजे जा रहे हैं, जो लंबा और महंगा है। इजरायल ने इस वर्षगांठ के अवसर पर हमास द्वारा किए गए हमले के दौरान जब्त किए गए उपकरणों की प्रदर्शनी भी आयोजित की है। इसमें वे वाहन और उपकरण शामिल हैं जो हमास ने इजरायल में घुसपैठ के लिए इस्तेमाल किए थे। इन घटनाओं के बीच, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि क्षेत्र में स्थिरता बनी रहे, क्योंकि किसी भी प्रकार का नया संघर्ष वैश्विक स्तर पर भूकंपीय प्रभाव डाल सकता है। अमेरिकी एजेंसियों की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि ईरान में ऐसे दो दर्जन से अधिक स्थल हैं जहां मिसाइल स्टोरेज और लॉन्चिंग साइट्स स्थित हैं, जो जमीन से 500 मीटर नीचे हैं। केनेष्ट क्षेत्र में बैलेस्टिक मिसाइल स्टोरेज और साइलोज की जानकारी भी सामने आई है, जहां इजरायल द्वारा संभावित हवाई हमले का खतरा महसूस किया जा रहा है। बता दें कि 7 अक्टूबर, 2022 को हमास द्वारा इजरायल पर किए गए हमले की पहली वर्षगांठ के अवसर पर, मिडिल ईस्ट में तनाव और संघर्ष ने एक बार फिर रुख किया है। इस हमले के बाद, इजरायल ने हमास के खिलाफ जवाबी कार्रवाई शुरू की थी, जो अब तक छह फ्रंट्स पर जारी है। पिछले हफ्ते ईरान की ओर से हुए मिसाइल हमले के बाद, स्थिति और भी गंभीर हो गई है।

### कचरे में पड़ी पेंटिंग ने बदल दी शख्स की जिंदगी

लंदन (ईएमएस)। कहते हैं जब भगवान देता हैं, छप्पर फाड़ कर देता है। कुछ ऐसा ही इस युवक के साथ हुआ। युवक ने एक पुरानी पेंटिंग को कचरे से उठाया और उसकी कीमत जानकर युवक की जिंदगी बदल गई। इस युवक का नाम मैट विंटर है। 11 साल की उम्र में मैट को कूड़े के ढेर के बीच एक पुरानी पेंटिंग मिली, पेंटिंग को युवक ने अपने घर ले जाकर सुरक्षित रखा।मैट ने बताया कि जब वह 10 साल का था, तब से उसकी नजर प्राचीन वस्तुओं पर रहती थी। युवक को लगता था कि इन चीजों को सहेजकर रखना चाहिए। युवक ने अपनी आंटी के बगीचे में एक जगह बनाई, जहां वह जो भी प्राचीन वस्तुएं पाता, उन्हें सहेजकर रखता था। 11 साल की उम्र में, एक दिन जब मैट क्रैनब्रुक टिप की ओर जा रहा था, तब उसकी नजर छह या सात कारों पर पड़ी। वह देखता है कि लोग कूड़े के बैग और अवांछित सामान बाहर निकाल रहे थे। तभी उसकी नजर एक पेंटिंग पर पड़ी, जिसमें एक बख्तरबंद योद्धा अपने कुत्ते के साथ घोड़े पर सवार था। पेंटिंग में शैतान और मौत की आकृति थी। मैट ने तुरंत महिला से पूछा कि क्या वह पेंटिंग फेंकने वाली है।

## राजदूत के निष्कासन की मांग पर भड़का ईरान, ऑस्ट्रेलियाई राजदूत को किया तलब



तेहरान,(ईएमएस)। ईरानी विदेश मंत्रालय ने हालिया घटनाक्रमों के लिए पक्षपातपूर्ण रुख अपनाने पर ऑस्ट्रेलिया के राजदूत को तलब किया है। यह कदम ईरान ने तब उठाया जब ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज ने इजराइल पर ईरान के मिसाइल अटैक की निंदा की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया के विपक्षी नेता ने ऑस्ट्रेलिया में ईरानी राजदूत को निष्कासित करने की मांग की थी।रिपोर्ट में ईरानी विदेश मंत्रालय में पूर्वी एशिया और ओशिनिया विभाग के महानिदेशक अली असगर मोहम्मदी ने बैठक में ऑस्ट्रेलियाई सरकार के अनुचित और पक्षपातपूर्ण रुख का विरोध किया। उन्होंने गाजा और लेबनान में इजरायली सैन्य कार्रवाइयों के प्रति ऑस्ट्रेलिया की चुप्पी साधे रहने की आलोचना की। उन्होंने इजरायल द्वारा गाजा में नरसंहार और लेबनान में हमलों को तत्काल रोकने की ईरान की अपील दोहराई और ऑस्ट्रेलिया और इजराइल के अन्य पश्चिमी समर्थक देशों से जिम्मेदार भूमिका निभाने का आह्वान किया।इससे पहले ईरान के विदेश मंत्रालय ने जर्मन और ऑस्ट्रियाई राजदूतों को भी तलब किया था, जब इन देशों ने ईरानी दूतों को बुलाकर इजराइल पर तेहरान के मिसाइल अटैक का विरोध जताया था। 4 अक्टूबर को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजराइल पर तेहरान के हमलों को पूरी तरह से कानूनी और वैध बताया था। 1 अक्टूबर की रात ईरान ने इजरायल पर सैकड़ों मिसाइल दागे थे।तेहरान का कहना है कि यह बमबारी हमास के राजनीतिक नेता इस्माइल हानिया, हिजबुल्लाह के प्रमुख हसन नसरल्लाह और जनरल अब्बास निलफोरुशन की हत्याओं के जवाब में की गई थी। ईरान हमेशा से हमास और हिजबुल्लाह का समर्थन करता रहा है। ईरानी हमले के कुछ घंटों बाद इजराइल के पीएम नेतन्याहू ने सुरक्षा कैबिनेट की बैठक के दौरान कहा था कि ईरान ने आज रात एक बड़ी गलती की है और उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। इसको लेकर पूरी दुनिया में हड़कंप मच गया है। कहीं यह लड़ाई बड़ी ना हो जाए।

## मैक्रों ने की नेतन्याहू से फोन पर बात बोले, अब युद्ध विराम का समय

### इजराइल और मध्य पूर्व में लोगों की सुरक्षा के लिए समाधान निकालें




पेरिस,(ईएमएस)। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बीच मध्य पूर्व के हालात पर टेलीफोन पर बातचीत हुई। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब मैक्रों ने इजराइल को हथियार नहीं देने की बात की थी, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव पैदा हो गया है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास ने एक बयान जारी कर कहा कि रविवार को दोनों नेताओं ने अपनी अलग-अलग राय को स्वीकार किया और बेहतर समझ के लिए अपनी पारस्परिक इच्छा पर जोर दिया।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मैक्रों ने नेतन्याहू को बताया कि अब युद्ध विराम का समय आ गया है। हथियारों की सप्लाई, गाजा में युद्ध का लंबा खिंचना और लेबनान तक इसका फैलना, इजराइलियों और क्षेत्र के सभी लोगों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। इसका तुरंत हल निकलना चाहिए, जिससे हम इजराइल और मध्य पूर्व में सभी लोगों की सुरक्षा के लिए जरूरी राजनीतिक समाधान निकाल सके।7 अक्टूबर को हमले की पहली बरसी की पूर्व संध्या पर फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने इजराइली लोगों, बंधकों और उनके प्रियजनों के प्रति फ्रांसीसी लोगों की एकजुटता जाहिर की। शनिवार को मैक्रों के रेडियो पर दिए इंटरव्यू के बाद फ्रांस और इजरायल संबंधों में तनाव बढ़ गया। मैक्रों ने राजनीतिक समाधान को प्राथमिकता देने पर जोर दिया और गाजा में सैन्य अभियानों के लिए इजराइल को हथियार नहीं देने की अपील की थी।नेतन्याहू ने इस रुख की कड़ी निंदा करते हुए कहा था कि राष्ट्रपति मैक्रों और अन्य पश्चिमी नेता अब इजरायल पर हथियारों के प्रतिबंध की वकालत कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चाहे बाहरी समर्थन मिले या न मिले, जीत इजरायल की होगी। फ्रांस सरकार ने यह भी घोषणा की कि विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट स्थिति पर आगे चर्चा करने के लिए सोमवार को इजराइली अधिकारियों से मिलेंगे।

## कनाडाई महिला का आरोप, अप्रवासी भारतीयों को प्राथमिकता दे रही कंपनी




ओटावा (ईएमएस)। कनाडाई महिला, क्लॉस आर्मिनियस, ने लोकप्रिय कॉफीहाउस और रेस्तरां चेन टिम हॉर्टन्स इंक पर भेदभाव का आरोप लगा दिया है। उन्होंने पोस्ट में कहा कि कंपनी कनाडाई नागरिकों के बजाय भारतीयों को नौकरी देने को प्राथमिकता दे रही है। उनके आरोप के बाद कनाडाई लोगों के बीच मुद्दे पर बहस छिड़ गई है, जिसमें कुछ ने उनके आरोप को सही, जबकि कुछ ने गैरजरुरी बताया है।आर्मिनियस ने बताया कि टिम ने पहले कनाडाई कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया और जब उन्होंने इसकी शिकायत की, तब उन्हें नौकरी से निकाल दिया। उन्होंने कहा, कंपनी भारतीयों का पक्ष लेती है, जो देश की विविधता और समावेशी चरित्र के खिलाफ है। उनके पोस्ट को 45 लाख लोग देख चुके हैं। पोस्ट में कहा, इंडियन मैनेजर ने विशेष रूप से भारतीय अप्रवासियों को काम दिया। एक तरह के लोगों को भर्ती करने से काम करने का वातावरण प्रभावित हुआ। जब मैंने अपनी चिंताओं को कंपनी के मैनेजमेंट के सामने रखा, तब उन्हें खारिज कर दिया गया। इसकारण मुझे अपनी चार साल पुरानी नौकरी खोनी पड़ी।क्लॉस के आरोपों ने बड़ी संख्या में लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। कई कनाडाई नागरिकों ने मुद्दे पर चिंता जाहिर की है, वहीं कुछ का कहना है कि अगर अप्रवासी योग्य हैं और कम वेतन में काम करने को तैयार हैं, तब उन्हें नौकरी क्यों नहीं दी जानी चाहिए। हॉर्टन्स ने अभी तक अपनी पूर्व कर्मचारी के इन आरोपों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। यह मामला उस समय सामने आया है जब कनाडा में घरों की कमी और बढ़ती बेरोजगारी एक बड़ा मुद्दा बन चुके हैं।

### 900 से ज्यादा ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों ने छोड़ा लेबनान

कैनबरा(ईएमएस)। बढ़ते खतरे को देखते हुए ऑस्ट्रेलियाई के 900 नागरिकों ने लेबनान छोड़ दिया है। इसके लिए अस्ट्रेलिया सरकार ने विशेष विमानों की व्यवस्था की थी। रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने सोमवार को कहा कि 904 ऑस्ट्रेलियाई नागरिक, स्थायी निवासी और उनके परिवार के सदस्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए विमान से लेबनान छोड़ चुके हैं। सरकार ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई लोगों के लिए बेरूत से साइप्रस के लिए दो चार्टर उड़ानें संचालित की, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई एयरलाइंस क्वांटास और कतर एयरवेज साइप्रस से सिडनी के बीच कनेक्टिंग उड़ानें चला रहे थे।ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन ने बताया था कि ऑस्ट्रेलियाई लोगों के लिए दो और उड़ानें शाम 6:30 बजे और रात 11:45 बजे बेरूत से रवाना होने वाली हैं। सोमवार को स्थानीय समयानुसार मांग, परिचालन क्षमता और सुरक्षा स्थिति के आधार पर इसे शुरू किया जाएगा। क्वांटास की पहली उड़ान रविवार रात को रवाना हुई जिसमें 349 ऑस्ट्रेलियाई नागरिक सवार थे। 3,750 से अधिक ऑस्ट्रेलियाई लोगों ने लेबनान छोड़ने के लिए विदेशी मामलों के विभाग में पंजीकरण कराया है।

## इंडोनेशिया में प्रतिबंध के बावजूद जारी है आनंद विवाह का चलन




जकार्ता (ईएमएस)। मुस्लिम आबादी बहुल देश इंडोनेशिया में प्रतिबंध के बावजूद प्लेजर मैरिज या आनंद विवाह की प्रथा खूब फलफूल रही है। यह प्रथा दक्षिण-पूर्व एशिया में तेजी से बढ़ रही है और इंडोनेशिया में यह एक बड़ी इंडस्ट्री बन चुकी है। इस प्रथा में पर्यटकों को अस्थायी रूप से पत्नियां दी जाती हैं। इसे लेकर चिंता बढ़ रही है क्योंकि कई महिलाएं जीविका के लिए इस प्रथा का हिस्सा बनती हैं, जो न केवल समाज के लिए हानिकारक है, बल्कि महिलाओं के शोषण का एक साधन भी है। प्लेजर मैरिज इंडोनेशिया में विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में आम है, जहां परिवार आर्थिक तंगी के चलते अपनी बेटियों पर इस प्रथा का हिस्सा बनने का दबाव डालते हैं। इसके तहत पर्यटकों और महिलाओं के बीच अस्थायी विवाह करवाए जाते हैं, जिसमें दोनों पक्ष कुछ समय के लिए एक-दूसरे के साथ रहते हैं और इसके बदले महिला के परिवार को पैसे मिलते हैं। यह प्रथा भले ही आर्थिक मदद के रूप में देखी जाती हो, लेकिन इसके गंभीर सामाजिक और नैतिक परिणाम हैं। इंडोनेशिया में इस प्रथा पर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन कोई सख्त कानून न होने की वजह से यह अभी भी जारी है। प्लेजर मैरिज से जुड़ी कई कहानियां सामने आई हैं जो इस प्रथा की भयावहता को उजागर करती हैं। उदाहरण के तौर पर, एक महिला, कहाया, जो अब तक 15 से अधिक बार इस प्रथा का हिस्सा बन चुकी है, ने अपनी दर्दनाक कहानी साझा की। उसकी पहली शादी 13 साल की उम्र में हुई थी, और जब वह 17 साल की हुई, तो उसे एक 50 वर्षीय सऊदी अरब के पर्यटक के साथ शादी करने के लिए मजबूर किया गया।इसके बदले में उसे केवल 850 डॉलर मिले। कहाया ने आगे बताया कि कुछ शादियों में उसका अनुभव बेहद कठिन रहा। एक सऊदी अरब के व्यक्ति ने उसे भारी रकम का वादा किया, लेकिन बाद में उसका व्यवहार अमानवीय था और उसने पैसे भी नहीं दिए। इस प्रकार की घटनाएं इस प्रथा के खतरनाक और शोषणकारी पहलुओं को सामने लाती हैं। प्लेजर मैरिज न केवल महिलाओं के शारीरिक और मानसिक शोषण का साधन है, बल्कि यह समाज में लैंगिक भेदभाव और अन्याय को भी बढ़ावा देती है।

### लेबनान के हमले में इजरायली सैनिक की मौत, दो जख्मी

बेरुत(ईएमएस)। गाजा पट्टी से आज दक्षिणी इजराइल की तरफ 4 रॉकेट दागे गए। आईडीएफ के मुताबिक तीन रॉकेट्स को मिसाइल डिफेंस सिस्टम की मदद से रोक लिया गया, जबकि चौथा रॉकेट ओपन एरिया में जाकर गिरा। बता दें कि गाजा से फायर हुए रॉकेट से कुछ देर पहले ही आईडीएफ ने बयान जारी किया था कि इजरायली सेना फिलिस्तीन में हमास के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक कर रही है। लेबनान की सीमा पर तैनात इजरायली सैनिकों पर मोर्टार से हमला किया गया है। आईडीएफ के मुताबिक रविवार को लेबनान की बॉर्डर पर हमले में एक इजरायली सैनिक की मौत हो गई। इस अटैक में दो सैनिक घायल भी हो गये। मरने वाले सैनिक का नाम मास्टर सार्जेंट एते अजुले (25) है। अजुले ओरानिट के कुलीन 5515 कॉम्बेट मोबिलिटी यूनिट के सदस्य थे।हमास के अटैक (7 अक्टूबर) के की बरसी से ठीक एक दिन पहले आईडीएफ ने लेबनान और गाजा पट्टी में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर बमबारी की। इससे पहले देर रात हिज्बुल्लाह ने इजरायल के तीसरे सबसे बड़े शहर हाइफा की तरफ रॉकेट दागे, जो इजरायली मिसाइल डिफेंस सिस्टम को चकमा देकर हाइफा में गिर गये। इससे इमारतों को नुकसान पहुंचा है। रॉकेट हमलों में 10 लोग घायल हुए हैं।इजरायली सेना ने फिलिस्तीन में हमास के ठिकानों पर सटीक हमले का दावा किया है। उन्होंने डेर अल बलाह के क्षेत्र में शुहादा अल-अक्सा अस्पताल के अंदर हमास के कमांड और कंट्रोल सेंटर को तबाह कर दिया है। इन कमांड और कंट्रोल सेंटर का इस्तेमाल हमास के लड़ाके कर रहे थे।

### मनपसंद लड़के से शादी को तैयार नहीं हुआ परिवार, लड़की ने 13 की कर दी हत्या

इस्लामाबाद,(ईएमएस)। पाकिस्तान में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक लड़की ने अपने ही परिवार के 13 सदस्यों को मौत के घाट उतार दिया। हत्या के आरोप में लड़की को गिरफ्तार कर लिया गया है।मीडिया रिपोर्ट में पुलिस ने बताया कि लड़की के परिजन उसकी पसंद के लड़के से उसकी शादी करने को तैयार नहीं थे। पुलिस ने बताया कि ये घटना 19 अगस्त को खैरपुर के निकट हैबत खान ब्रोही गांव में हुईं थी। पुलिस ने बताया कि लड़की उस समय नाराज हो गई जब उसके परिवार उसकी पसंद के लड़के से शादी करने को तैयार नहीं हुए।पुलिस ने बताया कि इसके बाद उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने माता-पिता समेत परिवार के सदस्यों को मारने की साजिश रची। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि खाना खाने के बाद सभी 13 सदस्य बीमार पड़ गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां सभी की मौत हो गई। जब शवों का पोस्टमॉर्टम किया गया तो इन लोगों की मौत जहरीला खाना खाने से हुई बातया। उन्होंने बताया कि जब पुलिस ने गहनता से जांच की तो पता चला कि लड़की और उसके प्रेमी ने घर में आटे में जहर मिला दिया था। लड़की ने अपने प्रेमी की मदद से आटे में जहर मिलाने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और आगे की कार्रवाई शुरु कर दी है।

### ब्राजीलिया में 164 दिन सूखे का बना रिकॉर्ड, गर्मी ने किया बुरा हाल

साओ पाउलो,(ईएमएस)। ब्राजील की राजधानी ब्राजीलिया ने 164 दिनों तक सबसे लंबे समय तक के सूखे का नया रिकॉर्ड बनाया है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान संस्थान ने बताया कि लंबे समय तक सूखे के कारण जंगलों में और घास के मैदानों में आग लगने की बड़ी घटनाएं हुईं। इससे पहले यह रिकॉर्ड 1963 में राजधानी ब्राजीलयिा की स्थापना के तीन साल बाद बना था, जब लगातार 163 दिनों तक बारिश नहीं हुई थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक ब्राजीलयिा भीषण गर्मी से जूझ रहा है। गर्मी से लोगों का बुरा हाल है।अधिकारियों ने राजधानी में 35 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान के कारण ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले सालों की तुलना में इस साल ब्राजीलिया में जंगल की आग में 269 फीसदी की वृद्धि हुई है। मौसम वभािग ने 36.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज कयिा और 8 अक्टूबर को बारिश की उम्मीद जताई है।

## संक्षिप्त खबरें

### वामपंथी विधायक का आरोप सोने की तस्करी में शामिल ज्यादातर लोग मुस्लिम समुदाय से

तिरुवनंतपुरम (ईएमएस)। केरल के वामपंथी विधायक के टी जलील कहा है कि मलप्पुरम जिले में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के माध्यम से सोने की तस्करी में शामिल ज्यादातर लोग मुस्लिम समुदाय से हैं। उन्होंने ऐसे अपराधों में शामिल सदस्यों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए समुदाय के नेताओं के हस्तक्षेप का भी आह्वान किया। उनका यह बयान मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की मुस्लिम बहुल जिले मलप्पुरम के बारे में हाल ही में की गई कथित विवादास्पद टिप्पणी को लेकर राज्य में चल रहे राजनीतिक विवाद के बीच आया है। फेसबुक पोस्ट में जलील ने कहा कि अपराधी चाहे किसी भी समुदाय से हों, समुदाय के सदस्यों द्वारा कड़ा विरोध व्यक्त किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ईसाइयों को ईसाई समुदाय में हो रहे गलत कामों का विरोध करने के लिए आगे आना चाहिए और मुसलमानों को मुसलमानों द्वारा किए गए अपराधों की ओर ध्यान दिलाना चाहिए। थावनूर के विधायक ने कहा कि हिंदुओं को अपने समुदाय के भीतर गलत प्रथाओं पर ध्यान देना चाहिए अन्यथा इस तरह के हस्तक्षेप को अन्य धर्मों द्वारा उन्हें नीचा दिखाने के प्रयास के रूप में गलत समझा जा सकता है। उन्होंने कहा, करिपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (मलप्पुरम) के आसपास सोने की तस्करी के मामलों में पकड़े गए अधिकांश लोग मुस्लिम समुदाय से हैं।

### गैंगरेप पीड़िता से लूटे गए मोबाइल ने पुलिस को पहुंचाया आरोपियों तक, पांच गिरफ्तार

वडोदरा (ईएमएस)| नवरात्रि की दूसरी रात वडोदरा से सटे भायली में नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है| गैंगरेप पीड़िता के लूटे गए मोबाइल से किए गए एक कॉल ने पुलिस को आरोपियों तक पहुंचने की राह आसान बना दी| वडोदरा पुलिस आयुक्त नरसिम्हा कोमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बीएनएस 2023 और पोक्सो एक्ट 2012 की धाराओं के तहत आरोपियों के मामला दर्ज किया गया है| वडोदरा पुलिस ने घटना के महज 48 घंटों के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है| जांच के दौरान घटनास्थल से मिले भौतिक साक्ष्य जैसे टूटे हुए धूप के चश्मे और पीड़िता का विवरण तथा पीड़िता से लूटे गए मोबाइल से किये गए एक कॉल ने पूरे मामले को सुलझाने में मदद की। वडोदरा के पुलिस आयुक्त नरसिम्हा कोमार ने कहा है कि मोबाइल सीडीआर, सीसीटीवी कैमरा फुटेज और मोटर साइकिल नंबर और आरोपियों के विवरण के आधार पर वे तीन आरोपियों का पता लगाने पुलिस को सफलता मिली। पुलिस आयुक्त ने कहा कि पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये आरोपियों में 36 वर्षीय अल्ताफ बंजारा, 26 वर्षीय शाहरुख बंजारा और 27 वर्षीय मुन्ना अब्बास बंजारा समेत तीनों आरोपी उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं| जांच में पता चला कि ये तीनों आरोपी 10 साल पहले वडोदरा आए थे. ये लोग निर्माण कार्य में पीओपी का काम कर रहे थे| आरोपियों ने 4 अक्टूबर को भायली में गैंगरेप की वारदात को उस वक्त अंजाम दिया जब पीड़ित नाबालिग लड़की अपने बचपन के साथ के साथ बैठी थी|

### त्रिशूलिया घाट के निकट बस पलटने से 6 लोगों की मौत, 35 से ज्यादा यात्री घायल

बनासकांठा (ईएमएस)| शक्तिपीठ अंबाजी के निकट त्रिशूलिया घाट पर फिर एक बार दुर्घटना हुई है| त्रिशूलिया घाट के निकट यात्रियों से भरी बस पलट गई| इस घटना में 6 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 35 से ज्यादा लोग घायल हो गए| हादसे के बाद एंबुलेंस समेत पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी| जानकारी के मुताबिक बनासकांठा जिला स्थित विख्यात शक्तिपीठ अंबाजी से यात्रियों को लेकर एक बस दांता की ओर जा रही थी| रास्ते में त्रिशूलिया के निकट बस अचानक पलटी खा गई| दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस 108 को हादसे की सूचना दी| खबर मिलते ही पालनपुर, दांता, अंबाजी से एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंच गई और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया| जानकारी है कि इस हादसे में 6 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई| जबकि 35 जितने यात्रियों के घायल होने की खबर है| हादसे के शिकार मृतक और घायल खेडा जिले के कठलाल निवासी होने का पता चला है| हादसे के बाद एसपी और डीवायएसपी समेत पुलिस काफिला मौके पर पहुंच गया और आगे की कार्यवाही शुरू की|

### विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने पकड़ी राहुल गांधी की राह

#### खाली सीएम कुर्सी के साथ दिल्ली जोड़ो यात्रा

नई दिल्ली(ईएमएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस दिल्ली जोड़ो यात्रा शुरू करने वाली है। कांग्रेस की यह यात्रा 23 अक्टूबर से शुरू होकर लगभग चार चरणों में आयोजित होगी और यह चुनाव प्रचार के आखिरी दिन तक चलेगी है। इस बात की जानकारी पार्टी सूत्रों ने दी है। कांग्रेस का मानना है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से पार्टी को काफी फायदा हुआ है। यही वजह है कि कांग्रेस हाईकमान इसका प्रयोग दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी करना चाहती है। कांग्रेस की दिल्ली जोड़ो यात्रा को लेकर दिल्ली कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि पहला चरण 23 से 28 अक्टूबर के बीच होगा और दूसरा चरण 5 नवंबर से शुरू होने की योजना है। दिल्ली जोड़ो यात्रा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से गुजरेगी और प्रस्तावित चार चरणों में से प्रत्येक में राहुल और प्रियंका गांधी दोनों शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यात्रा से जुड़े अनुमानित 1,000 पार्टी सदस्यों में सांस्कृतिक और मीडिया दोनों तरह के प्रभावशाली लोग शामिल होंगे।

# 1814 करोड़ की एमडी ड्रग पकड़े जाने के बाद शुरु हुआ सियासती घमासान

## कांग्रेस ने देवड़ा के साथ वाली आरोपी की तस्वीर की ट्वीट, पीसीसी चीफ ने मांगा डिप्टी सीएम का इस्तीफा

भोपाल(ईएमएस)। राजधानी भोपाल के भोपाल के बगरोदा पठार इंडस्ट्रियल एरिया में गुजरात एटीएस और एनसीबी द्वारा की गई छापेमारी में 1814 करोड़ की एमडी ड्रग पकड़े जाने के बाद सियासत घमासान शुरू हो गया है। मध्य प्रदेश कांग्रेस के सभी बड़े नेताओ सहित अन्य पार्टियो ने भाजपा पर हमला करते हुए एक आरोपी के भाजपा के मंत्री से नजदीकियां होने के गंभीर आरोप लगाये है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार पर कई बड़े आरोप लगाते हुए डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा का इस्तीफा मांगा है। दरअसल इस मामले में मंदसौर से गिरफ्तार एक आरोपी हरीश आंजना की डिप्टी सीएम के साथ तस्वीरें सामने आई है, इसे लेकर पटवारी ने सरकार को घेरा है। पटवारी ने पूछा कि लगातार इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। क्या ये बीजेपी में मोहन यादव को अस्थिर करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। पटवारी ने एक फोटो दिखाते हुए कहा यह व्यक्ति है, जो इसमें संलग्न पाया गया है। यह उप मुख्यमंत्री का करीबी है। इसकी खुद की प्रोफाइल पर 500 फोटो हैं। युवा मोर्चा का नेता है। उन्होंने कहा कि मोहन यादव को तत्काल जगदीश देवड़ा जी का इस्तीफा लेना चाहिए। ऐसे माफियाओं को कोई भी राजनीतिक व्यक्ति संरक्षण देगा तो उसे माफ नहीं किया जाएगा। कार्रवाई के बाद गुजरात सरकार के गृहमंत्री द्वारा एमपी का धन्यवाद करने और सीएम मोहन यादव द्वारा भी गुजरात सरकार का आभार जताने पर जीतू पटवारी ने कहा कि भोपाल में लगभग 1900 करोड रुपए का ड्रग्स का कारोबार पकड़ा गया इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि यह मध्य प्रदेश पुलिस नहीं, बल्कि गुजरात की पुलिस और केंद्रीय नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने पकड़ा। गुजरात के गृहमंत्री का ट्वीट आया उन्होंने यह कहा कि हमने सफलता पाई। फिर 4 घंटे बाद कहा कि मध्य प्रदेश वालों का भी इसमें योगदान है। हमारे मध्य प्रदेश की सरकार और पुलिस को पता ही नहीं था। अखबारों में छपा कि एक महीने से गुजरात की एजेंसियां काम मे लगी थीं। लेकिन हमारे पास जानकारी दो महीने की है। पिछले दो महीने से यह एजेंसियां अलग-अलग तरीके से काम कर रही थी। लेकिन मध्य प्रदेश की पुलिस और यहां के कानून व्यवस्था से जुड़े लोगों को सहभागी नहीं बनाया। क्योंकि उनकी मिली भगत थी। यदि वे साथ होते तो यह आरोपी पकड़े नहीं जाते। पटवारी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि सीएम मोहन यादव यदि राजधानी में ही ड्रग्स की फैक्ट्री चल



रही है, तो गृहमंत्री के रूप में आप क्या कर रहे हैं।

### एमपी माफियाओं का प्रदेश बन चुका है- अरुण यादव

पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि एमपी अब माफियाओं का प्रदेश बन चुका है। प्रदेश में शराब माफिया, रेत माफिया और अब ड्रग माफिया सक्रिय हो गए हैं1 भोपाल में 907 किलो की एमडी ड्रग जिसका बाजार मूल्य 1800 करोड़ रुपये से भी ज्यादा का गुजरात एटीएस द्वारा पकड़ा जाना बताता है, कि मप्र की पुलिसिंग व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। अरुण यादव ने यह भी लिखा की ड्रग माफिया भाजपाई निकला जो उपमुख्यमंत्री का करीबी है, मोदी जी तो कांग्रेस पर झूठे आरोप लगा रहे थे, मगर भोपाल में भाजपा नेता ड्रग में पकड़े गए। अरुण यादव ने पुलिस एवं इंटेलिजेंस पर तंज कसते हुए कहा कि आरोपी भाजपाई था, इसीलिए पता नहीं चल पाया होगा।

### कांग्रेस ने देवड़ा के साथ वाली आरोपी की तस्वीर ट्वीट की

कांग्रेस ने मामले के एक आरोपी हरीश आंजना को उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की करीबी बताते हुए सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी की तरफ से X पर पोस्ट किया गया- भोपाल में चलाया जा रहा था अवैध ड्रग्स बनाने का कारखाना ! भाजपा सरकार थी चुप, आखिर क्यों चुप थी? जवाब सामने है, क्योंकि आरोपियों को भाजपा का संरक्षण था।

### बीजेपी ने ड्रग कांड के आरोपी से किया किनारा

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कॉग्रेस के आरोपो पर पलटवार करते हुए ड्रग कांड के आरोपी हरीश से किनारा करते हुए कहा कि आरोपी हरीश अंजना का बीजेपी से कोई रिश्ता नहीं है, नेताओ के साथ आरोपी के फोटो से कोई रिश्ता नहीं बन जाता। उन्होनें कहा कि साल 2003 से पहले एमपी में कांग्रेस की सरकार में प्रदेश के गर्त में ले जाने का काम दिग्विजय सिंह ने किया था, लेकिन एमपी को सुरक्षित एमपी बनाने का काम बीजेपी ने किया है। अगर गलती से कोई ऐसा व्यक्ति हम से जुड़ा है, तो उस पर और कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही वीडी शर्मा ने जीतू पटवारी के आरोपो पर कहा की आपके जैसे प्रवृत्ति के लोगो को ये जनाकारी नही मिली इसलिए ऑपरेशन सफल रहा। जगदीश देवड़ा इस प्रदेश के जिमेदार नेता है, और बीजेपी बहुत बड़ा दल है, गलती से ऐसे लोगो के साथ फोटो हों सकती है।

### हरीश और डिप्टी सीएम के बीच क्या रिश्ता है-आप

मामले में सपा नेता यश भारतीय ने ड्रग मामले में मंदसौर से गिरफ्तार हरीश आंजना को लेकर ट्वीट करते हुए कहा कि वह बीजेपी का सक्रिय कार्यकर्ता है। उसके कई फोटो डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा के साथ सामने आई है, और हरीश कई पुलिस अफसरों का भी खास बताया जा रहा है। यश भारतीय ने आगे कहा कि भाजपा में आईएसआई पाकिस्तानी सहयोगी, आतंकवाद के आरोपी पलते है।

ध्रुव सक्सेना, प्रज्ञा ठाकुर और अन्य को तो आप जानते ही है, और हॉ इन दिनो भाजपा का महा सदस्यता अभियान चल रहा है। आम आदमी पार्टी के नेता रमाकांत पटेल ने कहा कि देश की खुफिया जानकारी पाकिस्तान को भेजने वाले जब पकड़े जाते हैं, तो उनकी फोटो भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के साथ ही क्यो मिलती है। ड्रग्स मामले में गिरफ्तार हरीश आंजना की फोटो प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के साथ में है, क्या है ये रिश्ता, ड्रग्स कारोबारी के साथ में बीजेपी के बड़े नेता क्या कर रहे हैं, यह बीजेपी स्पष्ट करे।

# परीक्षाओं के पेपर लीक करता था पूर्व प्रिंसिपल घोष, सीबीआई को मिले सबूत

### आशीष पांडेय के जरिए घूस के पैसे मंगवाता था

कोलकाता (ईएमएस)। आर.जी कर मेडिकल कॉलेज में वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े मामले की जांच के दौरान सीबीआई को अब मेडिकल कॉलेज की परीक्षाओं के पेपर लीक करने के लिए पैसे लेने के कुछ नए सबूत मिले हैं। सीबीआई ने पता लगाया है कि पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष अपने घर में काम करने वाले आशीष पांडेय के जरिए घूस के पैसे मंगवाते थे, इसके बदले छात्रों को परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक कराते थे। खुलासे में सामने आया है कि जूनियर डॉक्टरों और छात्रों के एक वर्ग ने पिछले कुछ सालों में शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना, बेहिसाब पैसे की वसूली, परीक्षा में फेल करने की धमकी और यौन दुराचार को लेकर कॉलेज परिसर में अपनी जागीर बना लिया था। विशेष कॉलेज परिषद ने 59 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें कड़ी सजा सुनाई है। 6 छात्रों को चेतावनी देकर छोड़ा गया, जबकि बाकी सभी को छह महीने से एक साल तक के लिए परिसर से निष्कासित कर दिया गया है। कॉलेज परिषद ने 59 आरोपियों की एक सूची बनाई है, जिसमें 36 जूनियर डॉक्टर और 23 छात्र शामिल हैं। आरोपों की गंभीरता के आधार पर उन्हें तीन समूहों में वर्गीकृत किया गया है। जूनियर डॉक्टरों और छात्रों ने बताया कि घोष के प्रिंसिपल बनने के बाद से गुट का आतंक बढ़ा है। इस मामले में आशीष पांडे और रेडियोथेरेपी विभाग के वरिष्ठ रेजिडेंट सौरव पॉल के नाम भी सामने आए हैं। पांडे सीबीआई की हिरासत में हैं, और पॉल भी जांच के दायरे में हैं। दोनों को काउंसिल द्वारा सबसे सख्त कार्रवाई के तहत कॉलेज और छात्रावास से निष्कासित किया गया है। सीबीआई अब घोष और पांडे के बैंक खातों की गहन जांच कर रही है ताकि अवैध लेन-देन के बारे में और सुराग मिल सकें।

### भारत की पड़ोसी प्रथम पॉलिसी, मालदीव को पीने का पानी और कोविड टीके देने में देरी नहीं की

#### राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के साथ पीएम मोदी की चर्चा

नई दिल्ली। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की पड़ोसी प्रथम पॉलिसी और सागर विजन में मालदीव का महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने आपसी सहयोग को रणनीतिक दिशा देने के लिए व्यापक, आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी विजन अपनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस में मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के साथ संयुक्त रूप से मीडिया को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा, दोनों पड़ोसी देशों ने मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा करने का फैसला किया है। साथ ही मुद्रा में व्यापार निपटाने पर भी काम होगा। पीएम मोदी ने दोनों देशों के बीच सदियों पुराने संबंधों का हवाला देकर कहा कि भारत मालदीव का सबसे करीबी पड़ोसी और मित्र है। पीएम मोदी ने कहा, चाहे मालदीव के लोगों के तक जरूरी वस्तुओं को पहुंचाना हो, प्राकृतिक आपदा के दौरान पीने का पानी उपलब्ध कराना हो या कोविड के दौरान टीके उपलब्ध कराना हो।

### नदी तट पर बरामद हुई 120 करोड़ की कोकीन

गांधीधाम (ईएमएस)। गुजरात के कच्छ जिले के गांधीधाम शहर के पास नदी क्षेत्र से 12 किलोग्राम कोकीन के दस पैकेट बरामद किए गए हैं। इन पैकेट की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 120 करोड़ रुपये है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कच्छ-पूर्व के पुलिस अधीक्षक सागर बागमार ने कहा, पुलिस की शुरुआती जांच से पता चलता है कि तस्करों ने गिरफ्तारी के डर से बचने के लिए मादक पदार्थ को नदी के किनारे छिपाया।


जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, धनबाद।
(जिला विकास शाखा)
–: अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :–

धनबाद जिला के सिन्दरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों (सरकारी प्राथमिक/उत्क्रमित प्राथमिक) में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के ज्ञानोपार्जन एवं बौद्धिक विकास हेतु माननीय विधायक, सिन्दरी विधान सभा क्षेत्र श्री इन्द्रजीत महतो द्वारा अनुशंसित बहुउपयोगी पुस्तकों के क्रय/आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित पुस्तक प्रकाशकों/आपूर्तिकर्त्ताओं/पुस्तक विक्रेताओं से दिनांक 21.10.2024 को 11.30 बजे पूर्वाह्न तक मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता संबंधित पुस्तकों की सूची एवं शर्त्तें किसी भी कार्य दिवस को (कार्यालय अवधि में) जिला विकास शाखा, धनबाद से प्राप्त कर सकते हैं तथा वेबसाईट www.dhanbad.nic.in से डाउनलोड कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएगी। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त मुहरबंद निविदाएँ दिनांक 21.10.2024 को ही अपराह्न 03.00 बजे गठित क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी, जिसमें निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

उप विकास आयुक्त
धनबाद।

PR 338208Planning and Development(24-25)D



Procurement Cell
Office of The Executive Engineer,
Building Construction Department, Building Division, Giridih.
अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/EE/GIRIDIH/22- 2024-25 दिनांकः– 07-10-2024

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | *Construction of Stadium in mauza daundalo block bagodar, Giridih.* | Rs. 83,04,550.00 | 12 (Twelve) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 09.10.2024 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 14-10-2024 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 15-10-2024 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e-Procurement CellOffice of TheExecutive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Giridih | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 7562841745 | |
| vii | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 7562841745 | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

*note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

Nodal Officer e- Procurement Cell
Office of The Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Giridih

PR 338275Building(24-25)D


# हरियाणा में कांग्रेस ने शुरू की मुख्यमंत्री चुनने की तैयारी, जम्मू-कश्मीर में भी बढ़ी हलचल

### आज हरियाणा, जम्मू-कश्मीर में किसकी मंगल, जम्मू-कश्मीर में किंगमेकर साबित होगी पीडीपी

नई दिल्ली(ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अब सभी को इंतजार नतीजों का है। दोनों ही राज्यों में विधानसभा चुनाव के परिणाम मंगलवार को आएंगे। वोटों की गिनती सुबह 8 बजे से शुरू होगी। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती होगी। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में दर्ज वोटों की काउंटिंग की जाएगी। मतदान के बाद से ही भाजपा और कांग्रेस अपनी-अपनी जीत का दावा कर रही हैं। उधर, एग्जिट पोल में कांग्रेस दोनों राज्यों में मजबूत होकर उभरी है। इसको देखते हुए हरियाणा में कांग्रेस ने मुख्यमंत्री चुनने की तैयारी शुरू कर दी है, वहीं जम्मू-कश्मीर में भी हलचल बढ़ गई है। आज दोपहर तक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी की हरियाणा, जम्मू-कश्मीर में किसकी मंगल होगा। जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में 90-90 विधानसभा सीटों पर चुनाव हुए हैं। ऐसे में सरकार बनाने के लिए 46 सीटें चाहिए। कांग्रेस को उम्मीद है कि हरियाणा में वह 10 साल बाद सत्ता में



वापसी करेगी। दोनों ही राज्यों में मंगलवार को सुबह 8 बजे से वोटों की गिनती शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलट की गिनती होगी। इसका इस्तेमाल दिव्यांग, सुरक्षा बल और कुछ सरकारी अधिकारियों सहित आवश्यक सेवाओं में शामिल लोगों जैसे चुनिंदा समूह ही कर सकते हैं। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में दर्ज वोटों की गिनती की जाएगी। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर दोनों ही जगहों पर किसकी सरकार बनेगी ये दोपहर तक स्पष्ट हो जाएगा। यह चुनाव जम्मू और कश्मीर में आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद पहली बार हो रहे हैं, ऐसे में इनका विशेष महत्व है।जम्मू-कश्मीर में चुनाव तीन चरणों में हुए और एक अक्टूबर को आखिरी चरण की वोटिंग हुई थी। वहीं हरियाणा में विधानसभा चुनाव को लेकर 5 अक्टूबर को मतदान हुआ। वोटिंग के तुरंत बाद अलग-अलग एजेंसी के एग्जिट पोल भी सामने आए हैं। जिसमें ये अनुमान लगाया गया कि आखिर दोनों राज्यों में किस पार्टी की सरकार बनने के आसार हैं। चुनाव परिणाम से पहले सामने आए ज्यादातर एग्जिट पोल्स में जम्मू-कश्मीर में त्रिशंकुविधानसभा होने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या एनसी-कांग्रेस गठबंधन को बढ़त मिलने की स्थिति में पीडीपी 'किंगमेकर' की भूमिका निभाएगी?

### 40 फीसदी से ज्यादा वोट तभी बनेगी कांग्रेस सरकार

पिछले कुछ चुनाव के ट्रेंड के मुताबिक कांग्रेस तभी अकेले सरकार बना पाएगी जब उसे 40 फीसदी से ज्यादा वोट मिलेंगे। 2005 में कांग्रेस को 42.5 फीसदी वोट मिला था। उस दौरान कांग्रेस को 67 सीटे मिली थी। 2009 में 40 फीसदी से कम वोट मिले तो कांग्रेस की सीटें खिसककर 40 पहुंच गई। वहीं, कांग्रेस के वोट प्रतिशत बढने और भाजपा के वोट बैंक स्थिर रहने पर तीसरे दल की भूमिका भी खत्म होती है। 2005 में 42 फीसदी वोट मिलने पर तीसरे दल की कोई भूमिका नहीं थी। वहीं, 2019 में जब कांग्रेस का वोट प्रतिशत 30 फीसदी से नीचे आया तो तीसरे दल की भूमिका के रूप में जजपा उभकर कर सामने आई। कांग्रेस इस बात को अच्छी तरह से समझती है, इसलिए उसने इस चुनाव में तीसरे दल भूमिका को सामने नहीं आने दिया।


कार्यालय – जिला मत्स्य पदाधिकारी, जामताड़ा

अति अल्पकालीन आमंत्रण पत्र
(इच्छा की अभिव्यक्ति के तहत् आमंत्रण)

एतद् द्वारा राज्यादेश संख्या 04 दिनांक 30.05.2024 के आलोक में जामताड़ा जिले के स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि समेकित मात्स्यिकी को बढावा देने हेतु जलाशय मत्स्य का विकास योजनान्तर्गत जलाशयों में मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन हेतु मेजर कार्प एवं ग्रास कार्प के तीन इंच से बड़े आकार के मत्स्य अंगुलिकाओं की आवश्यकता है जिसके लिए क्रय का सरकारी दर मेजर कार्प मो0– 750/– रू0 प्रति हजार (परिवहन व्यय सहित) एवं ग्रास कार्प मो0– 1,500/– प्रति हजार (परिवहन व्यय सहित) निर्धारित है।

अतः उक्त आलोक में इच्छुक सक्रिय मत्स्य बीज उत्पादकों से मेजर कार्प एवं ग्रास कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति हेतु ''इच्छा की अभिव्यक्ति'' का आमंत्रण दिनांक 15.10.2024 को अपराह्न 4.00 बजे तक निर्धारित की जाती है। स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को समान दर पर प्राथमिक्ता दी जायेगी।

▶ मेजर कार्प एवं ग्रास कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं के आपूर्ति से सम्बंधित भार्ते निम्नवत होंगे :–

1. आपूर्तिकर्त्ता/ मत्स्य बीज उत्पादक को जलाशयों तक मेजर कार्प एवं ग्रास कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं को अपने खर्च पर जीवीत तथा स्वस्थ अवस्था में पहुँचाना होगा।
2. आपूर्तिकर्त्ता/ मत्स्य बीज उत्पादक के द्वारा जिस तालाब में मेजर कार्प एवं ग्रास कार्प की मत्स्य अंगुलिकाएँ तैयार किया जा रहा है, उस तालाब का पूर्ण विवरणी/मत्स्य बीज की उपलब्धता एवं पूर्ण पता से कार्यालय को अवगत कराना अनिवार्य होगा, जिससे संचयन के पूर्व उनकी जाँच कराई जा सके, विवरण प्रस्तुत करने हेतु विहित प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। एक तालाब में एक ही बीज उत्पादक का दावा मान्य होगा।
3. आपूर्तिकर्त्ता/ मत्स्य बीज उत्पादक के द्वारा आपूर्ति किये गए मेजर कार्प एवं ग्रास कार्प के मत्स्य अंगुलिकाओं की गुणवत्ता सही नहीं होने पर आपूर्ति स्थल से बिना कारण बताये वापस कर दिया जायेगा, इसके लिए किसी प्रकार के परिवहन व्यय भुगतान विभाग द्वारा नहीं किया जायेगा और न ही भुगतान संबंधी कोई दावा मान्य होगी।
4. एक मत्स्य बीज उत्पादक से न्यून्तम 50 हजार तथा अधिकतम 2 लाख मत्स्य बीज (मेजर कार्प अंगुलिका) ही क्रय किया जायेगा।
5. आपूर्तिकर्त्ता/ मत्स्य बीज उत्पादक के प्रस्ताव/ आवेदन अथवा उनके द्वारा प्रदत मेजर कार्प एवं ग्रास कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं को रदद् अथवा अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
6. प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को मत्स्य बीज प्रशिक्षण संबंधी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी,
जामताड़ा

PR 338183 Fish(24-25)#D

# वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने दुर्गापूजा पंडालों का किया निरीक्षण





धनबाद, दुर्गा पूजा के अवसर पर पूजा को शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द के बीच संपन्न कराने के साथ ही सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से सोमवार को एसएसपी, हृदीप पी जनार्दनन ने शहर के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। ज्ञात हो की एसएसपी के नेतृत्व में बाइक पर सावर होकर पुलिस पदाधिकारियों का दल पुलिस केंद्र से निकलकर जिले के कई क्षेत्रों से होकर गुजरा। निरीक्षण के दौरान हीरापुर, झारखंड मैदान, लूबी सर्कुलर रोड, सिटी सेंटर, बेकरबाँध, रांगाटांड, बैंकमोड, धनसार चौक, नया बाजार, वासेपुर, भूली, पॉलिटेक्निक होते हुए गुजरा। इस दौरान एसएसपी, ने पूजा पंडालों का निरीक्षण करते हुए समिति के सदस्यों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा है कि सभी जगहो पर पर्याप्त बल की तैनात कर दी गई है। इसके साथ ही पूजा पंडालो व मेले की निगरानी सीसीटीवी से की जायेगी। उन्होने सुरक्षा के मद्देनजर सभी पूजा समितियों से सजग रहने को कहा साथ ही सभी पंडाल में कमिटी द्वारा पर्याप्त वोलेंटियर नियुक्त करने का निर्देश दिया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान आसामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सादे लिबास में बड़ी संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके साथ ही सभी क्षेत्रो पर पैनी निगाह रखी जा रही है। शरारती तत्वो से सख्ती से निपटने के लिए पुलिस को हर समय तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। उन्होने कहा कि किसी भी तरह की गड़बड़ी करने वालो के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। दुर्गा पूजा के दौरान जनता के नाम जारी संदेश में एसएसपी ने कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों के जेब में अपना नाम पता और मोबाइल नम्बर एक पर्ची में लिखकर रख दें। इसके अलावे गाड़ी को चिन्हित पार्किंग में ही पार्क करने व बाइक में डबल लॉक लगाने को कहा। उन्होंने भीड़भाड़ में अपने कीमती सामानो और गहनों की देखरेख करने की अपील भी की। एसएसपी ने कहा की पुलिस की विशेष टीम सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर निगरानी रख रही है। किसी भी तरह के आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। आगे उन्होंने आम नागरिकों से किसी भी लावारिस वस्तु को न छुने और किसी भी तरह के संदेहास्पद व्यक्ति की सूचना हेल्पलाइन नम्बर 112 या फिर पुलिस कंट्रोल रूम के नम्बर 8210840901 अथवा 03262311217 पर जानकारी देने की अपील की। सूचना देने वालों के नाम गुप्त रखे जाएंगे। विदित हो की शहर के विभिन्न मंदिरों में मां दुर्गे की पूजा अर्चन हो रही है। जहां सप्तमी को माता का पट खुलते ही मेला जैसा दृश्य हो जायेगा। इनमें अष्टमी एवं नवमी तिथि को लोगों की भारी भीड़ सड़को पर देखने को मिलती है। फलस्वरूप एसएसपी ने आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर पूजा पंडाल की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी, हृदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी, अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी,कपील चौधरी, डीएसपी विधि व्यवस्था, नौशाद आलम, डीएसपी ट्रैफिक, अरविंद सिंह समेत कई पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

## बीसीसीएल ने सभी कर्मचारियों को पूजा से पहले किया बोनस का भुगतान




धनबाद। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) ने इस वर्ष भी अपने सभी कर्मचारियों के बीच पूजा बोनस का सफलतापूर्वक वितरण कर दिया है। इस मद के तहत 30500 से अधिक कर्मचारियों को लगभग 280 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। इस वर्ष प्रत्येक कर्मचारी को 93,750 का बोनस मिला है। बीसीसीएल के सीएमडी श्री समीरन दत्ता ने कहा कि "कर्मचारियों में पूजा बोनस से खुशी का माहौल है। सभी कर्मियों को दुर्गा पूजा और दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि कर्मचारी हित हमेशा बीसीसीएल की प्राथमिकता रही है। हमें गर्व है कि हमने 9 अक्टूबर की निर्धारित तिथि से पहले ही आज 7 अक्टूबर को अपने सभी कर्मचारियों को सफलता पूर्वक भुगतान कर दिया है, ताकि आगामी त्यौहारों और उत्सव के समय में हमारे कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य त्यौहार का आनंद ले सकें।"सभी कर्मचारियों को समय पर बोनस का भुगतान सुनिश्चित करने की प्रक्रिया में वित्त विभाग, प्रणाली विभाग, विपणन एवं विक्रय और कार्मिक विभाग की अहम भूमिका रही है,

## दुर्गापूजा और आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने किया मॉक ड्रिल का अभ्यास



धनबाद, वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 1, शंकर कामती के नेतृत्व में पुलिस लाइन में दुर्गा पूजा और आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मॉकड्रिल का अभ्यास किया गया।मॉकड्रिल में गड़बड़ी करने वालो और दंगा फैलाने वाले लोगों से कैसे निपटा जाए इसके बारे में बताया गया। उपस्थित जवानों को रिहर्सल करवाया गया की यदि पर्व, त्योहार या चुनाव में कोई खलल डालने की कोशिश करे तो वैसे लोगों से कैसे निपटा जाए। इस दौरान जवानों को मॉकड्रिल के माध्यम से गड़बड़ी करने वालो से निपटने की ट्रेनिंग दी गई। पुलिस केंद्र में मॉकड्रिल के दौरान जिला बल के सैकड़ो जवान मौजूद थे।

## जिले में अवैध शराब व नशे के सामानों की बिक्री के खिलाफ पुलिस ने छेड़ी मुहीम



धनबाद। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बरोरा पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली। बरोरा थाना प्रभारी, जयप्रकाश के नेतृत्व में वाहन चेकिंग के दौरान सफेद रंग के फोर्ड एंडिवर गाड़ी से 50 लीटर का 20 गेलन जिसमें लगभग 1000 लीटर स्पिरिट जैसा तरल पदार्थ भरा हुआ जब्त किया गया 1 जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख रुपये है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाघमारा, पुरषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब व नशे के सामानों की बिक्री के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में की गई डेंगू, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस एवं मलेरिया के रोकथाम

### जांच और उपचार को लेकर समीक्षात्मक बैठक



धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में डेंगू, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस एवं मलेरिया के रोकथाम, जांच एवं उपचार समेत विभिन्न बिंदुओं को लेकर समाहरणालय स्थिति कार्यालय कक्ष में समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने डेंगू, चिकनगुनिया एवं मलेरिया के जांच हेतु टेस्ट किट की उपलब्धता, जिले में पिछले 1 माह में हुए कुल जांच रिपोर्ट की समीक्षा, पॉजिटिव पाए गए मरीजों के इलाज की समीक्षा, दवाईयों की उपलब्धता, डेथ केस की समीक्षा, निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य की समीक्षा, एण्टी लार्वा केमिकल का छिड़काव, वार्ड वाईज फॉगिंग और साफ सफाई कराने समेत विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा की।

सिविल सर्जन ने बताया कि मलेरिया व डेंगू के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर मच्छर के लार्वा की जांच कर रही है। उपायुक्त ने लक्ष्य के अनुरूप जांच नही करने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने जांच की गति को बढ़ाने एवं पॉजिटिव मरीजो को सही उपचार देने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी के स्वास्थ्य से लापरवाही करने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त ने बाघमारा, निरसा एवं गोविंदपुर में एन्टी मलेरिया प्रोग्राम की खराब स्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने आखिरी तीन महीने में डेंगू एवं मलेरिया से हुए मरीजों के डेथ की रिपोर्ट उपलब्ध कराने हेतु सिविल सर्जन को निर्देशित किया।मौके पर अपर समाहर्ता, विधि व्यवस्था, पीयूष सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ, चंद्रभानु प्रतापन, डब्ल्यूएचओ सर्विलेंस ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार तिवारी, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार, जिला वीबीडी कंसलटेंट, रमेश सिंह, एसएनएमएमसीएच के अधीक्षक, डॉ, एस.के. चौधरी, माइक्रो बायोलॉजिस्ट एसएनएमएमसीएच समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे ।

## विस चुनाव के आलोक में मास्टर ट्रेनरों को दिया प्रशिक्षण



धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, माधवी मिश्रा के निर्देश पर आगामी विधान सभा निर्वाचन 2024 के आलोक में कंबाइंड बिल्डिंग परिसर स्थित डीआरडीए हॉल में मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया।इस दौरान मॉक पोल डाटा को डिलीट करने, समय पर डाटा का संप्रेषण करने, 1200 से अधिक वोटर वाले मतदान केंद्रों पर सेकंड पोलिंग ऑफिसर की तैनाती करने, वोटर टर्नआउट, वेब कास्टिंग, पोलिंग पार्टी के कार्य, बीएलओ के कार्य, वॉलंटियर, माइक्रो आब्जर्वर, सेक्टर ऑफिसर आदि बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती निशु कुमारी, सहायक नगर आयुक्त, प्रसून कौशिक मौजूद रहे। वहीं मुख्य प्रशिक्षक, दिलीप कुमार कर्ण, राज कुमार वर्मा, कुमार वंदन, उमेश लाल, महफूज आलम, ब्रज किशोर चौबे, आलोक तिवारी, सुभाष आदि का सराहनीय योगदान रहा। प्रशिक्षण मंगलवार को भी जारी रहेगा ।

## उदय प्रताप सिंह ने मां दुर्गा की कलश स्थापना कर झारखंडवासियों के सुख समृद्धि की कामना की



धनबाद । समाजसेवी उदय प्रताप सिंह हर वर्ष की भांति नवरात्रि में कलश स्थापना कर अपने आवास पर पूरे परिवार के साथ पूजा पाठ कर रहे हैं। कलश स्थापना एवं पाठ हजारीबाग से आए हुए आचार्य कामेश्वर पांडे के द्वारा हो रहा है ।उदय प्रताप सिंह ने कहा हिंदू धर्म में नवरात्रि के दौरान कलश स्थापना का विशेष महत्व होता है 1 कलश को देवी की शक्ति का प्रतीक माना जाता है और इसकी स्थापना शुभता,समृद्धि और पवित्रता का प्रतीक है। मैं माता रानी से यही कामना करता हूं की तमाम झारखंड व कोयलांचल वासियों को सुख, समृद्धि प्रदान कर स्वस्थ व निरोग रखे। साथ ही सभी को पूजा पंडाल में भ्रमण होने के दौरान अनुशासन एवं सतर्कता बरतने की अपील की 1 साथ ही उन्होंने कहा की जिला प्रशासन एवं धनबाद पुलिस को उनके द्वारा निर्धारित मार्गो पर आवागमन में सहयोग करें। भीड़ भाड़ में सामाजिक तत्वों से सावधान रहे, निकट पंडाल के सदस्यों या पुलिस को इसकी तत्काल सूचना दें । सभी को मंगलदायक एवं आनंदमय दुर्गापूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दी ।

## आईआईटी,आईएसएम के फैकल्टी मेंबर्स ने आदिवासी छात्रों को सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस फॉर ट्राइबल डेवेलपमेंट कार्यक्रम के रूप में आईटी और कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया





धनबाद, आईआईटी,आईएसएम, धनबाद के फैकल्टी मेंबर्स (संकाय सदस्यों) की एक टीम ने आज पश्चिम सिंहभूम के तोरसिंदरी में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का दौरा किया। आईआईटी,आईएसएम में जनजातीय विकास के लिए उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) की समन्वयक प्रो. रश्मि सिंह के नेतृत्व में टीम ने लाभार्थी छात्रों के साथ बातचीत की और क्षमता निर्माण कार्यक्रम के रूप में दिए जा रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया। अन्य सदस्य के रूप में प्रबंधन अध्ययन और औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग (डीएमएस एंड आईई) के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीलाद्री दास की टीम ने जनजातीय छात्रों को करियर उत्कृष्टता और विकास आदि के संदर्भ में कंप्यूटर प्रशिक्षण के लाभों से अवगत कराया।दोनों ने छात्रों के साथ बातचीत के दौरान न सिर्फ उन्हें तकनीकी ज्ञान प्रदान किया, बल्कि उन्हें प्रेरक मार्गदर्शन भी प्रदान किया और अध्ययन सामग्री आदि का विवरण लिया। प्रो. रश्मि सिंह ने कहा, "छात्रों ने सत्र में काफी उत्साहपूर्वक भाग लिया और वे सूचना प्रौद्योगिकी के नए कौशल को प्राप्त करने और लागू करने के लिए उत्सुक थे।

उन्होंने कहा कि वे इस तरह के उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण को प्राप्त करने में काफी संतुष्ट दिखाई दी 1 साथ ही उन्होंने कहा की प्रौद्योगिकी के साथ जुड़ने में उनका विश्वास बढ़ा दिया है। प्रो. सिंह ने आगे कहा, उनका मानना है कि इन नए कौशलों से उनके भविष्य के शैक्षिक और कैरियर मार्गों को बहुत लाभ होगा 1 साथ ही क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम डिजिटल विभाजन को पाटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है, जो झारखंड में यंग माइंडस को आधुनिक दुनिया के लिए आवश्यक कौशल के साथ सशक्त बनाता है। उल्लेखनीय है कि आईआईटी में जनजातीय विकास के लिए सीओई द्वारा इस वर्ष 1 जुलाई से ईएमआरएस काठीजोरिया, ईएमआरएस बेसिया, ईएमआरएस तसरिया, ईएमआरएस सलगडीह, ईएमआरएस कुजरा, ईएमआरएस तोरसिंदरी और ईएमआरएस भोगनाडीह सहित कुल मिलाकर सात एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में बुनियादी और उन्नत स्तर के सूचना प्रौद्योगिकी और कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम प्रदान किया जा रहा है 1

## पानी, बिजली की आपूर्ति की मांग को लेकर रोड को किया जाम

धनबाद, (अलकडीहा, संवाददाता ), लोदना कोलियरी के 4,8 नंबर व बंद तार प्लांट क्वाटर मोहल्ला के तीन हजार आबादी को पिछले एक माह पानी बिजली बाधित रहने के कारण ग्रामीणों ने सोमवार को पानी, बिजली की मांग को लेकर भागा जाने वाली मुख्य मार्ग लोदना 6 नम्बर के पास रोड़ जाम कर दिया। रोड जाम होने से कोयला की ट्रांसपोर्टिंग ठप्प हो गई। सुचना पाकर आउटसोर्सिंग प्रबंधक आर रेड्डी ने सड़क जाम कर रहे ग्रामीणों को अश्वासन देकर ग्रामीणों से आंदोलन समाप्त कराने की कोशिश की ,लेकिन ग्रामीणों अपनी मांगों पर अड़े रहे । बाद में लोदना ओपी पुलिस व पीओ अरुण कुमार पांडेय पहुंचे । ग्रामीणों से वार्ता कर दो दिनों के अंदर हरहाल में पीट वाटर सप्लाई करने व नियमित रूप से बिजली देने का अश्वासन दिया इसके बाद ग्रामीणों ने दो घंटा बाद दोपहर को रोड़ जाम समाप्त कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक माह से बंद लोदना एक नंबर पीट मे मोटर पंप खराब है 1 दुर्गा पूजा नवरात्र मे लोदना के 4,8,नंबर अन्य मोहल्ला में पिटवाटर की आपूर्ति ठप्प होने से लोगो को पानी के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है, लोगो को पानी के लिए भारी परेशानियां उठानी पड़ रही है , बाध्य होकर आंदोलन करना पड़ा 1 लोगों ने स्थानीय प्रबंधन पर परियोजना विस्तारीकरण को लेकर मुहल्ले को विस्थापित करने के उद्देश्य से जानबूझकर परेशान करने को बार बार कहने के बाद भी मोटर पंप की मरम्मत कराने में टालमटोल करते रहे हैं। बाध्य होकर ग्रामीणों को आज सड़क जाम आंदोलन करना पड़ा। आंदोलनकारियों ने प्रबंधन को चेतावनी दी की दो दिनों के अंदर जलापूर्ति नहीं होने के बाद पुनः आंदोलन करने को वे लोग बाध्य होंगे । मौके पर श्रवण पासवान, राजु प्रसाद, मो,इरशाद, मो,समशाद, मो, इरफान आदि मौजूद थे ।

## जिला प्रशासन एवं पुलिस खुद को हाईटेक बनाने के क्रम में एक नई पहल की शुरुआत की

धनबाद , (जोड़ापोखर, संवाददाता), जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा खुद को हाईटेक बनाने के क्रम में एक और नई पहल की शुरुआत की है। जोड़ापोखर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा विभिन्न क्षेत्रों मे "रक्षक" नामक क्यू आर कोड विभिन्न चौक चौराहा और दुकान ,प्रतिष्ठान पर लगाया जा रहा है। यह क्यू आर कोड क्षेत्र के कई प्रतिष्ठान , बैंक एटीएम, सिनेमा घर, हॉस्पिटल,कोचिंग सेंटर,पार्क , रेस्टोरेंट, शॉपिंग मॉल समेत कई भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों मे लगाया गया है । क्यू आर कोड लगाने की प्रक्रिया पिछले तीन से चार दिनों से चल रही है। हालांकि जब पुलिसकर्मी किसी जगह पर क्यू आर कोड चिपका रहे है तो लोगों को समझ नही आ रहा की आखिर यह क्या नया माजरा है। दर असल पुलिस द्वारा जो क्यू आर कोड क्षेत्र मे लगाया जा रहा है उसका संबंध पुलिस की पेट्रोलिंग मॉनिटरिंग व्यवस्था से है। पेट्रोलिंग के दौरान सुरक्षा गार्ड, पुलिस या सिपाही जिस भी क्षेत्र मे गश्त कर रहे होंगे तो दीवाल पर लगे क्यू आर कोड के माध्यम से सुनिश्चित करेंगे कि इस वक्त वो किस क्षेत्र मे मौजूद है। पुलिस टीम के लिए खासतौर पर बनाया गया यह क्यू आर कोड आम नागरिकों के मोबाईल में काम नही करेगा। जोड़ापोखर अंचल निरीक्षक पंकज भूषण ने बताया की रक्षक नामक एप्लीकेशन के जरिए कंट्रोल करते है की पेट्रोलिंग जवान कहा जा रहे है और किस क्षेत्र मे मौजूद है 1 उसका हमें विस्तृत जानकारी मिलते रहेगा। पेट्रोलिंग मे मौजूद जवान दीवार पर लगे क्यू आर कोड को जैसे स्कैन करेंगे, वैसे ही कंट्रोल रूम मे सूचना मिल जाएगी। इससे लोगों को भी सुनिश्चित हो जाएगा की इस वक्त पैट्रोलिंग दल किस कौन कौन क्षेत्र मे मौजूद है।

## आठवां नेशनल पिकल बॉल चैंपियनशिप में झारखंड की टीम का शानदार प्रदर्शन

धनबाद, तीन दिवसीय आठवां नेशनल पिकल बॉल चैंपियनशिप का रविवार को पानीपत में पुरुस्कार और समापन समारोह संपन्न हुआ।इस चैंपियनशिप में झारखंड की टीम ने प्रभात कुमार के नेतृत्व में दमदार प्रदर्शन किया। जिसमें झारखंड के प्रतिभावान खिलाड़ी सोनू कुमार ने पुरुष वर्ग में महाराष्ट्र के कुलदीप महाजन को हरा कर गोल्ड मेडल जीता।जबकि झारखंड के आदित्य प्रजापति और जीगर विश्वकर्मा ने महाराष्ट्र के टीम को हरा कर कांस्य पदक बालक वर्ग मे जीता और मो. शाहिद और चंदन प्रजापति ने पुरुष वर्ग मे कांस्य पदक जीता।झारखंड पिकलबॉल उपाध्यक्ष बी सुधीर ने बताया कि धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में झारखंड की टीम का चयन किया था जिसमें वे खरे उतरे उन्होंने सोनू,आदित्य प्रजापति ,जीगर विश्वकर्मा मो. शाहिद, चंदन एवं झारखंड के सभी प्रतिभागियों को प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए बधाई दिया और कहा की शीघ्र ही पिकलबॉल के और भी टूर्नामेंट आयोजित की जाएगी जिसमें भारत में तेजी से उभर रहे इस खेल में लोकल खिलाड़ियों का विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में चयन हो सके।

# सीएसआईआर, सीआईएमएफआर ने पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में "वन हेल्थ" पर जिज्ञासा कार्यक्रम का किया गया आयोजन






धनबाद, सीएसआईआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान, सीएसआईआर-सीआईएमएफआर ने आज पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, बेनागोरिया, निरसा, धनबाद में "वन हेल्थ" पर एक सूचनात्मक सत्र आयोजित किया। यह कार्यक्रम सीएसआईआर-जिज्ञासा पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य युवा दिमागों को मानव, पशु और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के बीच जटिल संबंध के बारे में शिक्षित करना है। इस अभियान ने यह समझने के महत्व पर प्रकाश डाला कि मनुष्य, पशु और पारिस्थितिकी तंत्र का स्वास्थ्य किस प्रकार परस्पर जुड़ा हुआ है। सत्र ने स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाने के लाभों के बारे में जानकारी प्रदान की, जो इन सभी क्षेत्रों में संतुलन और कल्याण को बढ़ावा देता है। जिज्ञासा कार्यक्रम का अवलोकन भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाने में इसकी भूमिका को रेखांकित किया गया।सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के विशेषज्ञों ने छात्रों को जूनोटिक बीमारियों, रोगाणुरोधी प्रतिरोध एएमआर, महामारी के प्रभाव, खाद्य मिलावट और पोषण सहित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा में शामिल किया। सत्र में स्वस्थ और रोग मुक्त जीवन जीने के लिए व्यावहारिक रणनीतियों पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय के 40 छात्रों और एक शिक्षक ने सक्रिय भागीदारी रही , जिन्होंने इन महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मुद्दों में गहरी रुचि दिखाई।

## महिलाओं को सम्मान नहीं दे सकते तो कम से कम अपमान करना बंद करे भाजपा : संतोष सिंह



धनबाद, भाजपा द्वारा गोगो दीदी योजना के नाम पर फार्म भरवा कर महिलाओं के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ करना तथा महिलाओं को दिगभ्रमित करने को लेकर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा का काम सिर्फ लोगों से झूठ बोलना,दिगभ्रमित करना, झूठे वादे करना और अब तो हद हो गई झारखण्ड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना मईया सम्मान योजना को भी हाईजैक करने की कोशिश की जा रही है 1 साथ ही भाजपा षड़यंत्र कर गो गो दीदी योजना का फर्जी फार्म भरवा कर राज्य कि गृहणी महिलाओं, माता बहनों को दिगभ्रमित कर ठगने का काम कर रही है तथा ऊन्हे धोखा देकर ऊनके मान सम्मान को भी ठेस पहुँचाने का काम कर रही है। इस संबंध में गिरिडीह जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक द्वारा ज्ञापांक 473 दिनांक 05-10-2024 के पत्र के माध्यम से आम जनता को इस तरह की फर्जी आवेदन से बचने की अपील की गई है। आगे श्री सिंह ने कहा कि भाजपा इस तरह की ओछी राजनीति करना बंद करे। उन्होंने कहा की आप महिलाओं को सम्मान नही दे सकते तो कम से कम अपमान तो न करें। इस संदर्भ में ऊन्होनें धनबाद जिला प्रशासन को इस संबंध में संज्ञान लेने की अपील की 1 साथ ही फर्जी लोगों द्वारा फर्जी फार्म भरवाने पर कानूनी कार्रवाई करने की बात भी कही ।जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा पांच निश्चय योजना झुठ की बुनियाद पर टिका है1 भाजपा झुठ प्रपंच की पार्टी बन गई है ।वादा तो करती है मगर पुरा नही करती है 1 चुनाव के बाद कह देगी वो तो जुमला है। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा हजारो करोड के जहाज मे घुमने वाला नौ करोड के BMW में चलने वाला वाला और लाखो के रूपए का मंच से प्रवचन देने वाला प्रधानमंत्री कहते हैं कि फकीर हुं 1 जब देश का फकीर ऐसे होते हैं, तो अमीर कैसे होते हैं।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▸समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।